* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 290 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शुक्रवार, 20 मार्च 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर में लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### 31 मार्च को राष्ट्रपति राजगीर आयेंगी

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 मार्च को राजगीर का दौरा करेंगी। वे नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका पहला नालंदा दौरा होगा, जिसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति सबसे पहले नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचेंगी और दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस दौरान वे छात्रों को संबोधित करेंगी और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करेंगी।

### जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सीएम नीतीश ने किया नामांकन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहे हैं लेकिन अपनी पार्टी जनता दल यू की कमान वे अपने हाथ में ही रखेंगे। नीतीश फिर से जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को इसके लिए नामांकन भी कर दिया। नीतीश का पिछले 14 दिनों के भीतर यह दूसरा नामांकन है। इससे पहले 5 मार्च को उन्होंने पटना में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया था।

### आतंकियों से लोहा लेते बिहार का लाल शहीद

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोरवा हलई थाना क्षेत्र के लोदीपुर नारायण गांव निवासी सेना के जवान सीताराम यादव आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए। वह जम्मू-कश्मीर में तैनात थे और एक आतंकी हमले के बाद चलाए जा रहे ऑपरेशन में शामिल थे। श्री यादव वर्ष 2002 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में भाग लिया था।

### मुंगेर में मुख्यमंत्री ने दी 119 करोड़ की योजनाओं की सौगात

# जनता के हित में निरंतर काम कर रही सरकार : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** समृद्धि यात्रा' के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को मुंगेर पहुंचे। यहां उन्होंने 119 करोड़ के योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही जीविका दीदियों की ओर से लगाए स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लालू-राबड़ी शासनकाल पर हमला भी बोला। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री व सांसद राजीव रंजन सिंह तथा बिहार सरकार में मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम सफियाबाद हवाई अड्डा परिसर में आयोजित हुआ। पोलो मैदान पर उतरने के बाद उन्होंने संग्रहालय के समीप बने जिला उद्योग केंद्र का उद्घाटन किया और कष्टहरणी घाट पर गंगा पथवे के प्रस्तावित एलाइंमेंट का अवलोकन किया। इसके अलावा पंचायती राज सभागार तथा भगत सिंह चौक स्थित पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के संयुक्त भवन का भी लोकार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और केंद्र सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने वर्ष 2005 के बाद बिहार में कानून-व्यवस्था, शिक्षा, सड़क और बिजली के क्षेत्र में हुए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार जनता के हित में निरंतर काम कर रही है।



## कजरा में बनेगा देश का सबसे बड़ा सोलर प्लांट : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुंगेर के सफियाबाद से भागलपुर तक करीब 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से मरीन ड्राइव का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा रक्सौल से हल्दिया तक बनने वाले एक्सप्रेसवे से कोलकाता की दूरी घटकर 5 से 6 घंटे रह जाएगी जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि लखीसराय के कजरा में देश का सबसे बड़ा सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उपमुख्यमंत्री ने मुंगेर को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने की योजना का भी उल्लेख किया, जिसमें मां चंडिका स्थान, सीताकुंड, तेलडीहा मंदिर और भीमबांध जैसे स्थलों का विकास शामिल है। उपमुख्यमंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे में हुए विस्तार का जिक्र करते हुए कहा कि सड़कों का नेटवर्क 6 हजार किलोमीटर से बढ़कर करीब 1.40 लाख किलोमीटर हो गया है जबकि राज्य का बजट 23 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2005 से 2025 के बीच 57 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है और आगे भी उद्योग, आईटी (शेष पृष्ठ 11 पर)



## तालाब में डूबने से दंपति की मौत

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भरवाड़ा बाजार स्थित एक तालाब में डूबने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान सनाउलाह और उनकी पत्नी इसरत परवीन के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पति-पत्नी सुबह शौच के लिए तालाब की ओर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से एक के पानी में गिरने की आशंका है। दूसरे ने बचाने की कोशिश की लेकिन दोनों गहरे पानी में समा गए। अंधेरा होने के कारण घटना की जानकारी किसी को नहीं हो सकी। सुबह रोशनी होने के बाद जब ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा थाना पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।

## इंजीनियरिंग के तीन छात्रों की सड़क हादसे में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के सालेहपुर मोड़ और गौढ़ापर के बीच शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी जिसमें सवार नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्रों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान आशीष कुमार, राहुल कुमार और उत्सव सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि उत्सव सिंह की मौत पटना में इलाज के दौरान हुई। वहीं, घायल धीरज कश्यप और शशिकांत कुमार का इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चंडी की ओर से काफी तेज गति में आ रही थी। गौढ़ापर के पास (शेष पृष्ठ 11 पर)




समृद्धि यात्रा

बिहार सरकार

श्री नीतीश कुमार

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

के कर कमलों द्वारा

गया जिला में

₹377 करोड़ की लागत से 140 योजनाओं का शिलान्यास

₹367 करोड़ की लागत से 553 योजनाओं का उद्घाटन

जिलांतर्गत क्रियान्वित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

एवं

जनसंवाद

तथा

औरंगाबाद जिला में

₹555करोड़ की लागत से 120 योजनाओं का शिलान्यास

₹123 करोड़ की लागत से 142 योजनाओं का उद्घाटन

जिलांतर्गत क्रियान्वित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

एवं

जनसंवाद

विशिष्ट अतिथि

श्री सम्राट चौधरी
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार

श्री विजय कुमार सिन्हा
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार

गरिमामयी उपस्थिति

माननीय सांसद, माननीय सदस्य, बिहार विधान मंडल एवं जिला के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण

समृद्धि यात्रा सुशासन से समृद्धि

PR No. 026884 (District)D. 2025-26

20 मार्च 2026

इस कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं!

गया एवं औरंगाबाद









# बागवानी किसानों के लिए 'एटीएम' : राम कृपाल यादव

## परंपरा से प्रगति तक: बिहार में बागवानी क्रांति की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में बागवानी क्षेत्र को नई दिशा देने की पहल के तहत कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा 21 से 23 मार्च 2026 तक ज्ञान भवन, पटना में तीन दिवसीय 'बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कॉनक्लेव, 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी कृषि भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने दी। उन्होंने बताया कि 'परंपरा से प्रगति तक' थीम पर आधारित यह बिहार का पहला राष्ट्रीय स्तर का आयोजन है जिसका उद्देश्य बागवानी और नर्सरी प्रबंधन को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाना है। इस कॉनक्लेव में देशभर के प्रमुख नर्सरी संचालक, ग्रोवर, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक, उद्यान विशेषज्ञों के साथ बिहार के किसान और व्यवसायी एक मंच पर जुटेंगे और नवाचारों व अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे। राम कृपाल यादव ने कहा कि यह आयोजन राज्य में बागवानी फसलों के उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक तकनीक, उन्नत पौध किस्मों और बाजार के अवसरों से किसानों और नर्सरी संचालकों को जोड़ने का यह एक प्रभावी माध्यम बनेगा। टिश्यू कल्चर और उन्नत नर्सरी प्रबंधन के जरिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली पौध सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी जिससे उत्पादन में गुणात्मक सुधार संभव होगा। कॉनक्लेव में राष्ट्रीय और बिहार पवेलियन के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीकों, नवाचारों और प्रीमियम पौध सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने बागवानी को किसानों का 'एटीएम' बताते हुए कहा कि यह कम समय में अधिक लाभ देने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में बागवानी को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है और किसान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। यह आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। जलवायु-अनुकूल और उच्च लाभकारी बागवानी फसलों पर ध्यान केंद्रित करने से किसानों की आय में वृद्धि होगी और बिहार कृषि-व्यवसाय का नया केंद्र बन सकता है। आयोजन में डिजिटल तकनीकों का भी व्यापक उपयोग किया जाएगा। क्यूआर कोड और इंटरैक्टिव कियोस्क के माध्यम से आगंतुकों को सभी जरूरी जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध होगी। बच्चों के लिए 'ग्रीन इनोवेशन जोन' बनाया गया है जहां वे पर्यावरण और खेती से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

# जब युवा सोचते हैं तो राष्ट्र आगे बढ़ता है : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार विधानसभा में विकसित भारत युवा संसद 2026 का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा के केंद्रीय सभागार में मेरा युवा भारत, पटना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के प्रस्तुति मूल्यांकन के लिए डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में जूरी का गठन किया गया जिसमें श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय सिंह (टाइगर), सूचना प्रौद्योगिकी एवं खेल विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह तथा सदस्य के रूप में नीतीश मिश्रा, राणा रणधीर, मंजीत कुमार सिंह, संगीता कुमारी, दीपा कुमारी, बाबुलाल शौर्य, शुभानंद मुकेश और कौशल किशोर, सचिव, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग शामिल रहे। जूरी के सदस्यों की उपस्थिति में राज्य के 37 जिलों से चयनित 184 युवा प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिससे उनमें उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि युवा संसद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब युवा सोचते हैं तो राष्ट्र आगे बढ़ता है और जब युवा अपनी बात रखते हैं तो लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है जहां एक ओर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है तो दूसरी ओर आधुनिक तकनीकी की शक्ति। 'विकसित भारत' का सपना तभी साकार होगा जब युवा जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि अवसर सृजित करने वाला बन रहा है और स्टार्टअप, डिजिटल इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों में उनकी भागीदारी देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ख्याति सिंह को विधानसभा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव-सह-संयुक्त सचिव के पद से विरमित होने के बाद पटना उच्च न्यायालय में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में नियुक्त हुईं ख्याति सिंह को अंगवस्त्र और बुके भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ख्याति सिंह ने सभा सचिवालय में अपने कार्यकाल के दौरान संयुक्त सचिव और प्रभारी सचिव के रूप में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक और कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उनका व्यवहार सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के प्रति सहयोगात्मक और सौहार्दपूर्ण रहा जिससे कार्य वातावरण सकारात्मक बना रहा। उन्होंने कहा कि ख्याति सिंह अपने कार्यों और दायित्वों के प्रति अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबद्ध रहीं जिसका लाभ संस्था को निरंतर मिला। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने नए दायित्वों का निर्वहन भी इसी दक्षता और समर्पण के साथ करेंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली और अनुभव नई भूमिका में भी उपयोगी साबित होंगे। इस मौके पर सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने ख्याति सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल की सराहना की।

## विश्व गौरैया दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार का संदेश, संरक्षण के लिए जागरूकता पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि पक्षियों की सुरक्षा केवल उनके अस्तित्व के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं के कारण गौरैया और अन्य शहरी पक्षियों के अस्तित्व पर खतरा बढ़ता जा रहा है, ऐसे में इनके संरक्षण की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और उनके संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देना है। डॉ. प्रेम कुमार ने जानकारी दी कि विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की नेचर फॉरएवर सोसायटी और फ्रांस की इको-सिस एक्शन फाउंडेशन की पहल पर की गई थी। उन्होंने कहा कि यह पहल वैश्विक स्तर पर पक्षियों के संरक्षण के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बिहारवासियों से अपील करते हुए कहा कि गौरैया राज्य का राजकीय पक्षी है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने आसपास के पर्यावरण को सुरक्षित और अनुकूल बनाए रखें तो गौरैया सहित अन्य पक्षियों का अस्तित्व भी सुरक्षित रह सकता है।

# पीएलआई पर डीएफएस के निर्देश का यूएफबीयू ने किया विरोध

## औद्योगिक सौहार्द पर खतरे की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने वित्त मंत्रालय के अधीन डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज (डीएफएस) द्वारा 18 मार्च 2026 को जारी उस निर्देश पर गंभीर आपत्ति जताई है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को स्केल चार से स्केल आठ तक के अधिकारियों तथा एसबीआई के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर्स को परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) देने की सलाह दी गई है। यह निर्देश 19 नवंबर 2024 की संशोधित पीएलआई योजना और संबंधित बैंकों की बोर्ड स्वीकृत नीतियों के तहत जारी किया गया है। यूएफबीयू ने कहा कि यह कदम समय से पूर्व और अनुचित है क्योंकि पीएलआई का मुद्दा वर्तमान में मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के समक्ष सुलह प्रक्रिया में विचाराधीन है। 9 मार्च 2026 को हुई हालिया बैठक में भी इस विषय पर चर्चा हुई थी और स्केल चार से सात के अधिकारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीएलआई पर आगे की प्रक्रिया सुलह और द्विपक्षीय वार्ता से तय करने पर सहमति बनी थी। ऐसे में मात्र नौ दिन बाद डीएफएस द्वारा निर्देश जारी करना सुलह प्रक्रिया को निष्प्रभावी बनाता है। यूएफबीयू ने आरोप लगाया कि यह निर्णय बैंकिंग क्षेत्र में छह दशकों से स्थापित द्विपक्षीय औद्योगिक संबंधों की भावना के विपरीत है। मौजूदा व्यवस्था में पीएलआई बैंक के समग्र प्रदर्शन से जुड़ा होता है और सभी के लिए समान दर पर लागू होता है जबकि नई योजना व्यक्तिगत प्रदर्शन आधारित है जिससे कर्मचारियों में विभाजन और असंतोष पैदा होगा। संघ ने इस योजना के वित्तीय प्रभावों पर भी चिंता जताई है। वर्तमान में पीएलआई अधिकतम 15 दिन के मूल वेतन और महंगाई भत्ते तक सीमित है जबकि नई योजना में स्केल चार और उससे ऊपर के अधिकारियों को 365 दिन तक का पीएलआई देने का प्रावधान है,जिससे व्यय में लगभग पंद्रह गुना वृद्धि हो सकती है। इसे वित्तीय अनुशासन और संसाधनों के संतुलित उपयोग के खिलाफ बताया गया है। यूएफबीयू ने कहा कि इससे 95 प्रतिशत कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ असमानता पैदा होगी और कार्यस्थल पर मनोबल, टीम वर्क और औद्योगिक सौहार्द प्रभावित होगा। संघ ने यह भी उल्लेख किया कि वैश्विक स्तर पर बेल कर्व और फोर्स्ड रैंकिंग आधारित मूल्यांकन प्रणाली को माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी, एक्सेंचर, डेलॉइट जैसी कंपनियों तथा भारत में एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ने छोड़ दिया है। यूएफबीयू ने चेतावनी दी कि यदि सुलह प्रक्रिया के दौरान इस तरह का एकतरफा निर्णय लागू किया गया तो बैंकिंग क्षेत्र में असंतोष बढ़ सकता है और कर्मचारी वैधानिक आंदोलन के लिए बाध्य हो सकते हैं। संघ ने डीएफएस, इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से अपील की है कि 18 मार्च 2026 के निर्देश को फिलहाल स्थगित रखा जाए और इस मुद्दे का समाधान स्थापित परामर्श और सुलह तंत्र के माध्यम से किया जाए।

## चेन पुलिंग में 514 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 1570 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत मार्च माह में 1 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 514 लोगों को हिरासत में लिया गया तथा इनसे जुर्माने के रूप में 01 लाख 46 हजार रुपये वसूल किये गए। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 230 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 101, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 73, सोनपुर मंडल में 66 तथा धनबाद मंडल में 44 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया।

# बिहार में अल्ट्राटेक सीमेंट का 1,200 करोड़ का निवेश, करीब एक हजार रोजगार के अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा लगभग 1,200 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है जिससे करीब 1000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह निर्णय परियोजना स्वीकृति समिति के हालिया फैसलों के तहत लिया गया है जो उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देशानुसार आगे बढ़ाया गया। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने बताया कि परियोजना स्वीकृति समिति के निर्णय राज्य में निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में तेजी से बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों के बीच यह निवेश व्यापक विकास की कड़ी है। कुंदन कुमार ने जानकारी दी कि बांका जिले के कटोरिया औद्योगिक क्षेत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट लगभग 59.47 एकड़ भूमि पर सीमेंट निर्माण इकाई स्थापित कर रही है। इस परियोजना में लगभग 1,200 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इससे 1000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल राज्य के औद्योगिक ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। सीमेंट उद्योग आधारभूत संरचना क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लॉजिस्टिक्स, निर्माण और अन्य सहायक सेवाओं को भी बढ़ावा देता है जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ मिलेगा। इस पूरी प्रक्रिया में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की केंद्रीय भूमिका है जो उद्योगों को तैयार बुनियादी ढांचा, पारदर्शी भूमि आवंटन और सरल स्वीकृति प्रक्रिया उपलब्ध करा रहा है। इससे निवेश प्रस्ताव से लेकर परियोजना के क्रियान्वयन तक का समय काफी कम हुआ है जिससे राज्य निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बनता जा रहा है।

## सनातन धर्म सभा में होगा श्रीराम कथा का आयोजन 21 से



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सनातन धर्म के अंतर्गत नव वर्ष एवं रामनवमी के अवसर पर सनातन धर्म सभा, चौक पटना सिटी परिसर में भव्य श्री राम कथा का आयोजन आगामी 21 मार्च से प्रारंभ होगा। हरिद्वार से पधार रहे परम पूज्य स्वामी श्री चिदात्मानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से सात दिवसीय इस विहंगम कथा में आयोजक मंडल के सदस्यों द्वारा सभी को सादर आमंत्रित किया गया है। 21 मार्च को सुबह ईश्वर के आह्वान के साथ जल्ला हनुमान मंदिर से कलश में जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए सनातन धर्म सभा में पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात संध्या 3:00 से 6:00 बजे तक प्रतिदिन श्री राम कथा का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। 27 मार्च तक चलने वाले इस राम कथा के अंतर्गत 27 मार्च को भव्य भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा।

# भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत, सांस्कृतिक चेतना जागरण का आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर / वैशाली।** भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के आगमन के अवसर पर श्री राधा कृष्ण प्रकाश शोध संस्थान, हाजीपुर द्वारा एक विस्तृत संदेश जारी कर समाज में सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का आह्वान किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान द्वारा भारतीय नववर्ष को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और भारतीय पंचांग के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया गया। जारी संदेश में कहा गया कि भारतीय नववर्ष केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक है। विक्रम संवत का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ बताया गया है तथा सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित इस संवत को भारतीय गौरव का प्रतीक बताया गया। संस्थान ने अपने वक्तव्य में यह भी उल्लेख किया कि विक्रम संवत वैज्ञानिक आधार पर सूर्य एवं चंद्रमा की गति पर आधारित है जबकि ग्रेगोरियन कैलेंडर में समय गणना में त्रुटियों की संभावना बनी रहती है। भारतीय पंचांग की सटीकता और परंपरागत महत्व को रेखांकित करते हुए इसे अपनाने और प्रचारित करने की आवश्यकता बताई गई।

## होंडा ने दोपहिया उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में बढ़ाया कदम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि. ने देश में बढ़ती दोपहिया वाहन मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता विस्तार की घोषणा की है। कंपनी राजस्थान के अलवर जिले स्थित टपूकड़ा प्लांट में तीसरी नई प्रोडक्शन लाइन स्थापित कर रही है। यह नई प्रोडक्शन लाइन वर्ष 2028 तक शुरू होने की योजना है जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6,70,000 यूनिट होगी। इसके साथ ही प्लांट की कुल क्षमता बढ़कर 20.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी। कंपनी के अनुसार इस विस्तार से 2,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर कंपनी के प्रेसिडेंट एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि भारत मोबिलिटी परिवर्तन के नए दौर में प्रवेश कर रहा है और कंपनी इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

## एलपीजी की भारी किल्लत और बढ़ती कीमतों के खिलाफ पटना में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

### राजेश राम के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** इनकम टैक्स चौराहा, पटना में एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत एवं लगातार बढ़ती कीमतों के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों ने जोरदार प्रदर्शन किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का पुतला दहन किया गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने देश में उत्पन्न गैस सिलेंडर संकट को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत हो गई है और आम जनता को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में गैस के लिए लाइन में लगे बुजुर्गों की मौत की खबरें सामने आई हैं जो बेहद दुखद और चिंताजनक है।

## विद्यालयों में पाक कला सिखाना समय की मांग : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/दानापुर।** दानापुर स्थित स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में 'सृजनोत्सव' के अंतर्गत गुरुवार को 'लोकोत्सव' (व्यंजन मेला) का शानदार आयोजन किया गया। इस मेले में नन्हे विद्यार्थियों ने न केवल अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया, बल्कि उद्यमशीलता और प्रबंधन के गुर भी सीखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी एवं एपीसीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा आज के दौर में बच्चे शिक्षा और करियर के लिए कम उम्र में ही घर से बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में लड़का हो या लड़की दोनों के लिए पाक कला में निपुण होना अनिवार्य है। विद्यालयों को इसे अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए। पाक कला केवल कौशल नहीं, जीवन की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में टीम वर्क, वित्तीय प्रबंधन और उद्यमिता के कौशल विकसित होते हैं जो भविष्य में उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों की सराहना करते हुए कहा कि भोजन बनाने के साथ-साथ उसे बेहतर तरीके से परोसना भी एक कला है।

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने लांच किया धार्मिक कैलेंडर

### प्रदेश के मठ-मंदिरों और स्कूल-कॉलेज तक पहुंचेगा धार्मिक कैलेंडर : प्रो रणवीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** हिंदू नव वर्ष के प्रथम दिन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से धार्मिक कैलेंडर लॉन्च किया गया। इस कैलेंडर में हिंदी तिथि ग्रह नक्षत्र रितु के अलावा किस मौसम में क्या खाना उचित होगा इसकी चर्चा है। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणबीर नंदन ने कहा कि इस कैलेंडर के माध्यम से न्यास पर्षद सनातनियों को जीवन जीने की पद्धति की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा हिंदू नव वर्ष सिर्फ मानव जाति के लिए नहीं बल्कि पृथ्वी जड़ चेतन पशु पक्षियों और पेड़ पौधों के लिए भी है। इस बसंत ऋतु में ही नव वर्ष की शुरुआत होती है और इसी समय पर में नए पट्टे लगते हैं साथ ही इसी दिन पृथ्वी का भी प्रादुर्भाव हुआ था। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि इस कैलेंडर को प्रदेश के सभी 4:30 हजार मत मंदिरों के अलावा शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही इस कैलेंडर के माध्यम से उनकी अपील है कि इस विषय पर विश्वविद्यालय में भी शोध हो और नए-नए आयाम सामने आए। प्रो नंदन ने कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद की वर्तमान समिति के गठन के बाद समाज को एकजुट करने के लिए कई कार्यक्रम किए गए जिसमें सनातन समागम का आयोजन हुआ जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए थे।

## पंचरूपी हनुमान मंदिर में चैत नवरात्र पर हुआ कलश स्थापना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चैत नवरात्र के मौके पर राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में अलग-अलग दो कलश स्थापित कर नवरात्र पूजा की शुरुआत हुई। इस मौके पर मंदिर स्थित रामलला के सामने कलश स्थापित कर नवाह पारायण रामचरितमानस पाठ की शुरुआत हुई जब मंदिर के प्रथम तल स्थित दुर्गा मंदिर में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती पाठ की शुरुआत हुई। रामचरित मानस पाठ की शुरुआत का संकल्प मंदिर न्यास समिति के सदस्य आलोक कुमार व दुर्गा सप्तशती का संकल्प मंदिर के कर्मी संजीव रंजन ने किया जबकि इस मौके पर पुरोहित के रूप में क्रमशः पंडित अजय झा एवं पंडित ओम तिवारी रहे। इस मौके पर शिवकांत झा, सुबोध तिवारी, साकेत परासर, बिरजू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## ईद, चैती छठ व रामनवमी को लेकर डिहरी में शांति समिति की बैठक

# प्रशासन ने जारी किए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद, डिहरी के सभागार में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-फितर, चैती छठ एवं रामनवमी 2026 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी निलेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गौरव कुमार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शांति समिति के सदस्य एवं धार्मिक-सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सभी उपस्थित जनों से सुझाव प्राप्त करने के बाद जिला प्रशासन द्वारा कई



महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए- प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी त्योहार आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शोभा यात्राओं के दौरान आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने तथा जुलूस मार्गों को सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को त्योहारों के दौरान चिकित्सकीय टीम, आवश्यक दवाओं एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।
प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति में तुरंत डायल-112 पर सूचना देने की अपील की। जुलूस के लिए जारी अनुज्ञप्ति की सभी शर्तों का कड़ाई से पालन कराने पर भी जोर दिया गया। ईदगाह, मस्जिद, छठ घाट एवं जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं विद्युत विभाग को लटके हुए बिजली तारों को तुरंत हटाने को कहा गया। सोशल मीडिया पर भ्रामक या अपुष्ट जानकारी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। शांति समिति के सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक कर अभिभावकों एवं युवाओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। त्योहारों के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा ध्वनि प्रदूषण नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही जहां पुलिस बल की तैनाती संभव नहीं है, वहां चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। असामाजिक तत्वों और पूर्व में चिन्हित उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च और गश्ती बढ़ाने के साथ ही ड्रोन एवं मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। बैठक के अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें, अफवाहों से बचें और त्योहारों को प्रेम, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाएं। इस अवसर पर डीडीसी विजय कुमार पांडेय, निर्वाचन पदाधिकारी संतोष सिंह, मुख्य पार्षद शशि कुमारी, नप ईओ विमल कुमार, डॉ. अरुण शर्मा, धनंजय यादव, दीपक शर्मा, बीडीओ, थाना अध्यक्ष सहित अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 24 मार्च को आएंगे डिहरी, योजनाओं का करेंगे स्थलीय निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 24 मार्च को प्रस्तावित आगमन को ले प्रशासनिक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। डीएम समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को उनके कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री 24 मार्च को यहां बीसैप दो के परेड मैदान में बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। बस्तीपुर व एनिकट स्थित सोन नदी में निर्मित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण करेंगे। प्रगति यात्रा के दौरान शिलान्यास किये गए इंद्रपुरी में निर्मित होने वाले भोजपुरी हॉट के निर्माण कार्यों व डिहरी तेतराढ़ राजपुर पथ 20.40 किमी के चौड़ीकरण में मजबूतीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लेंगे। पुलिस लाइन में जनसंवाद संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नप डिहरी रोहतास राजमार्ग समेत प्रस्तावित स्थलों की सफाई का कार्य करा रही है। वही मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा है। डीएम उदिता सिंह, एसपी रौशन कुमार, डीसीसी विजय कुमार पांडेय, एसडीएम नितेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के यात्रा स्थल व जनसंवाद स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

## जलभरी यात्रा के साथ हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरैया में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ वर्ष के प्रथम दिन भगवान सूर्य नारायण की अराधना एवं उपासना के साथ श्रद्धा और उल्लास के माहौल में किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर भारतीय नववर्ष का आरंभ 19 मार्च, गुरुवार से हुआ है। इस अवसर पर बजरंग दल एवं हनुमान सेवा दल के संयुक्त तत्वावधान में भव्य जलभरी यात्रा का आयोजन किया गया। वर्ष के प्रथम सूर्योदय के साथ ही विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सूर्योदय से पूर्व ही सभी श्रद्धालु सोन नदी तट के घाट पर एकत्र होकर भगवान सूर्य के उदय होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही सूर्य देव का उदय हुआ, शंखनाद, घड़ी-घंट और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंत्रोच्चार के साथ भगवान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर सभी श्रद्धालु जलभरी यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान 'नववर्ष मंगलमय हो', 'विक्रम संवत अमर रहे' एवं 'चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अमर रहे' जैसे जयघोषों से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम के संयोजक हंसराज कुमार ने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के आयोजन से समाज में सुख, समृद्धि एवं आरोग्यता बनी रहती है। वहीं सचिव सह मुखिया संजय चौधरी ने जानकारी दी कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर 26 मार्च (गुरुवार) को अष्टमी तिथि में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह उप मुखिया अमित गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर विजय कुमार, जेपी, सोमनाथ, सुमित, राहुल, पवन, रोहित, संजय शास्त्री सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## विभिन्न प्रखंडों को मिले जदयू के नए अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र सहित जिले भर में पार्टी के प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों की गुरुवार को सूची जारी की गई। इससे प्रखंड को नया जदयू अध्यक्ष मिल गये हैं। बिहार प्रदेश जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष को भेजे गए पत्र के अनुसार बिहार प्रदेश जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष को रोहतास जिले के चार प्रखंड और एक नगर परिषद क्षेत्र के लिए अध्यक्षों की मनोनयन सूची सौंपी गई है। इस सूची के अनुसार दावथ प्रखंड के लिए गंगा सागर कुश्वावाहा, दिनारा के लिए विजय चंद्रवंशी, काराकाट के लिए बिजेन्द्र कुमार पटेल, चेनारी के लिए सुदर्शन तिवारी और बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के लिए संदीप चौरसिया को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित दावध जदयू प्रखंड अध्यक्ष गंगा सागर सिंह कुशवाहा ने बातचीत में बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निभाया जाएगा। वही इसके सांगठनिक विस्तार के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इन मनोनयनों को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष हेतु जिलास्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रोहतास के पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक एवं व्यापार मण्डल अध्यक्ष हेतु मल्टीपर्पस हॉल सासाराम मे एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी उदिता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के जरिये पैक्सो को डिपोजिट मोबालाइजेशन एजेंट के रूप में विकसित करने हेतु प्रशिक्षण, सीएसपी केंद्र, लेखा का संधारण एवं अंकेक्षण, पैक्स कंप्यूटराईजेशन,पैक्सों में विविधिकरण, पैक्सों में उद्यमशीलता का विकास, पैक्सों में गोदाम निर्माण, हरित कृषि सायंत्र योजना, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, पैक्सों द्वारा धान गेहूं का अधिप्राप्ति कार्य, पैक्सों द्वारा ड्रग



लाइसेंस, पैक्सों किसान समृद्धि केंद्र, पैक्सों द्वारा पेट्रोल पम्प का संचालन, पैक्स अध्यक्ष/प्रबंधक के दायित्व प्रशासनिक एवं वित्तीय, नई बहुदेशीय सहकारी समिति की सदस्यता से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक पटना, जिला सहकारिता पदाधिकारी रोहतास, प्रबंधक निदेशक दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लींध सासाराम, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, सहायक निबंधक, सहयोग समितिया सहित सभी प्रखंडों सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किशोरी अपहरण का मामला दर्ज, महिला गैंग पर संदेह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल अंतर्गत बिक्रमगंज थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के मामा ने बुधवार को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने किसी महिला गैंग द्वारा अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और किशोरी की तलाश में जुट गई है। किशोरी अपने मामा के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी और हाई स्कूल 10+2 की छात्रा थी। वह 14 मार्च को दोपहर 1 बजे फोटो कॉपी कराने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। मामा ने अपने सगे-संबंधियों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। घर में खोजबीन के दौरान लाखों रुपये के गहने भी गायब पाए गए। किशोरी के पास अपना मोबाइल फोन नहीं था, वह घर के फोन का इस्तेमाल करती थी। घर के फोन की जांच करने पर पता चला कि उसने मोबाइल नंबर 9507675448 पर बात की थी। इसके बाद, 15 मार्च को शाम 5:39 बजे मोबाइल नंबर 8051617346 से एक कॉल आई जिसमें किशोरी ने बताया कि वह नालंदा में है और तीन महिलाओं द्वारा उसे बेहोश करके वहां लाया गया है। थाना प्रभारी ललन कुमार ने पुष्टि की है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस लापता किशोरी की तलाश में जुट गई है।

## रेलवे कालोनियों में मिलेगी पाइप्ड नेचुरल गैस, गेल करेगा आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे के पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल और गेल गैस लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत रेलवे कॉलोनियों में पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी जिससे रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ईंधन उपलब्ध हो सकेगा। इस योजना के अंतर्गत पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर में लगभग 4000 रेलवे आवासों में पीएनजी सप्लाई शुरू की जाएगी। साथ ही सभी रनिंग रूम में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त डीडीयू जंक्शन पर कार्यरत वेंडरों एवं रेलवे वर्कशॉप में भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा जिससे उनके कार्य में सुविधा, सुरक्षा और दक्षता बढ़ेगी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सूरज कुमार





(वरीय मंडल अभियंता-समन्वय, डीडीयू), अजय कुमार (मंडल अभियंता- मुख्यालय, डीडीयू) तथा गेल गैस लिमिटेड के डिप्टी जनरल मैनेजर एवं ऑफिसर इंचार्ज रणधीर कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही गेल गैस लिमिटेड की ओर से चीफ मैनेजर अजय सेठी एवं सीनियर मैनेजर श्रीकांत राउत (गेल गैस/डीडीयू) भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल रेलवे कॉलोनियों में आधुनिक सुविधाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएनजी कनेक्शन से न केवल रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि यह पारंपरिक ईंधनों की तुलना में अधिक सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण के लिए बेहतर भी साबित होगा। विशेष रूप से यह जानकारी दी गई कि रेलवे कर्मचारियों से पीएनजी कनेक्शन हेतु कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जाएगा। गेल गैस के अधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि परियोजना का प्रथम चरण जून माह के द्वितीय सप्ताह तक कार्यरत होने की संभावना है।

## उपेंद्र कुशवाहा के राज्यसभा जाने पर नेताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा के राज्यसभा के लिए चुने जाने पर कई वरिष्ठ नेताओं ने बधाइयां दी। इस क्रम में काराकाट प्रखंड क्षेत्र में मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा किसान प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश महासचिव गुड्डू उपाध्याय ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा में चुने जाने पर बधाई दी। उपाध्याय ने कहा उपेंद्र कुशवाहा जन-जन के नेता हैं। राज्यसभा जाने से क्षेत्र, राज्य और देश के ज्वलंत मुद्दों पर निष्पक्ष बोलने का उन्हें अवसर मिला है। उपेंद्र कुशवाहा एक ऐसे शख्सियत हैं जिनकी चिंता क्षेत्र की जनता के साथ-साथ गरीब, शोषित, पीड़ित और अंतिम पायदान पर रहने वाले हर नर-नारी के प्रति रहती है। अन्याय के खिलाफ, दमन और जुल्म के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते हैं और उठाते रहेंगे। संसद में सर्वांगीण विकास के लिए ज्वलंत मुद्दों को उठाएंगे जिससे समाज का कल्याण होगा। उपाध्याय ने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा के राज्यसभा जाने से क्षेत्र की जनता उत्साहित है। उनकी आवाज को लोकसभा में पहुंचाना राष्ट्रीय अध्यक्ष की पहली प्राथमिकता होगी।

## सुशील कुमार की इफ्तार पार्टी में दिखी एकता और सौहार्द की मिसाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** अकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत तेतराढ़ गांव स्थित अपने निजी आवास पर पत्रकार सुशील कुमार द्वारा रमजान के मुकद्दस महीने में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल पेश करते हुए सभी समुदायों के लोगों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारा, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इफ्तार के दौरान रोजेदारों ने मिलकर देश और समाज में शांति, तरक्की और भाईचारे के लिए दुआएं मांगीं। इस मौके पर उपस्थित पत्रकार मोहम्मद इमरान अली, सेयद नफीश करीम, सोनू खॉन गणमान्य लोगों ने सुशील कुमार के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। दावत-ए-इफ्तार के दौरान पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी जिसमें सभी ने मिलजुल कर रोजा खोला। कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण और भाईचारे से ओतप्रोत रहा।

## भारतीय नववर्ष पर निकली 'स्ववेंद' यात्रा, विश्व शांति और समृद्धि की कामना

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर विहंगम योग संत समाज द्वारा सम्पूर्ण विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना हेतु गुरुवार 19 मार्च को विश्वव्यापी स्ववेंद यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारत सहित कई देशों में एक साथ निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में रोहतास जिले के डिहरी ऑन-सोन समेत विभिन्न प्रखंडों में भी सैकड़ों की संख्या में विहंगम योग संत समाज के भक्त-शिष्यों ने हर्षोल्लास के साथ इस पवित्र यात्रा में भाग लिया। डिहरी में यात्रा काली मंदिर पाली से प्रारंभ होकर पाली रोड, कर्पूरी चौक, अंबेडकर चौक, जक्खी बीगहा, स्टेशन रोड होते हुए पुनः काली मंदिर





पाली पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने हाथों में श्वेत ध्वजा और माथे पर स्ववेंद धारण कर भक्ति भाव से नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर विहंगम योग के प्रधान सद्ग्रंथ स्ववेंद सहित अन्य आध्यात्मिक साहित्य आम जनमानस के बीच उपहार स्वरूप वितरित किए गए। ज्ञात हो कि स्ववेंद विहंगम योग संस्थान का प्रमुख आध्यात्मिक ग्रंथ है जिसकी रचना हिमालय योगी सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने की थी। 17 वर्षों की कठिन साधना के पश्चात उन्होंने अपने आध्यात्मिक अनुभवों को इस ग्रंथ में संकलित कर मानव कल्याण के लिए ब्रह्मविद्या का अमूल्य ज्ञान प्रदान किया। यह ग्रंथ सरल हिंदी भाषा में आध्यात्मिक रहस्यों और साधना पद्धति को स्पष्ट करता है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पावन आयोजन में बिहार राज्य विहंगम योग संत समाज के क्षेत्रीय कार्यालय निदेशक पी.एन. सिंह, परामर्शक ददन सिंह, संरक्षक डी.एन. सिंह, रामचंद्र तिवारी, रोहतास सचिव भृगुनाथ सिंह, स्ववेंद प्रभारी अमरंजय दूबे, अनुमंडल संयोजक संतोष गुप्ता, मनोज सिंह, पियूष कुमार, जीतेन्द्र प्रसाद, बबल कश्यप, डेहरी प्रखंड प्रभारी रेवती रमण, विनोद कुमार, जय सिंह (बबलू), कान्ति देवी, नीलम सिंह, अनूपमा देवी, ममता देवी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्ति, अनुशासन और उत्साह से परिपूर्ण यह स्ववेंद यात्रा न केवल आध्यात्मिक चेतना का संदेश दे गई, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार किया।

## ऑटो-बाइक की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नोखा थाना क्षेत्र के मठिया-नोखा पथ पर नेकराम टोला के पास मंगलवार को ऑटो और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि नोखा की ओर जा रहा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।
स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए वहां से गुजर रही एक बस को रोककर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को ऑटो से निकालकर नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## सासाराम में प्रो. सुधीर कुमार सिंह के आगमन पर स्वागत समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मनोहर लाल टेकरीवाल कॉलेज, सहरसा के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार सिंह के सासाराम प्रथम आगमन पर रोहतास महिला महाविद्यालय तथा अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह ने माल्यार्पण एवं बुके देकर प्रो. डॉ. सुधीर कुमार सिंह का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रो. सिंह ने अपने व्याख्याता जीवन की शुरुआत लगभग 28 वर्ष पूर्व रोहतास महिला महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग से की थी। उन्होंने यहां कई वर्षों तक प्रभारी प्राचार्य के रूप में भी सफलतापूर्वक कार्य किया। बाद में आयोग से चयनित होकर वे मनोहर लाल टेकरीवाल



कॉलेज, सहरसा में स्थायी प्राचार्य के रूप में योगदान दिए। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सहरसा में योगदान के बाद पहली बार रोहतास आगमन पर उनका मृदुल स्वभाव और व्यक्तित्व लोगों को उनसे मिलने के लिए प्रेरित कर रहा है। अपने स्वागत से अभिभूत प्रो. डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि सासाराम उनके दिल में बसता है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि भले ही उनकी जन्मभूमि बलिया (उत्तर प्रदेश) है, लेकिन उनकी कर्मभूमि सासाराम ही रही है। वर्तमान में सहरसा में कार्यरत होने के बावजूद यहां के लोगों का स्नेह उन्हें पुनः सासाराम खींच लाया। उन्होंने अवधूत भगवान राम महाविद्यालय के युवा प्रधानाचार्य की सराहना करते हुए कहा कि वे काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के छात्र जीवन से ही उनके छोटे भाई के रूप में जुड़े रहे हैं और पूरा जिला उन्हें एक उत्कृष्ट शिक्षाविद के रूप में पहचानता है। स्वागत समारोह में डॉ. प्रदीप कुमार राय, डॉ. अमन मुर्मू, डॉ. अमरजीत, डॉ. राजेश, ओम प्रकाश सिंह, शशि रंजन, डॉ. सुनीता, डॉ. प्रिया, डॉ. सत्यजीत सारंग सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आर.एस.के पब्लिक स्कूल में इफ्तार पार्टी, एकता और सौहार्द की बनी मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बस्तीपुर स्थित आर.एस.के पब्लिक स्कूल में रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर दावत-ए-इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली। इफ्तार पार्टी में सभी समुदायों के लोगों को आमंत्रित किया गया जहां बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। रोजेदारों ने एक साथ नमाज अता कर देश और समाज में शांति, तरक्की और भाईचारे के लिए दुआएं मांगीं। इस अवसर पर रोजा रखने वाले मो. ऐजाज अंसारी, ईशा अंसारी सहित कई



गणमान्य लोगों ने आनंद सिंह के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। दावत-ए-इफ्तार के दौरान पारंपरिक व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी जिसमें सभी ने मिलजुल कर रोजा खोला। पूरे कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण और भाईचारे से ओतप्रोत रहा। अंत में निदेशक आनंद सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा और एकजुटता को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, प्रशांत कुमार, अरविंद भारती, राज नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्याम बाबा के तृतीय वार्षिकोत्सव का आयोजन, श्रद्धा और भक्ति से गूंजा शहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** श्याम बाबा की कृपा एवं दादी की असीम अनुकंपा से 18 मार्च को आयोजित श्याम बाबा का तृतीय वार्षिक उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई जिसमें खाटू श्याम जी की आकर्षक झांकी पूरे शहर में निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया



और वातावरण जयकारों से गूंज उठा। संध्या के समय ज्योत प्रज्वलन के साथ मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पावन कार्य मोहित रोंगटा एवं शिखा रोंगटा द्वारा संपन्न किया गया। इसके पश्चात सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पटना की श्री क्लास अग्रवाल, कोलकाता की दया शर्मा एवं जयंत व्यास ने भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस भव्य आयोजन में समिति के अध्यक्ष विशाल कुमार भालोटिया, मनीष अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल एवं किशन चमाडियां की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह,प्रमानंद सरावगी , कृष्णा कारीवाल, संत शर्मा, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इसके अलावा ज्ञान शर्मा, सुमित अग्रवाल, राहुल सरोगी, प्रशांत अग्रवाल, बंटी चमारिया, आशीष जोशी, दीपु सोनी, कृष्णा अग्रवाल, स्वपनील रोंगटा, मोहित अग्रवाल, अमित सरोगी, प्रतीक डालमिया, शंकर शर्मा, चंदन शर्मा, ऋषिपाल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, किशु झुनझुनवाला, गोविंद झुनझुनवाला, अनूप कंदोई, गौरव डालमिया, अनमोल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, शुभम शर्मा, अर्जुन केसरी, सुनील अग्रवाल, गोपाल पौद्दार, मोहन, अमित सरावगी, रौनक हरलाल,सुनील अग्रवाल, गोपाल पोद्दार, मोहन, अमित सरावगी,रौनक हरलालका, श्रेयांश अग्रवाल एवं अन्य कई श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# जिलाधिकारी ने किया गैस गोदाम एवं कार्यालय का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी ने गुरुवार को स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से राजश्री एचपी गैस गोदाम एवं कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था, सुरक्षा मानकों तथा वितरण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



साथ ही, गोदाम एवं कार्यालय परिसर में सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं—विशेषकर महिलाओं—पर ध्यान देने को कहा, जिनके परिवार के सदस्य (जैसे पति आदि) ड्यूटी के कारण बाहर रहते हैं, पुलिस या सशस्त्र बलों में तैनात हैं अथवा अन्य कारणों से स्वयं गैस लेने में असमर्थ हैं। ऐसे उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध होम डिलीवरी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। अतः किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## रोजगार कैम्प का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 20 मार्च 2026 को संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय, नवादा के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पिकर एवं पैकर पद हेतु 50 रिक्तियां अधिसूचित की गई हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। वेतन रुपये 14,600 से 19,000 के साथ हॉस्टल की सुविधा भी मिलेगी। पात्रता के लिए आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल बंगलौर एवं मुंबई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय, नवादा के प्रांगण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान पीपीटी के माध्यम से योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धियों की बिंदुवार समीक्षा भी की गई।
जिलाधिकारी ने कहा कि रबी फसल की कटाई के उपरांत एवं खरीफ फसल की बुआई के मध्य उपलब्ध अंतराल अवधि में भूमि का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। इस अवधि में अधिक से अधिक किसानों को वैकल्पिक फसलों की खेती हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया, ताकि कृषि योग्य भूमि खाली न रहे तथा किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।
जिलाधिकारी द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति अभी तक नहीं हो सकी है। इस पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।
साथ ही, जिला पदाधिकारी ने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन निर्गत करने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए अधिकाधिक किसानों को शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सुचारू रूप से सिंचाई कार्य कर सकें।
बैठक में बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था तथा फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया।
बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, पशुपालन, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ईद के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** ईद पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग की अध्यक्षता में बुंदेलखंड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना एवं सौहार्दपूर्ण माहौल सुनिश्चित करना था।



बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से ईद मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है, जिसे सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर हुलास कुमार ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत कार्रवाई करने की बात कही।
उन्होंने आमजनों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से भी परहेज करने की सलाह दी गई।

# स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह और उल्लास देखा गया।
संघ के जिला प्रचार प्रमुख कवि दयानंद प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हिंदी नव वर्ष के साथ विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ हुआ है। इसी पावन अवसर पर संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की 137वीं जयंती भी मनाई गई। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में 'आद्य सरसंघचालक प्रणाम' कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



उन्होंने नव वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था, महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी तथा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की शुरुआत की थी। इसके अलावा सिख धर्म के द्वितीय गुरु अंगद देव जी का जन्म तथा नवरात्र की शुरुआत भी इसी दिन मानी जाती है। गांधी स्कूल स्थित केशव शाखा में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवा ध्वज फहराने से हुई, जिसके बाद सामूहिक गीत, व्यक्तिगत प्रस्तुति और अमृत वचन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य शिक्षक संजीत कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति की प्राचीनता और उसकी वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार एक जन्मजात देशभक्त थे, जिनके आदर्शों पर चलकर आज स्वयंसेवक देश-विदेश में राष्ट्र सेवा का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत संघ के निर्देशानुसार विभिन्न शाखाओं द्वारा पूर्ण गणवेश में पथ संचलन भी निकाला गया। गांधी स्कूल शाखा का पथ संचलन जमुना पथ, दुर्गा मंडल एवं नटराज सिनेमा मार्ग होते हुए पुनः गांधी इंटर विद्यालय में संपन्न हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने प्रसाद ग्रहण कर एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सह विभाग कार्यवाह प्रदीप कुमार, शाखा मुख्य शिक्षक अरुण कुमार, विनय अग्रवाल, ध्रुव भगत, भाजपा नेता सूर्यनारायण गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिजनों से मिले लोजपा नेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अकौना बाजार स्थित वीणा ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेताओं ने पीड़ित व्यापारी से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। लोजपा (आर) के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार का हाल जाना।



इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं पार्टी नेतृत्व की सोच व्यापारियों के प्रति सदैव सकारात्मक रही है। देश में कहीं भी व्यापारियों के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहती है।
इसके बाद अशोक कुमार वर्मा ने नवादा के पुलिस अधीक्षक अनुभव धीमन (आईपीएस) से उनके कार्यालय में मुलाकात कर घटना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान पीड़ित व्यापारी भी मौजूद रहे और प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्टि जताई। श्री वर्मा ने जिले में व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक को व्यापारी समिति गठित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस समिति में विभिन्न व्यवसायों के प्रतिनिधि शामिल हों और इसका नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक करें, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।
इधर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रवि गुप्ता ने भी पीड़ित व्यापारी से मुलाकात कर परिवार को ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि लूट कांड में शामिल अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। इस मौके पर लोजपा (आर) जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, अयोध्या पासवान, सतेंद्र यादव, अमित गुड्डू, देवेंद्र देव वर्मा एवं रंजीत कुमार शाह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एमडीएम निदेशक ने विद्यालय का लिया जायजा

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को मध्याह्न भोजन निदेशक विनायक मिश्रा ने पकरीबरावां प्रखण्ड के रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली का निरीक्षण किया। निदेशक ने मॉडल विद्यालय के लिए किए गए ऑनलाइन इन्ट्री का बिंदुवार जांच की। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास, वर्ग कक्ष, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, शौचालय आदि का जायजा लिया। विषयवार शिक्षकों की स्थिति की जानकारी ली गई। विद्यालय में चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार ने निदेशक को एवं प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने डीपीओ मध्याह्न भोजन रिशुराज सिंह को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने त्योहारों को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ईद, चैती छठ, चिरागा मेला, रामनवमी और महावीर जयंती जैसे प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने टाउन हॉल में दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग की।



ईद-उल-फितर 20–21 मार्च, चैती छठ पूजा 22–25 मार्च, चिरागा मेला/चादर जुलूस 23 मार्च से 02 अप्रैल, रामनवमीः 27–28 मार्च, महावीर जयंती 30–31 मार्च को आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पैदल और वाहन गश्ती सुनिश्चित की जाए। किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल नियंत्रण किया जाए। 24 घंटे नियंत्रण कक्ष से निगरानी रखने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अवैध जुलूस पर रोक लगाने, हुड़दंगियों पर नजर रखने, बाइकर्स के समूह को नियंत्रित करने, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा ड्रॉप गेट को सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि त्योहारों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने, क्यूआरटी टीम, पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग और डायल 112 को लगातार सक्रिय रखने पर भी जोर दिया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया बौद्धिक सह पथ संचलन का आयोजन

**बिहारशरीफ/ नबिटा ब्यूरो।** हिन्दू नव वर्ष के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नालंदा द्वारा भव्य बौद्धिक सह पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों के साथ शहर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और संघ प्रार्थना के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में दक्षिण बिहार के प्रांत बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र भाई त्यागी ने हिन्दू नव वर्ष के महत्व, भारतीय संस्कृति की महानता और समाज में संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष प्रतिपदा केवल नव वर्ष का आरंभ नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा, गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। बौद्धिक सत्र के बाद स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक और अनुशासित पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन बिहारशरीफ नगर के गौरक्षणी से प्रारंभ होकर भराव पर, पोस्ट ऑफिस, कमरूदीनगंज, रांची रोड होते हुए पुनः गौरक्षणी परिसर तक विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरा। पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रभावशाली संदेश दिया।

# डीडीसी ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** "मेरा प्रखंड, मेरा गौरव" अभियान के तहत प्रखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में चयनित 9 प्रतिभागियों को उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विजेताओं को 10,000/- की पुरस्कार राशि का चेक वितरित किया गया। यह पुरस्कार प्रखंड के दर्शनीय स्थलों की उत्कृष्ट तस्वीरों के चयन के आधार पर प्रदान किया गया। चयनित प्रतिभागियों एवं उनके द्वारा प्रदर्शित स्थलों का विवरण निम्नलिखित है
गौतम कुमार – तेल्हारा यूनिवर्सिटी, सतीश कुमार – आत्माधाम, इस्लामपुर (ऐतिहासिक स्थल), मणिकांत – मोरा तालाब, बिहारशरीफ, निकेत – बड़गांव सूर्य मंदिर, दीपक आनंद मांझी – दरगाह हवनपुरा रहुई, अनीस इकबाल – बड़ी मस्जिद, नागरनौसा मेघा कुमारी – श्री बड़ी मठ गुरुधाम परवलपुर, कुणाल कौशल– राम जानकी मंदिर, नेहुसा गांव हरनौत एवं



यशपाल – अमावा स्टेट रेजिडेंसी अस्थावां का उत्कृष्ट तस्वीर बनाया। मेरा प्रखंड, मेरा गौरव अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य प्रखंड के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों को पहचान दिलाना तथा स्थानीय नागरिकों में अपने क्षेत्र के प्रति गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। उप विकास आयुक्त ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से क्षेत्र के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी तथा स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

# हॉकी नेशनल सब जूनियर चैंपियनशिप का आयोजन राजगीर में 1 अप्रैल से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ऐतिहासिक नगरी राजगीर एक बार फिर खेल जगत के नक्शे पर चमकने को तैयार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस खेल परिसर में आगामी 1 अप्रैल से 16वीं नेशनल मेंस सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। 12 अप्रैल तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देश के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें हिस्सा लेंगी। कुल 52 मुकाबलों के साथ यह प्रतियोगिता रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहने वाली है। आयोजन की तैयारियों को लेकर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने जिलाधिकारी कुंदन कुमार को पत्र लिखकर बेहतर चिकित्सा व्यवस्था और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**तीन डिवीजन में होगा मुकाबला**

प्रतियोगिता को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए टीमों को तीन डिवीजन—'ए', 'बी' और 'सी' में विभाजित किया गया है। डिवीजन 'ए' में 12 शीर्ष टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। इसी डिवीजन की टीमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के लिए मुकाबला करेंगी। नियमों के अनुसार, डिवीजन 'ए' की अंतिम दो टीमें अगले सत्र में 'बी' डिवीजन में चली जाएंगी, जबकि 'बी' डिवीजन की शीर्ष दो टीमें 'ए' में प्रमोट होंगी। इसी तरह 'सी' डिवीजन की बेहतर टीमें ऊपर आने का मौका पाएंगी। डिवीजन 'ए' के पूल 'ए' में पंजाब, चंडीगढ़ और महाराष्ट्र जैसी मजबूत टीमें आमने-सामने होंगी। पूल 'बी' में झारखंड और तमिलनाडु के बीच मुकाबला दिलचस्प रहेगा। पूल 'सी' में उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसी पावरहाउस टीमें भिड़ेंगी, जबकि पूल 'डी' में मध्य प्रदेश और ओडिशा के बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद है। मेजबान बिहार को डिवीजन 'बी' के पूल 'बी' में रखा गया है, जहां उसका सामना कर्नाटक, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से होगा।

## एक नजर

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदी नव वर्ष

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल प्रखण्ड के गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल में गुरुवार को भारतीय नव वर्ष 'विक्रम संवत 2083' के प्रथम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान आचार्य मुकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए हिंदी नव वर्ष के गौरवशाली इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही प्रकृति में नव-चेतना का संचार होता है और इसी दिन से हमारे काल गणना की शुरुआत हुई थी। उन्होंने बच्चों को अपनी संस्कृति और संस्कारों को अक्षुण्ण रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार,आचार्या हेमंती कुमारी, रंजू कुमारी, नीभा कुमारी, रुक्मिणी कुमारी, नेहा कुमारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

### कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्रि प्रारंभ

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक दुर्गामण्डप में गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ नवरात्रि का शुभारंभ हुआ। नवरात्रि के प्रथम दिन भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मण्डप में आचार्य पंडित धर्मेंद्र भूषण पाठक की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। इसके साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले शक्ति की उपासना के महापर्व की शुरुआत हो गई। आचार्य ने बताया कि यहां स्थापित मां दुर्गा वैष्णवी रूप में पूजी जाती हैं। यहां वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार 'भुआ' की बलि दी जाती है,जो सात्विक पूजा का प्रतीक है। पूजा को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है और सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं गायत्री ज्ञान मन्दिर कौआकोल में भी नवरात्रि के अवसर पर कलश स्थापना के बाद पूजा अर्चना शुरू किया गया। आयोजनकर्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा अर्चना के बाद संध्या आरती एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

### चैत्र नवरात्रि को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** चैत्र नवरात्रि दुर्गा पुजा अनुष्ठान को लेकर प्रखण्ड के चरौल गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ढोल- बाजे के साथ निकाली गई यात्रा के दरम्यान बांके बिहारी की झांकी भी निकाली गई, जिसमें वृंदावन बृजवासी के दर्जनाधिक कलाकारों ने भाग लिया। आयोजन समिति के संयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया कि यात्रा झांकी का नेतृत्व स्थानीय पाण्डेयगंगौट पंचायत के मुखिया दीपक कुमार कर रहे थे। लगातार दस दिनों तक दुर्गा माता से दर्शन करने का सिलसिला जारी रहेगा। वरिष्ठ साहित्यकार और रंगकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रत्येक दिन रासलीला का मंचन भी होगा। आसमानी झूला,मौत कुआं,हंसी घर एवं मनोरंजन के कई साधन उपलब्ध रहेंगे। वहीं दुर्गोपूजोत्सव में लगे बाजार में बिहार के प्रसिद्ध व्यंजनों का भरमार रहेगा। पुरोहित आनंदी पांडेय ने कहा कि कलश यात्रा एवं झांकी में सैकड़ों युवा हाथ में तिरंगा थामे हुए थे। मौके पर नरेंद्र प्रसाद सिंह, सीताराम सिंह, दामो सिंह, रामाश्रय सिंह, पवन कुमार, महेंद्र पासवान, ध्रुपद राम, विकास, सौरभ, गौरव, अमरेंद्र कुमार, देबू सिंह, रामाकांत सिंह, यजमान धर्मेंद्र कुमार, बाल्मीकि सिंह, चिंकु कुमारी सहित हजारों की तादाद में नर- नारी, बच्चे- बूढ़े और युवा उपस्थित थे। इस आयोजन से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया हैं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक समागम में वृद्धि हुई है।

### रोमांचक मुकाबले में नवादा ने गया को हराया

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पावापुरी में आयोजित बीसीए मेंस अंडर- 23 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नवादा का मुकाबला गया की टीम से हुआ। नवादा के कप्तान दीपक ने टॉस जीतकर गया को बल्लेबाजी का न्योता दिया। गया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 176 बनाकर ऑल आउट हो गई। गया की तरफ से अभिषेक ने 52 नीतीश ने 32 जबकि यशराज ने 23 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। नवादा की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए एक बार फिर से आदर्श पांडे ने 5 विकेट झटके तथा दो विकेट अरनव यादव एवं दीपक को एक विकेट मिला। इसके जवाब में नवादा की टीम बल्लेबाजी करते हुए 37 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाकर मैच जीत लिया। नवादा की तरफ से आदर्श पांडे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 52रन बनाकर नवादा को मैच जिताया तथा उसका साथ सूरज सिंह 41 रन एवं आदित्य ने 27 रनों के साथ दिया। इस तरह से बेहद रोमांचक मुकाबले को नवादा ने एक विकेट से जीत लिया। गया के तरफ से गेंदबाजी करते हुए मयंक ने पांच, रंजन ने तीन जबकि प्रीतम ने एक खिलाड़ियों को आउट किया। नवादा के शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आदर्श पांडे 5 विकेट एवं नवाद 51 रन बनाने के लिए उन्हें शेखपुरा के पूर्व सचिव गंगा प्रसाद यादव एवं बीसीए मैनेजर मनीष आनंद ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। नवादा की इस जीत के साथ नॉकआउट राउंड में प्रवेश करने की संभावनाएं बढ़ गई है। नवादा के इस जीत पर संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी सचिव राकेश कुमार, सुरेश यादव, चयनकर्ता सुभाष प्रसाद विकास कुमार दिनेश कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### सीएचसी के नए प्रभारी का कर्मियों ने किया स्वागत

**पकरीबरावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां के नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण कुमार का स्वागत किया गया। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों एवं कर्मियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. किशोर कुमार, हेल्थ मैनेजर एमएच रहमान, लेखापाल मोहन कुमार, बीसीएम रेणु कुमारी सहित अन्य ने उनका अभिनंदन किया। इस बीच प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा का भरोसा दिलाया।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की गया में गैस पाइपलाइन कार्य की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिला अतिथि गृह में एचपीसीएल, बीपीसीएल एवं पाइप गैस पाइपलाइन से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक कर कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बताया कि मानपुर क्षेत्र के करीब 2000 घरों में पाइपलाइन के माध्यम से गैस आपूर्ति शुरू हो चुकी है जिससे लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। वहीं मगध कॉलोनी के सिकरिया मोड़ से एटी गेट तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने जानकारी दी कि विपार्ड सहित अन्य स्थानों पर पाइप गैस का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जा रहा है। साथ ही अगस्त माह से एपी कॉलोनी में पाइपलाइन विस्तार कार्य शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि विष्णुपद क्षेत्र में कॉरिडोर विस्तार कार्य के कारण फिलहाल गैस पाइपलाइन का काम प्रभावित हुआ है, लेकिन इसे जल्द ही गति देने का प्रयास किया जा रहा है। गया जिले में गैस उपभोक्ताओं की संख्या पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि एचपीसीएल के तहत 33,593 नियमित उपभोक्ता गैस का उपयोग कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1,07,208 लाभार्थी इस सुविधा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी जबकि व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए शिक्षण संस्थानों और सरकारी उपयोग को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश के अन्य राज्यों की तरह बिहार के गया में भी गैस पाइपलाइन सुविधा का विस्तार हुआ है जिससे उपभोक्ताओं को सहूलियत मिल रही है। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष क्षेत्रों में भी पाइपलाइन कार्य तेजी से पूरा किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छ और सुविधाजनक गैस आपूर्ति का लाभ मिल सके।

## कोंच में बिजली विभाग की छापेमारी, सात पर लगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोंच प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने विभिन्न गांवों में छापेमारी कर सात उपभोक्ताओं पर कुल 5,63,661 रुपये का जुर्माना लगाया है। सभी आरोपितों को मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेत बिगहा गांव के आकाश कुमार पर 1,35,189 रुपये, ग्राम जैतिया के सुरेंद्र सिंह पर 1,73,176 रुपये, सिपाही राम पर 51,317 रुपये, लक्ष्मीना देवी (पति आनंद कुमार) पर 98,387 रुपये, सकलदीप सिंह पर 52,374 रुपये, ग्राम अमरा की ममता देवी (पति अमोद साव) पर 20,656 रुपये तथा ग्राम उतरेंन की नीलम देवी (पति स्व. दिलीप तिवारी) पर 32,562 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# राज्यपाल सैयद अता हसनैन से मिले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी

## बिहार के विभिन्न विषयों को लेकर दोनों के बीच हुई लंबी चर्चा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी पटना स्थित लोक भवन पहुंचे जहां उन्होंने बिहार के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन से मुलाकात की। इस मुलाकात में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया भी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राज्यपाल को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने राज्यपाल के सफल और उज्जवल कार्यकाल की कामना की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राज्यपाल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना के वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी रहे हैं। उन्होंने अपने करीब 40 वर्षों के सैन्य करियर में कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सैयद अता हसनैन का प्रशासनिक और जनसेवा का अनुभव बिहार के लिए काफी लाभप्रद होगा। उनके राष्ट्रसेवा की भावना एवं दूरदर्शी नेतृत्व से बिहार को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

## ट्रक की चपेट में आने से मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के गया-पटना मुख्य मार्ग नौडीहा के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान नौडीहा गांव के ईश्वर चौधरी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार ईश्वर चौधरी अपनी बेटी और समधी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी के बाद वे ऑटो (टेंपो) से वापस लौट रहे थे। टेंपो से उतरकर जैसे ही वे किराया दे रहे थे, तभी बालू से लदे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर गया-पटना मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया जिससे सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

## दीपिका श्रृंगार स्टोर में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**डोभी/गया।** औरवादोहर स्थित दीपिका श्रृंगार स्टोर में देर रात अचानक आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार दुकान के प्रोपराइटर संजय पासवान रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर अपने घर घोरघट चले गए थे।

## कोंच में इफ्तार पार्टी का आयोजन, सामाजिक सौहार्द का संदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** बिहार सरकार सुन्नी वक्फ बोर्ड टिकारी के उपाध्यक्ष मो. जमीलु रहमान के आवास पर गुरुवार की शाम इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोजेदारों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने शिरकत की। इफ्तार के मौके पर आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने रमजान के पवित्र माह की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र में अमन-चैन और तरक्की की कामना की।

## बाराचट्टी में मगध विकास भारती शोभ की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिले के बाराचट्टी स्थित मगध विकास भारती शोभ के संयोजन कार्यालय में कार्यकारिणी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल कुमार ने की। बैठक में संस्था के मंत्री शिवनंदन प्रसाद यादव के अस्वस्थ होने के कारण संगठन के पदों का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन के तहत सहायक मंत्री सुरेंद्र कुमार को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई जबकि सदस्य प्रतिमा कुमारी को सहायक मंत्री बनाया गया। वहीं, पूर्व मंत्री शिवनंदन प्रसाद यादव को सदस्य के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा संगठन को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल कुमार, शिवनंदन प्रसाद यादव, सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष सहित सदस्य अहसन मजहरी, डॉ. विनोद कुमार मंडल, बाल गोविंद प्रसाद, विनय कुमार, महेश प्रसाद एवं रंजीत प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अर्जक संघ के सम्मेलन को लेकर दौरा, 3 से 5 अप्रैल को बोधगया में होगा सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** बोधगया स्थित बकरौर में आगामी 3, 4 और 5 अप्रैल को होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन सह गया जिले के सम्मेलन की सफलता को लेकर जाने माने नेता और सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा और उपेन्द्र पथिक के नेतृत्व में तीन दिवसीय दौरा किया गया। प्रचार प्रसार के लिए यह दौरा आगे भी जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी सह सांस्कृतिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र पथिक ने बताया कि कमलेश कुमार वर्मा, अविनाश कुमार, जितेंद्र कुमार आदि ने वजीरगंज प्रखंड के दाखिंगांव, ओरेल, अमैठी, मदर डीह, बिछा, रजवाड़ा, शिवलाल बिगहा, केनार चट्टी, तरवां, भंगोसा, आदि गांवों का दौरा किया गया और सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया गया। स्वागताध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों के ठहरने और भोजन आदि का मुफ्त प्रबंध किया जा रहा है। श्री पथिक ने बताया कि इस सम्मेलन में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बंगाल, झारखंड आदि राज्यों से हजारों की संख्या में अर्जक शामिल होने आ रहे हैं। सम्मेलन में पाखंड मिटाओ प्रदर्शनी, जादू, नाटक, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के माध्यम से समाज में व्याप्त अंधविश्वास और सामाजिक, सांस्कृतिक कुरीतियों को मिटाकर मानववाद की स्थापना पर जोर दिया जाएगा। इसमें मनोरंजन के लिए झूला आदि भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि जिनकी शादी अर्जक पद्धति से हुई है या जिनके घर अर्जक पद्धति से संस्कार होता है और जो संगठन के लिए सक्रिय योगदान दे रहे हैं उन्हें मंच पर सम्मानित किए जाने की भी योजना है। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और राकेश मौर्य, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व विधायक सतीश दास, प्रो. कृष्णनंदन यादव, जाने माने इतिहासकार प्रो विलास खरात, जाने माने जादूगर स्वर्गीय सियाराम महतो, सृजन टीम आदि को भी आमंत्रित किया गया है।


**जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, पलामू।**
समाहरणालय परिसर, पलामू, पिनकोड–822101
Email -ID:-dtopalamu03@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बड़े पथकर बकायेदारों वाहनों की सूची**

एतद द्वारा ऐसे वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि संयुक्त परिवहन आयुक्त, परिवहन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 364 दिनांक 24.02.2026 के आदेश के आलोक में ऐसे वाहन स्वामियों जिनका वाहन पथकर काफी लम्बे समय से वाहनों का पथकर जमा नहीं किया गया है तथा वाहनों का पथकर भुगतान किये बिना परिचालन किया जा रहा है, जो दण्डनिय अपराध है, इससे राजकीय कोष की क्षति हो रही है।

बकाया पथकर से संबंधित वाहन संख्या एवं वाहन स्वामियों का विवरण निम्नवत् है :–

| Sr. No | Registration No | Vehicle Category | Owner Name | Fitness Validity | Tax Upto |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BR26C7009 | Bus | DHANANJAY SINGH | 31-01-2016 | 03-07-2020 |
| 2 | BR26C7010 | Bus | DHANANJAY SINGH | 31-01-2016 | 03-07-2020 |
| 3 | BR26C7011 | Bus | DHANANJAY SINGH | 31-01-2016 | 03-07-2020 |
| 4 | BR2F4865 | Bus | SRI SUSHIL SINGH | 10-01-2021 | 02-08-2020 |
| 5 | BR44P4551 | Bus | RAVINDRA KUMAR SINGH | 14-09-2018 | 05-10-2019 |
| 6 | CG14A2234 | Bus | SHAKIL AHMAD | 10-07-2017 | 03-08-2016 |
| 7 | CG15A4351 | Bus | ANIL KUMAR PATHAK | 15-09-2020 | 01-10-2013 |
| 8 | CG15A4726 | Bus | MANOJ KUMAR RAJAK | 15-12-2007 | 01-04-2020 |
| 9 | CG15A4797 | Bus | MARKAJ E AHLESUNNAT | 13-04-2015 | 27-05-2017 |
| 10 | DL1PA7005 | Bus | HRIDYA NAND TIWARI | 02-11-2002 | 01-11-2006 |
| 11 | HR668822 | Bus | JAGADAMBA SEVA SANSTHAN | 10-12-2025 | 12-12-2024 |
| 12 | JH01Q8829 | Bus | PRATAP MUNDA | 26-01-2023 | 02-08-2022 |
| 13 | JH01Z6273 | Bus | PRADUMAN YADAV | 18-11-2023 | 21-02-2023 |
| 14 | JH03A1279 | Bus | JITENDRA PD.YADAV | 18-10-2003 | 19-04-2006 |
| 15 | JH03A1707 | Bus | SMT.PRATIMA DEVI | 10-02-2004 | 11-05-2007 |
| 16 | JH03A2333 | Bus | HARJEET SINGH | 01-05-2004 | 02-11-2012 |
| 17 | JH03A2880 | Bus | I/C BINOD KR.SINGH | 04-09-2012 | 09-04-2014 |
| 18 | JH03A2884 | Bus | MESO OFFICER | 04-08-2017 | 16-10-2017 |
| 19 | JH03A2931 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 16-07-2004 | 16-07-2016 |
| 20 | JH03A2934 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 28-08-2004 | 28-05-2015 |
| 21 | JH03A2938 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 29-07-2017 | 29-07-2006 |
| 22 | JH03A2997 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 29-07-2004 | 29-01-2006 |
| 23 | JH03A3050 | Bus | SRI NUWAS HORO | 24-01-2018 | 28-05-2018 |
| 24 | JH03A3068 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 13-09-2020 | 27-02-2020 |
| 25 | JH03A3134 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 17-01-2018 | 08-05-2018 |
| 26 | JH03A3177 | Bus | THE TRIBAL WELFARE C | 30-08-2004 | 01-03-2007 |
| 27 | JH03A3269 | Bus | I/C BALESHWAR BHAGAT | 27-08-2017 | 28-11-2006 |
| 28 | JH03A3316 | Bus | TRIBAL WELFARE COMM. | 09-09-2004 | 09-03-2006 |
| 29 | JH03A3327 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 05-09-2004 | 05-06-2011 |
| 30 | JH03A3351 | Bus | TRIBAL WELFARE COMMI | 05-09-2017 | 06-12-2006 |
| 31 | JH03A3911 | Bus | D.G.& I.G.OF POLICE | 07-11-2017 | 08-02-2019 |
| 32 | JH03A3984 | Bus | THE D.I.G.OF POLICE | 16-02-2018 | 17-05-2017 |
| 33 | JH03A3986 | Bus | THE D.I.G. OF POLICE | 16-02-2018 | 17-08-2017 |
| 34 | JH03A5163 | Bus | REKHA DEVI | 18-05-2010 | 19-05-2014 |
| 35 | JH03A5859 | Bus | BIHAR STATE ROAD TRA | 27-06-2005 | 28-09-2011 |
| 36 | JH03A5860 | Bus | BIHAR STATE ROAD TRA | 27-06-2005 | 28-09-2011 |
| 37 | JH03A6355 | Bus | SHARWAN KUMAR SINGH | 16-08-2006 | 10-09-2006 |
| 38 | JH03A6775 | Bus | RAJU KUMAR | 30-06-2025 | 28-05-2025 |
| 39 | JH03A7304 | Bus | B.S.R.T.C. | 10-12-2005 | 11-09-2011 |
| 40 | JH03A8354 | Bus | B.S.R.T.C. | 18-03-2006 | 19-09-2011 |
| 41 | JH03A8355 | Bus | B.S.R.T.C | 18-03-2019 | 19-03-2008 |
| 42 | JH03A8805 | Bus | BRAJ BHUSHAN SINGH | 15-10-2006 | 29-06-2010 |
| 43 | JH03AA0296 | Bus | KARAN KUMAR | 28-04-2022 | 20-09-2020 |
| 44 | JH03AA0795 | Bus | AMRENDRA KUMAR CHAURASIYA | 28-04-2022 | 29-04-2020 |
| 45 | JH03AA1863 | Bus | MUBARAK HUSSAIN | 25-03-2022 | 09-12-2020 |
| 46 | JH03AA2543 | Bus | RAJU PRASAD GUPTA | 28-04-2022 | 29-04-2020 |
| 47 | JH03AA8890 | Bus | UTKARSH DEV | 24-03-2022 | 16-03-2021 |
| 48 | JH03AA9279 | Bus | ADARSH KUMAR | 24-03-2022 | 21-03-2021 |
| 49 | JH03AF3273 | Bus | PRAMOD KUMAR PANDEY | 03-05-2023 | 09-01-2023 |
| 50 | JH03AF5820 | Bus | PREMCHANDRA CHAUDHARY | 27-12-2022 | 17-12-2024 |
| 51 | JH03AG3190 | Bus | IMTEYAZ AHMAD | 13-03-2024 | 25-05-2022 |
| 52 | JH03AH1570 | Bus | SHANKAR RAM | 06-07-2024 | 27-09-2022 |
| 53 | JH03AH3298 | Bus | MANTU KUMAR YADAV | 24-06-2024 | 29-05-2023 |
| 54 | JH03AH7045 | Bus | LAV KUMAR SHUKLA | 05-12-2022 | 18-08-2025 |
| 55 | JH03AJ7513 | Bus | HEMLATA DUBEY | 21-01-2027 | 19-11-2025 |
| 56 | JH03AJ9260 | Bus | SUDHA EDUCATIONALTRUST | 09-11-2024 | 25-01-2025 |
| 57 | JH03AK1143 | Bus | MD. IFTEKHAR AHMAD | 02-02-2025 | 28-02-2023 |
| 58 | JH03AK1400 | Bus | IMTEYAZ AHMAD | 02-02-2025 | 30-04-2023 |
| 59 | JH03AL0636 | Bus | ORIENT PUBLIC SCHOOL | 06-07-2025 | 29-07-2023 |
| 60 | JH03AL0785 | Bus | SUDHA EDUCATIONAL TRUST | 28-05-2025 | 30-06-2025 |
| 61 | JH03AL3063 | Bus | ARUN KUMAR JAISWAL | 19-07-2025 | 25-07-2023 |
| 62 | JH03AL4470 | Bus | MINA DEVI | 23-05-2025 | 08-08-2023 |
| 63 | JH03AM0908 | Bus | BINOD PRASAD | 18-10-2025 | 13-01-2024 |
| 64 | JH03AM3673 | Bus | ALOK TOPPO | 28-08-2025 | 17-11-2025 |
| 65 | JH03AM5345 | Bus | CHANDAN PRASAD | 10-11-2025 | 03-02-2024 |
| 66 | JH03AM7922 | Bus | GUDDU PRASAD GUPTA | 13-10-2025 | 20-12-2023 |
| 67 | JH03AN6421 | Bus | RAJIV PRASAD | 23-01-2026 | 27-03-2024 |
| 68 | JH03AP0858 | Bus | VIKASH KUMAR | 23-05-2026 | 15-07-2024 |
| 69 | JH03AP2294 | Bus | MINA DEVI | 25-04-2026 | 19-07-2024 |
| 70 | JH03AP4989 | Bus | RAJESH KUMAR MISHRA | 08-04-2026 | 15-09-2024 |
| 71 | JH03AP8169 | Bus | SHAIL DEVI | 03-06-2026 | 04-09-2025 |
| 72 | JH03AQ3556 | Bus | HERITAGE INTERNATIONAL SCHOOL | 27-10-2026 | 09-01-2026 |
| 73 | JH03AQ7363 | Bus | ANUGRAH NARAIN SHARMA | 26-08-2026 | 30-01-2026 |
| 74 | JH03AR2579 | Bus | AMAR KUMAR CHAUDHARY | 30-12-2026 | 18-09-2025 |
| 75 | JH03AR7601 | Bus | AJIT KUMAR TIWARY | 30-01-2027 | 20-01-2026 |
| 76 | JH03AS0546 | Bus | ORIENT PUBLIC SCHOOL | 03-03-2027 | 31-03-2025 |
| 77 | JH03AS1879 | Bus | SHASHI KUMAR VERMA | 16-04-2027 | 22-05-2025 |
| 78 | JH03AS4900 | Bus | SHABNAM ARA | 14-04-2027 | 30-12-2025 |
| 79 | JH03AS6612 | Bus | AAROGYAM HOSPITAL & RESEARCH PVT LT | 26-03-2027 | 07-05-2025 |
| 80 | JH03AU5396 | Bus | SR EXCELLINCE TRUST | 27-08-2027 | 24-10-2025 |
| 81 | JH03AU6672 | Bus | DEDICATED SOCIETY FOR EDUCATION & S | 07-10-2027 | 29-12-2025 |
| 82 | JH03AU7193 | Bus | OMPRAKASH SAW | 31-08-2027 | 25-11-2025 |
| 83 | JH03AV0528 | Bus | GOVINDA | 10-12-2027 | 15-01-2026 |
| 84 | JH03AV0762 | Bus | SRI SATYA SAI EDUCATION TRUST | 31-10-2027 | 22-12-2025 |
| 85 | JH03AV1548 | Bus | AKASH KUMAR SINGH | 25-11-2027 | 27-12-2025 |
| 86 | JH03B1457 | Bus | WELFARE DEPT. JH.GOV | 01-12-2006 | 02-03-2006 |
| 87 | JH03B1477 | Bus | UMESH RAM & NINE OTH | 04-12-2019 | 04-12-2006 |
| 88 | JH03B1487 | Bus | WELFARE DEPT.JH.GOVT | 06-04-2007 | 06-10-2007 |
| 89 | JH03B1499 | Bus | BATESHWAR RAM | 04-12-2006 | 04-06-2019 |
| 90 | JH03B1513 | Bus | MR.RAMESH KUMAR & NI | 16-12-2006 | 17-06-2009 |
| 91 | JH03B1530 | Bus | I/C RAJESHWAR RAM & | 13-03-2021 | 17-03-2020 |
| 92 | JH03B1563 | Bus | MR.RAMCHANDRA MOCHI | 20-12-2006 | 21-06-2015 |
| 93 | JH03B1671 | Bus | I/C NARENDRA KUMAR R | 15-12-2019 | 16-09-2015 |
| 94 | JH03B2450 | Bus | WELFERE DEPT.JH.GOVT | 14-03-2007 | 15-06-2006 |
| 95 | JH03B2510 | Bus | WELFARE DEPT. JH,GOV | 11-03-2007 | 12-06-2019 |
| 96 | JH03B2677 | Bus | WELFARE DEPT.JH GOVT | 15-03-2022 | 29-09-2021 |
| 97 | JH03B2991 | Bus | WELFARE DEPT,JH GOVT | 29-04-2020 | 29-10-2007 |
| 98 | JH03B3179 | Bus | MR.RAMJEE SINGH | 28-04-2020 | 28-07-2006 |
| 99 | JH03B6546 | Bus | RAMAYAN SINGH | 28-06-2017 | 16-06-2022 |
| 100 | JH03B7665 | Bus | GIRIJA DEVI | 07-03-2008 | 08-03-2013 |
| 101 | JH03B8190 | Bus | PRABHU DAYAL SINGH | 04-08-2017 | 15-07-2018 |
| 102 | JH03B8250 | Bus | PRINCIPAL S.S.V.M. | 17-04-2008 | 19-10-2014 |
| 103 | JH03B8258 | Bus | CHANDRA GUPT PRASAD | 19-04-2008 | 21-10-2006 |
| 104 | JH03B8543 | Bus | KAMROOP PD. SINHA | 05-05-2021 | 06-05-2017 |
| 105 | JH03B9121 | Bus | ANGAD VISHWAKARMA | 26-05-2008 | 06-09-2013 |
| 106 | JH03B9153 | Bus | VINOD KUMAR MISHRA | 26-05-2008 | 06-12-2019 |
| 107 | JH03B9182 | Bus | MR. RAJAN PRASAD | 28-03-2019 | 08-09-2021 |
| 108 | JH03B9259 | Bus | PRAPHUL KUMAR | 18-06-2008 | 19-12-2008 |
| 109 | JH03B9500 | Bus | VINOD SINGH | 10-07-2015 | 29-12-2021 |
| 110 | JH03B9520 | Bus | PRAMILA DEVI | 20-10-2015 | 04-10-2020 |
| 111 | JH03B9685 | Bus | SRI VIJAY KUMAR SAHU | 06-07-2008 | 12-07-2009 |
| 112 | JH03C0094 | Bus | SRI VIJAY PD. YADAV | 30-07-2008 | 03-11-2010 |
| 113 | JH03C0483 | Bus | SMT. RENU SINHA | 19-02-2022 | 01-03-2022 |
| 114 | JH03C0694 | Bus | SRI PANNA LAL AND RAVI KR. | 26-08-2017 | 19-12-2019 |
| 115 | JH03C0695 | Bus | AJAY KUMAR SRIVASTAVA | 18-09-2008 | 20-06-2011 |
| 116 | JH03C0716 | Bus | RAN VIJAY BAHADUR SINGH | 04-01-2007 | 01-10-2006 |
| 117 | JH03C0750 | Bus | SRI MURARI PRASAD SONI | 01-09-2008 | 21-09-2007 |
| 118 | JH03C0782 | Bus | ASHOK PRASAD | 19-04-2019 | 21-06-2025 |
| 119 | JH03C0943 | Bus | PRINCIPAL OF ST. XAVIER ACADAMY | 30-09-2023 | 12-10-2023 |
| 120 | JH03C1101 | Bus | RAJEEV BHUSHAN EKKA | 19-03-2024 | 12-04-2025 |
| 121 | JH03C2728 | Bus | SRI SIYA CHARAN SINGH | 07-01-2021 | 15-05-2020 |
| 122 | JH03C2755 | Bus | DR. AMBEDKAR VIKASH SAMETEE | 14-02-2009 | 22-05-2012 |
| 123 | JH03C3613 | Bus | MISICHARAN KACHHAP | 12-03-2009 | 19-12-2007 |
| 124 | JH03C4573 | Bus | SAKHI SARWAR CHISTY | 06-06-2009 | 08-09-2009 |
| 125 | JH03C5479 | Bus | SUDHIR KUMAR MEHTA | 24-01-2018 | 30-04-2018 |
| 126 | JH03C5480 | Bus | SUDHIR KUMAR MEHTA | 24-01-2018 | 30-07-2019 |
| 127 | JH03C5645 | Bus | MR. GUPTESHWAR SINGH | 29-04-2009 | 28-10-2008 |
| 128 | JH03C5747 | Bus | KRISHNA TIWARY | 07-01-2021 | 25-04-2020 |
| 129 | JH03C8061 | Bus | RAKESH KUMAR SINGH | 04-11-2016 | 22-07-2016 |
| 130 | JH03C8263 | Bus | DG AND IG OF POLICE | 31-01-2023 | 03-08-2025 |
| 131 | JH03C9347 | Bus | RAJESH MEHTA | 15-04-2016 | 16-07-2017 |
| 132 | JH03D0677 | Bus | PRABHAT SINGH | 11-06-2010 | 14-03-2014 |
| 133 | JH03D2114 | Bus | RAJU SINGH | 17-08-2016 | 08-03-2020 |
| 134 | JH03D2585 | Bus | DHARMENDRA KR. SINGH | 03-10-2023 | 04-07-2016 |
| 135 | JH03D5021 | Bus | BISHWA BIHARI | 10-02-2011 | 20-02-2010 |
| 136 | JH03D7479 | Bus | MANISH KUMAR TIWARY | 08-01-2020 | 01-03-2020 |
| 137 | JH03D7888 | Bus | ARJUN KUMAR SINGH | 16-02-2025 | 20-05-2024 |
| 138 | JH03D9820 | Bus | ST XAVIERS ACADEMY | 31-08-2019 | 03-12-2025 |
| 139 | JH03E0417 | Bus | MADHU CHOUBEY | 29-11-2022 | 14-07-2022 |
| 140 | JH03E0419 | Bus | ALKA RANI | 29-11-2022 | 14-07-2022 |
| 141 | JH03E0519 | Bus | M/S BAL KALYAN SAMITTEE | 11-08-2012 | 10-01-2013 |
| 142 | JH03E2928 | Bus | ABHAY KR. SINGH | 07-02-2012 | 09-02-2012 |
| 143 | JH03E3971 | Bus | MAJUR MANSURI | 08-03-2017 | 10-03-2020 |
| 144 | JH03E4032 | Bus | VIJAY VISHWAKARMA | 17-09-2019 | 10-09-2019 |
| 145 | JH03E4455 | Bus | RAM NATH OJHA | 16-03-2012 | 20-03-2012 |
| 146 | JH03E4488 | Bus | BIRSA ORAON | 13-09-2022 | 22-12-2023 |
| 147 | JH03E5011 | Bus | GUDDA KESH | 17-11-2020 | 24-04-2020 |
| 148 | JH03E5151 | Bus | SHIVA NAND JHA | 01-12-2025 | 05-07-2025 |
| 149 | JH03E6750 | Bus | MANJU SHUKLA | 08-06-2012 | 11-03-2017 |
| 150 | JH03F0252 | Bus | SMT. KAMLA VISHWAKARMA | 29-05-2015 | 30-07-2019 |
| 151 | JH03F0322 | Bus | MR. DHANJAY SINGH | 24-01-2018 | 12-04-2020 |
| 152 | JH03F0323 | Bus | MR. DHANJAY SINGH | 24-01-2018 | 12-04-2020 |
| 153 | JH03F3052 | Bus | UPENDRA KUMAR SINGH | 07-09-2017 | 12-08-2019 |
| 154 | JH03G1101 | Bus | AMARJIT KUMAR KUSHWAHA | 10-04-2024 | 22-04-2024 |
| 155 | JH03G3334 | Bus | RANJU JAISWAL | 13-02-2014 | 05-03-2013 |
| 156 | JH03G4140 | Bus | DIPAK KR. GUPTA | 31-03-2021 | 18-06-2024 |
| 157 | JH03G4661 | Bus | MANOJ KUMAR SHUKLA | 08-04-2014 | 15-04-2017 |
| 158 | JH03G4699 | Bus | DASHRATH RAM | 05-08-2023 | 05-12-2024 |
| 159 | JH03G7200 | Bus | DEEPAK KUMAR | 28-09-2024 | 20-04-2024 |
| 160 | JH03G9181 | Bus | SURENDAR YADAV | 26-06-2021 | 28-02-2020 |
| 161 | JH03G9182 | Bus | AJAY KUMAR MISHRA | 06-02-2022 | 06-03-2020 |
| 162 | JH03G9183 | Bus | RAVISHANKAR MEHTA | 12-05-2018 | 06-02-2019 |
| 163 | JH03G9707 | Bus | PRASHANT KUMAR SINGH | 17-10-2023 | 16-03-2025 |
| 164 | JH03H0382 | Bus | AJAY KUMAR MISHRA | 05-10-2022 | 28-10-2020 |
| 165 | JH03H6332 | Bus | SURENDRA KUMAR | 17-02-2020 | 25-04-2019 |
| 166 | JH03H6396 | Bus | ADARSH KUMAR PANDIT | 15-04-2016 | 06-05-2020 |
| 167 | JH03H7166 | Bus | RAGHVENDRA SINGH | 08-05-2015 | 13-04-2022 |
| 168 | JH03H7307 | Bus | RAJU SINGH | 03-08-2019 | 28-05-2019 |
| 169 | JH03H7406 | Bus | NIKHIL KUMAR LAL | 16-06-2017 | 28-08-2017 |
| 170 | JH03J1892 | Bus | UTKARSH DEV | 18-12-2015 | 20-06-2020 |
| 171 | JH03J7072 | Bus | DILIP KUMAR SINGH | 07-11-2026 | 26-12-2025 |
| 172 | JH03J7200 | Bus | GUDDA KESH | 19-01-2022 | 02-04-2021 |
| 173 | JH03J8908 | Bus | UPENDRA KUMAR SINGH | 21-11-2028 | 06-01-2021 |
| 174 | JH03K2137 | Bus | NILAM KUMAR SINGH | 30-07-2016 | 29-12-2014 |
| 175 | JH03K6573 | Bus | SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR | 09-10-2016 | 11-05-2016 |
| 176 | JH03K7200 | Bus | RAKESH PRASAD | 29-04-2021 | 04-06-2020 |
| 177 | JH03L1457 | Bus | UDAY PRATAP SINGH | 19-02-2017 | 11-07-2025 |
| 178 | JH03L1706 | Bus | UPENDRA SINGH | 14-10-2016 | 16-04-2018 |
| 179 | JH03L7757 | Bus | MANISH PRASAD | 06-10-2016 | 13-03-2016 |
| 180 | JH03L7912 | Bus | ADARSH KR. PANDIT | 16-03-2017 | 13-04-2020 |
| 181 | JH03L9260 | Bus | SARSWATI SHISHU VIDYA MANDIR | 06-01-2017 | 12-07-2019 |
| 182 | JH03L9941 | Bus | ASHA CHAUBEY | 11-06-2024 | 22-03-2024 |
| 183 | JH03M1146 | Bus | UPENDRA SINGH | 28-12-2022 | 21-06-2022 |
| 184 | JH03M2121 | Bus | RAJESH ANAND JHA | 18-08-2025 | 17-10-2025 |
| 185 | JH03M2937 | Bus | RAJESH KR. MEHTA | 12-05-2017 | 16-04-2017 |
| 186 | JH03M5289 | Bus | UTKARS DEV | 27-10-2017 | 08-04-2020 |
| 187 | JH03M9664 | Bus | JYOTI PRAKASH MAHILA B.ED COLLEGE | 09-12-2021 | 18-12-2025 |
| 188 | JH03N3156 | Bus | ADARSH KR. PANDIT | 29-03-2018 | 05-04-2020 |
| 189 | JH03N3351 | Bus | NIRAJ KUMAR MEHTA | 19-10-2022 | 09-12-2022 |
| 190 | JH03N4662 | Bus | MD. MUMTAZ RAHI | 02-05-2018 | 06-04-2019 |
| 191 | JH03N8213 | Bus | UTKARSH DEV | 29-03-2018 | 05-04-2020 |
| 192 | JH03P9368 | Bus | ASHOK KUMAR SINGH | 20-07-2018 | 01-01-2019 |
| 193 | JH03Q0866 | Bus | ADARSH KUMAR PANDIT | 20-04-2019 | 25-03-2020 |
| 194 | JH03Q1812 | Bus | UTKARSH DEV | 20-04-2019 | 25-03-2020 |
| 195 | JH03Q5531 | Bus | AMRENDRA KUMAR CHAURASIYA | 20-04-2019 | 25-09-2018 |
| 196 | JH03Q8243 | Bus | ADARSH KUMAR PANDIT | 20-04-2019 | 15-04-2020 |
| 197 | JH03R0527 | Bus | RANJU JAISWAL | 20-07-2019 | 03-06-2018 |
| 198 | JH03R0895 | Bus | RAGHVENDRA KUMAR | 24-08-2019 | 21-02-2025 |
| 199 | JH03R4235 | Bus | ALOK TOPPO | 17-06-2024 | 03-09-2025 |
| 200 | JH03S1404 | Bus | SHAILENDRA KR SINGH | 18-01-2020 | 03-02-2018 |
| 201 | JH03S1957 | Bus | UTKARSH DEV | 01-02-2020 | 01-05-2020 |
| 202 | JH03S3617 | Bus | ADARSH KUMAR PANDIT | 08-02-2020 | 08-05-2020 |
| 203 | JH03S5380 | Bus | ADARSH KUMAR PANDIT | 08-02-2020 | 08-05-2020 |
| 204 | JH03S7314 | Bus | RAVI KUMAR NIRALA | 01-01-2027 | 16-03-2025 |
| 205 | JH03S7964 | Bus | UTKARSH DEV | 08-02-2020 | 08-05-2020 |
| 206 | JH03S8106 | Bus | UTKARSH DEV | 08-02-2020 | 08-08-2020 |
| 207 | JH03S8391 | Bus | SITA RAM PRAJAPATI | 08-02-2020 | 23-01-2019 |
| 208 | JH03T3774 | Bus | ADARSH KUMAR PANDIT | 09-03-2020 | 07-06-2018 |
| 209 | JH03T5963 | Bus | ASHOK KUMAR SINGH | 26-03-2020 | 22-09-2020 |
| 210 | JH03T9304 | Bus | UTKARSH DEV | 09-03-2020 | 07-06-2018 |
| 211 | JH03U3591 | Bus | UMA SHANKER CHAUBEY | 17-05-2020 | 12-08-2018 |
| 212 | JH03U6982 | Bus | HERITAGE INTERNATIONAL SCHOOL | 31-12-2026 | 27-01-2026 |
| 213 | JH03U9930 | Bus | RAJESH ORAON | 29-04-2025 | 28-05-2025 |
| 214 | JH03V0646 | Bus | AMBIKA RAM | 12-08-2020 | 03-05-2019 |
| 215 | JH03V5586 | Bus | UTKARS DEV | 14-09-2020 | 22-09-2018 |
| 216 | JH03W2204 | Bus | SUDHA EDUCATIONAL TRUST | 12-12-2027 | 30-01-2026 |
| 217 | JH03W5468 | Bus | SUDHIR KUMAR MEHTA | 04-02-2021 | 23-04-2019 |
| 218 | JH03W5599 | Bus | HERITAGE INTERNATIONAL SCHOOL | 24-07-2027 | 29-11-2025 |
| 219 | JH03W5666 | Bus | PRADUMAN YADAV | 28-12-2022 | 19-03-2023 |
| 220 | JH03X0970 | Bus | SUNIL KUMAR VERMA | 21-05-2021 | 14-08-2019 |
| 221 | JH03X2855 | Bus | ALOK KUMAR PATHAK | 21-05-2021 | 05-04-2020 |
| 222 | JH03X5026 | Bus | SITARAM PRAJAPATI | 21-05-2021 | 15-08-2019 |
| 223 | JH03X8376 | Bus | UDAY PASWAN | 06-06-2021 | 03-05-2021 |
| 224 | JH03Y1575 | Bus | RABINDRA MISTRY | 19-06-2026 | 10-08-2025 |
| 225 | JH03Y1588 | Bus | MUKESH SINGH | 13-12-2023 | 10-01-2026 |
| 226 | JH03Y1980 | Bus | MD. MUMTAZ RAHI | 04-03-2021 | 25-04-2020 |
| 227 | JH03Y4847 | Bus | ADARSH KUMAR PANDIT | 25-07-2021 | 15-08-2020 |
| 228 | JH03Y4909 | Bus | UTKARSH DEV | 25-07-2021 | 15-05-2020 |
| 229 | JH03Y6503 | Bus | AWADHESH PANDEY | 05-03-2021 | 23-01-2021 |
| 230 | JH03Y8619 | Bus | ARJUN MINJ | 07-08-2021 | 04-06-2020 |
| 231 | JH03Z2794 | Bus | SITA RAM PRAJAPATI | 25-10-2021 | 27-02-2020 |
| 232 | JH03Z3954 | Bus | UTKARSH DEV | 25-10-2021 | 20-12-2019 |
| 233 | JH03Z7306 | Bus | SHANKAR PRASAD GUPTA | 25-10-2021 | 04-08-2020 |
| 234 | JH03Z7871 | Bus | RUNU BALA DEVI | 20-11-2021 | 11-12-2024 |
| 235 | JH03Z9496 | Bus | ADARSH KUMAR | 01-12-2021 | 20-12-2019 |
| 236 | JH05V5127 | Bus | SUDHIR KUMAR MEHTA | 10-07-2017 | 26-06-2018 |
| 237 | UP61B7017 | Bus | SHAKTI DHAR SINGH | 14-04-2006 | 01-04-2008 |
| 238 | UP64C4662 | Bus | RAVI KUMAR | 03-11-2016 | 21-12-2016 |

अतः निदेश है कि 25.03.2026 तक ई पेमेंट के माध्यम से बकाया पथकर का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगें। पथकर जमा नही होने की स्थिति में वाहन स्वामियों के विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम की धाराओं का उल्लंघन करने के आलोक में झारखण्ड मोटरवाहन कररोपण संशोधन अधिनियम 2011 की सुसंगत धारा–21(क), 22(3) के तहत् दण्डात्मक कार्रवाई की जायगी।

PR 375546 (District) 25-26 (D)

जिला परिवहन पदाधिकारी,
पलामू।

संपादकीय

# रास चुनाव : क्रॉस वोटिंग का खेला

जैसी कि आशंका थी, देश में तीन राज्यों की 11 राज्यसभा सीटों में से कुछ पर क्रॉस वोटिंग हो सकती है और वही हुआ। सबसे ज्यादा क्रॉस वोटिंग कांग्रेस के विधायको ने की। हालांकि विपक्ष ने इसके लिए भाजपा और उसके धन बल को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन सवाल यह है कि भाजपा ने पैसे का लालच दिया तो भी विपक्षी विधायक बिके क्यों? दूसरे, इस चुनाव ने साबित कर दिया कि कांग्रेस नेतृत्व की अपने संगठन पर कोई पकड़ नहीं है। क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए शीर्ष स्तर कोई खास प्रयास किए गए हों, ऐसा नहीं लगा। तीसरे, भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की अगुवाई में यह पहला चुनाव था। जिसमें वो कामयाब साबित हुए हैं। उन्होंने न केवल अपनी सीट जीती बल्कि भाजपा को पांचवीं सीट भी जितवा दी। जिन 11 सीटों पर सोमवार को मतदान हुआ, उनमें से एनडीए ने 9 और कांग्रेस तथा बीजेडी को 1 1 सीट ही मिली, जबकि बिहार में राजद का एकमात्र प्रत्याशी भी हार गया। इससे यह भी साबित हुआ कि चुनाव प्रबंधन में राजद नेता तेजस्वी यादव को अभी काफी कुछ सीखना है। दरअसल बिहार, हरियाणा और ओडिशा में हुई वोटिंग ने राजनीतिक समीकरण को हिला दिया और महागठबंधन और बीजद के लिए बड़ा झटका साबित हुई। बिहार में हाईप्रोफाइल ड्रामे के बाद राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए ने क्लीन स्वीप किया। ओडिशा में भाजपा ने तीन सीटें जीतीं, तो एक बीजद के खाते में गई। हरियाणा में एक सीट पर भाजपा और एक पर कांग्रेस प्रत्याशी विजयी रहे। बिहार में कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक के मतदान से दूरी बनाने के बाद एनडीए के चार उम्मीदवार सीएम नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, आरएलएम मुखिया उपेंद्र कुशवाहा और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर प्रथम वरीयता के मत के आधार पर जीत गए। पांचवें प्रत्याशी शिवेश राम ने द्वितीय वरीयता में बढ़त के आधार पर जीत हासिल की। बिहार में नीतीश और नितिन को जीत के लिए आवश्यक प्रथम वरीयता के 41 मतों की तुलना में 44-44, ठाकुर व कुशवाहा को 42-42 मत मिले। यहां चार सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत पहले तय थी, लेकिन भाजपा ने राजनीतिक गोटियां फिट करते हुए कांग्रेस और राजद के महागठबंधन से पांचवीं सीट भी झटक ली। हैरानी की बात यह है कि जहां ओवैसी की पार्टी के 5 और बसपा के एक विधायक ने महागठबंधन के पक्ष में वोट किया, वहीं आखिरी वक्त में महागठबंधन के चार विधायक 'लापता' हो गए। इनमें एक राजद का भी था। राजद विधायक फैसल अली ने कहा कि उनकी मां बीमार है। इसलिए वोट डालने से ज्यादा उनके लिए मां महत्वपूर्ण है। उधर ओडिशा में कांग्रेस के तीन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। रमेश जैना, दसरथ गोमांगो और सोफिया फिरदौस ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाला। कांग्रेस ने इन तीनो को पार्टी से निकाल दिया है। इनके क्रॉस वोटिंग से पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप रे संसद के उच्च सदन पहुंच गए और विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार दत्तेश्वर होता हार गए। यहां कांग्रेस ने बीजेडी को समर्थन देने की घोषणा की थी। लेकिन सोफिया फिरदौस ने अपने विवेक से फैसला किया।

हरियाणा में इनेलो ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस के एक विधायक परमवीर सिंह की वोट को अवैध करार दिया गया है जबकि दूसरे कांग्रेस विधायक भरत सिंह बेनीवाल जिसके खिलाफ आपत्ति थी उसे वैध करार दिया गया। दो माह बाद रास की कुछ और सीटों के चुनाव होने हैं, इनमें मप्र की तीन सीटें भी शामिल है। आश्चर्य नहीं कि दिग्विजयसिंह का कार्यकाल समाप्त होने से खाली सीट पर भाजपा यहां भी खेला कर दे।

## कर्म कैसे फल देता है?

ज्योतिष कहता है कि मनुष्य अपने ही कर्मो का फल पाता है। कर्म कैसे फल देता है? यह इस प्रसंग से समझेः

एक दिन एक राजा ने अपने तीन मन्त्रियो को दरबार में बुलाया, और तीनो को आज्ञा दी कि एक एक थैला ले कर बगीचे में जाएं और वहाँ से अच्छे-अच्छे फल जमा करें। तीनो अलग-अलग बाग में प्रविष्ट हो गए.. पहले मन्त्री ने प्रयास किया कि राजा के लिए उसकी पसंद के अच्छे-अच्छे तथा स्वादिष्ट फल जमा किए जाएँ, उसने काफी मेहनत के बाद बढ़िया और ताजा फलों से थैला भर लिया। दूसरे मन्त्री ने सोचा राजा हर फल का परीक्षण तो करेगा नहीं, इस लिए उसने जल्दी-जल्दी थैला भरने में ताजा, कच्चे, गले सड़े फल भी थैले में भर लिए। तीसरे मन्त्री ने सोचा राजा को तो सिर्फ भरे हुए थैले से ही मतलब होगा वो खोल कर देखेगा भी नहीं कि इसमें क्या है, उसने समय बचाने के लिए जल्दी-जल्दी इसमें घास, और पत्ते भर लिए और अपना समय बचाया। दूसरे दिन राजा ने तीनों मन्त्रियो को उनके थैलों के साथ दरबार में बुलाया और उनके थैले खोल कर भी नहीं देखे और आज्ञा दी कि तीनों को उनके थैलों समेत दूर स्थान के एक जेल में 15 दिन के लिए कैद कर दिया जाए।अब जेल में उनके पास खाने पीने को कुछ भी नहीं था सिवाए उन फल से भरे थैलों के, तो जिस मन्त्री ने अच्छे-अच्छे फल जमा किये वो तो आनंद से खाता रहा और 15 दिन व्यतीत हो गए। फिर दूसरा मन्त्री जिसने ताजा, कच्चे गले सड़े फल जमा किये थे, वह कुछ दिन तो ताजा फल खाता रहा फिर उसे सड़े फल खाने पड़े, जिस से वो बीमार होगया और बहुत कष्ट उठाने पड़े। और तीसरा मन्त्री जिसने थैले में सिर्फ घास और पत्ते जमा किये थे वो कुछ ही दिनों में भूख से मर गया। अब आप अपने आप से पूछिये कि आप क्या जमा कर रहे हो? आप इस समय जीवन के बाग में हैं, जहाँ चाहें तो अच्छे कर्म जमा करें.

### विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च

# गौरैया संरक्षण की है पुकार 'आई लव स्पैरो'







संजय कुमार

÷आई लव स्पैरो÷ कोई राजनीतिक नारा नहीं है बल्कि इंसान के घर-आँगन में चह्कने - फुदकने वाली नन्ही चिड़ियाँ गौरैया को संरक्षित करने की पुकार है। इसकी शुरुआत 2010 में तब हुई थी, जब नेचर फॉर एवर सोसाइटी ऑफ इंडिया और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन ऑफ फ्रांस ने 20 मार्च 2010 को विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य बिलकुल साफ़ था, गौरैया की घटती आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उसके संरक्षण के लिए काम करना। लोगों को प्रेरित करना, क्योंकि यह इंसान के बेहद करीब रहती है। किसान मित्र तो है ही, साथ ही बच्चों का बचपन की साथी है।

'आई लव स्पैरो' पुकार मुख्य रूप से विश्व गौरैया दिवस की थीम के रूप में इस्तेमाल होता रहा है। पहली बार यह 2010 से विश्व गौरैया दिवस के तहत आया, फिर 'आई लव स्पैरो' को 2019, 2021, 2023 में, बल्कि कई सालों से लगातार विश्व गौरैया दिवस का मुख्य थीम के रूप में अपनाया जाता रहा है।

'आई लव स्पैरो' के पीछे उद्देश्य साफ़ है, कीटनाशकों का ज्यादा इस्तेमाल, कंक्रीट के जंगलों की बढ़ोतरी, पारंपरिक घोंसले बनाने की जगहों की कमी, आहार की कमी सहित अन्य कारणों से गौरैया विलुप्ति की ओर अग्रसर हो रही है। ऐसे में उसका संरक्षण अहम हो जाता है। गाँव-शहरों से घरेलू गौरैया की तेजी से घटती संख्या को देखते हुए नेचर फॉर एवर सोसाइटी ऑफ इंडिया के मोहम्मद दिलावर ने पहल की और 2010 में 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस शुरू हुआ। दिल्ली सरकार ने 2012 और बिहार सरकार ने 2013 में गौरैया को राजकीय पक्षी घोषित कर संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया था।

'आई लव स्पैरो' यानि संरक्षण मुहीम का उद्देश्य लोगों में गौरैया के प्रति प्रेम और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना है। गौरैया एक महत्वपूर्ण पक्षी है जो हमारे पर्यावरण में कीटों की आबादी को नियंत्रित करने में मदद करती है। लेकिन, उसके आवासों के नुकसान और खेतों में कीटनाशकों के उपयोग के कारण उनकी संख्या तेजी से घट रही है। इसलिए, 'आई लव स्पैरो' का नारा लोगों को गौरैया के संरक्षण के लिए प्रेरित करता है।

गौरैया भले ही आईयूसीएन की लाल सूचि में शामिल है लेकिन यह अभी जिन्दा है। 'आई लव स्पैरो' नारा/स्लोगन ने देश भर में सैकड़ों को गौरैया संरक्षण अभियान से जोड़ा है। इसमें बच्चें, युवा, बुजुर्ग, व्यक्तिगत, सरकारी और गैरसरकारी संगठन सक्रिय हैं। आज 'आई लव स्पैरो' यानि गौरैया का संरक्षण अभियान बन चुका का है। और, मुहिम आज वैश्विक रूप ले चुकी है। लोग अब अपने घरों में कृत्रिम घोंसले (बर्ड बॉक्स), दाना और पानी के बर्तन रख कर इस नन्ही चिड़ियाँ का स्वागत कर रहे हैं।




**कहाँ खो गई गौरैया की चीं-चीं :** वह भी क्या दिन थे, जब सुबह की पहली किरण के साथ खिड़की, रोशनदान या आँगन या फिर मुंडेर या घर से सटे बाग़-बाड़ी के पेड़ों पर से एक मधुर संगीत गूँजा करता था, चीं-चीं, चीं-चीं। यह हमारी नन्ही दोस्त गौरैया की चहचाहट होती थी। गौरैया की चीं-चीं, चीं-चीं सिर्फ आवाज नहीं होती, बल्कि उसके लय-ताल से जहाँ मन को सुकून मिलता वहीँ, दिमाग को थेरेपी भी। जो, तनाव, चिंता, अवसाद व व्यवहारिक समस्याओं से हमें मुक्त करता प्रतीत होता था। लेकिन, आज कंक्रीट के जंगल और बढ़ते शोर-शराबे के बीच, चीं-चीं, चीं-चीं की आवाज़ कहीं गुम गई है। हालाँकि चीं-चीं, चीं-चीं की आवाज पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। बल्कि, कई गाँव-शहर-क़स्बा-मोहल्ला-खेत-खलिहान में आज भी चीं-चीं, चीं-चीं सुनायी पड़ती है लेकिन, पहले की तरह से नहीं।

**घर-आँगन की नन्ही परी गौरैया:** अनायास ही वह दौर याद आता है जब नींद किसी अलार्म या मोबाईल के रिंग टोन से नहीं, बल्कि घर-आँगन,मुंडेर, खिड़की या बाग़-बगीचा में बैठी नन्ही गौरैया की चीं-चीं से खुला करती थी। वह नन्ही सी चिड़ियाँ हमें केवल नींद से जगती ही नहीं बल्कि घर-आंगन में उसका फुदकना, चहकना, फुर्र से पास आना और फुर्र से उड़ जाना, भूरे पंखों वाली गौरैया हमारे घरों की सिर्फ एक पक्षी नहीं, बल्कि आँगन की नन्ही परी थी, बल्कि है। हमारे घर में आती है। रहती है। इसलिए उसे घरेलू गौरैया कहते हैं। दौर बदल चुका है। कभी चिड़ियों की आवाज से सुबह की नींद खुलती थी। आज सुबह की शुरुआत मोबाइल की कर्कश रिंगटोन से होती है। गौरैया का इंसानों के साथ एक अनूठा रिश्ता रहा है। पुराने समय में जब घर मिट्टी के होते थे या खपरैल की छतें हुआ करती थीं, तब गौरैया घर के किसी कोने, रोशनदान या तस्वीर के पीछे अपना घोंसला बना लेती थी। हालाँकि, आज भी कुछ घरों में वह ऐसा करती हैं। घरों में दादी या माँ जब आँगन में बैठकर सूप से अनाज साफ करती, तो यह बेखौफ होकर उनके पास गिरते दानों को चुगने आ जाती थी। बच्चों के लिए कौतूहल का विषय होती थी गौरैया। घर के कोने में जब घोंसला बना लेती और अंण्डे देती, फिर बच्चे निकल आते, तो बच्चों की ख़ुशी देखने लायक होती थी। गौरैया का घर के अंदर आना पंखे पर बैठ जाना या ड्रेसिंग ग्लास या दिवार पर लगी आइना में अपनी परछाई से लड़ती, तो कभी आँगन या गमले की मिटटी में लोटपोट कर धूल उड़ाती, ये दृश्य मन को मोह लेते थे।

**गौरैया बचाओ, जीवन बचाओः** नन्ही चिड़ियाँ गौरैया को भूल जाते हैं जो चुपचाप हमारे पर्यावरण की रक्षा कर रही है। गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की एक सजग प्रहरी भी है। आज उसका अस्तित्व संकट में है, और उसका हमारे परिवेश से दूर जाना हमारे अपने जीवन के लिए खतरे की घंटी है। क्योंकि गौरैया का पलायन या विलुप्त होना उस जगह के वातावरण का असंतुलित होना है। गौरैया और इंसान का रिश्ता सदियों पुराना है। बेथलहम की एक गुफा से मिले 4,00,000 साल पुराने जीवाश्म इस बात के गवाह हैं कि गौरैया ने आदिमानवों के साथ भी अपना बसेरा साझा किया था। गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि इकोलॉजिकल इंडिकेटर यानि पारिस्थितिक संकेतक है। इसकी उपस्थिति स्वस्थ पर्यावरण का प्रतीक है। यह किसानों की मित्र है। क्योंकि, यह फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले कीटों को खाती है। बीजों के फैलाव में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

**यादों के झरोखे में गौरैया :** शायद ही कोई हो जिसने नन्ही गौरैया के साथ अपना बचपन न गुजारा हो। घर-आँगन में जमीन पर पड़े दाने को चुगने आने वाली गौरैया को टोकरी में फंसा कर उसे पकड़ना और फिर उस पर रंग लगा कर उड़ा देना। और, जब दूबारा आती तो ताली बजा-बजा कर बताना, मेरी वाली गौरैया। बच्चे अब यह खेल अब नहीं खेलते, वे मोबाईल पर गेम खेलने में लगे रहते हैं। आज के दौर में जब हम कंक्रीट के ऊँचे अपार्टमेंट्स की खिड़कियों से बाहर झाँकते हैं, तो आसमान में उड़ते कबूतर-चील-कौवे तो दिख जाते हैं, लेकिन वह नन्ही सी चीं-चीं करती गौरैया नहीं दिखती। यादों के झरोखे को थोड़ा और पीछे ले जाए तो, वह दौर आँखों के सामने तैरने लगता है, जब सुबह की पहली किरण और गौरैया का चहकना एक दूसरे से जुड़े थी। गौरैया का हमारे घर में प्रवेश किसी बाहरी जैसा नहीं, बल्कि परिवार के एक सदस्य जैसा होता था। वह रौशनदान, रसोई की परछत्ती, पंखे के कप, दीवार पर टंगी पुरानी फोटो फ्रेम के पीछे, बिजली के तारों के जंक्शन बॉक्स, या जहाँ भी उसे जगह मिले अपना आशियाना बना लेती थी। जब कुछ दिनों बाद उसके घोंसले से छोटे-छोटे बच्चों की कुछ दिनों बाद आवाज़ें आतीं, तो पूरा घर एक अजीब सी ख़ुशी से भर जाता था। बार-बार घोंसला तक गौरैया जोड़ा का आना और बच्चों को खिलाना, नजारा मनमोहक होता।

## क्यों कम हो रही है गौरैया की आबादी?

चींचीं करने वाली गौरैया आज कहीं दिखती है, तो कहीं एक दम से नहीं दिखती है। पिछले कुछ दशकों में गौरैया की आबादी में 60त्न से 80त्न तक की भारी गिरावट देखी गई है। गौरैया की संख्या में कमी के मूल कारणों में बढ़ता आवासीय संकट, आहार की कमी, खेतों में कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवनशैली में बदलाव, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, शिकार, गौरैया को बीमारी और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन( दोषी माना जाता है लेकिन स्टेट ऑफ इंडियंस बर्ड्स 2020- रेंज, ट्रेंड्स और कंजर्वेशन स्टेट्स ने अपने रिपोर्ट इसे ख़ारिज किया है ।

## लौट आओ नन्हे दोस्त गौरैया

इन्सान जहाँ-जहाँ गया पीछे-पीछे नन्ही घरेलू गौरैया या उसके घर-आँगन या आसपास चली आई और साथ-साथ रहने लगी। बच्चों का बचपन उसके साथ गुजरा, तो खेतों में लगी फसलों एवं बाग़-बगीचा के फल-फूल-सब्जी को नुकसान पहुँचाने वाले कीड़ों को अपना आहार बना कर किसान मित्र बनी। गौरैया घर की सदस्य, यानि दादी-नानी, दादा-नाना,दोस्त की तरह, जो सुबह सबसे पहले जागते और पूरे घर को अपनी चहचहाहट से जगाती। वह हमसे कुछ मांगती नहीं, बस जमीन पर गिरे अनाज के दाने और थोडा सा प्यार। लेकिन हमने अपना व्यवहार परिवर्तन कर आधुनिकता की चादर ओढ़ ली। कंक्रीट के जंगल का फैलाव हुआ, खपरैल-फूस या पक्के घर से उसे बहार कर दिया। कल तक जो चहचहाहट हमारे घर के आँगन का अभिन्न हिस्सा थी, आज वह केवल यादों की गलियों में कहीं खो गई है।



आज सन्नाटे से भरे बंद रोशनदान और सूने पड़े घर के कोने कहते रहते हैं, लौट आओ न नन्हे दोस्त गौरैया। हालाँकि, अभी भी कई घरों को अपनी चहचहाहट से खुशहाल बनाये हुए हैं। हालाँकि, लोग कहते हैं, अब गौरैया नहीं दिखती। गौरैया का हमसे दूर जाना केवल एक इत्तेफाक या घटना नहीं है, बल्कि हमारी जीवनशैली में बदलाव का नतीजा है। घरों से मिट्टी की खुशबू गायब हो गयी है और वह घर का कोना भी नहीं रहता जहाँ वह सुरक्षित घोंसला बना सके। हमने अपने घरों को पैक कर दिया। पैकेट बंद आहार ने गौरैया के सामने आहार संकट भी पैदा किया। पहले घर के बाहर अनाज सुखाए और साफ़ किये जाते थे, दोस्त गौरैया झुण्ड आती और अब दाना चुगती। गौरैया घास का बीज पसंद से खाती है लेकिन कंक्रीट के सड़कों ने घास को भी उजाड़ दिया। गौरैया की वापसी केवल एक पक्षी की वापसी नहीं होगी, बल्कि यह हमारी संस्कृति, संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति प्रेम की जीत होगी। वैसे गौरैया का अस्तित्व एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहाँ से वापसी का रास्ता धुंधला पड़ता जा रहा है। असंतुलित पर्यावरण, शहरीकरण और आधुनिक वास्तुकला ने गौरैया से उसका सबसे मौलिक अधिकार यानी आवास छीन लिया है। गौरैया का गायब होना ईकोसिस्टम के ढहने की पहली चेतावनी भी है। वहीँ, सकारात्मक पक्ष यह है कि गौरैया संरक्षण का जो बिगुल 20 मार्च 2010 'विश्व गौरैया दिवस को फूंका गया था उसकी गूंज असर दिखने लगी है, लोगों के प्रयास से उनके घरों में फिर से गौरैया की घर वापसी हो रही है ।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नये लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार अत्यन्त संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा।

**वृषभ**
वे कार्य करें जो आप वास्तव में केवल अपनी खुशी के लिये करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है।

**मिथुन**
जीवनसाथी के व्यवहार को लेकर थोड़े असन्तुष्ट हो सकते हैं। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। नये व्यापारिक समझौते करने से बचें।

**कर्क**
आज आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में अच्छा धन लाभ हो सकता है।

**सिंह**
रुके हुये कार्यों को पूर्ण करने का दिन है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**कन्या**
अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें।

**तुला**
आय के अनुपात में धन अधिक खर्च हो सकता है। घर के लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें। वैवाहिक सम्बन्धों में कुछ कड़वाहट आ सकती है।

**वृश्चिक**
किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। आप कार्यों को तय समय में पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यन्त गम्भीर रहेंगे।

**धनु**
आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गम्भीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

**मकर**
वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखदायक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आज डिनर पर जाने की योजना बना सकते हैं। किसी सामाजिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ**
आज मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से लाभ हो सकता है। दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिये उचित नहीं है।

**मीन**
सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जायेंगे। फाइनेन्स से जुड़े कार्यों के लिये दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे अत्यन्त प्रसन्न एवं सन्तुष्ट रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुलारचंद यादव हत्याकांड में अनंत कुमार सिंह को मिला बेल, समर्थकों में खुशी की लहर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा जदयू के विधायक बाहुबली अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार को गुरुवार के दिन भदौर थाना कांड संख्या 110/2025 राजद समर्थक दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में माननीय उच्च न्यायालय से बेल मिलने की खबर सुनते ही लोगों में बेहद खुशी का आलम देखा गया। बाढ़ के बांध रोड चौक के पास उनके समर्थकों में जमकर आतिशबाजी की एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाइयां खिलाई और



जमकर नारेबाजी किया। इस मौके पर लोगों ने कहा कि विधायक जी के जीत के बाद लोग देखने के लिए तरस गए थे। अब वह हमारे साथ होंगे कार्यक्रम का जश्न का आयोजन विधायक के समर्थक रवि शंकर विद्यार्थी ने की इस मौके पर गुड्डू सिंह केशव कुमार बबलू सहित दर्जनों लोग में जमकर जश्न मनाया।

### डॉ. हेडगेवार की आरएसएस ने मनाई जयंती

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को राउत टोला-तिवारी टोला स्थित नव वर्ष प्रतिपदा उत्सव डॉ० हेडगेवार जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में बौद्धिक (सह संचालक) शशि भूषण पांडे खंड संचालक , मुख्य शिक्षक मुकेश कुमार उर्फ विवेक, प्रार्थना त्रिशूल कुमार तथा अध्यक्षता राजकुमार ने किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार गुप्ता, धीरज कुमार, रुद्र कुमार, रवि शर्मा, मनोज कुमार, चंद्र भूषण पांडे, इंदु तिवारी, अनोज सहित कई राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवकों ने भाग लिया।

### चोरों ने किया गहने व 55 हजार नकद चोरी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना क्षेत्र के दोस्त नगर में बीती रात चोरों ने छत के सहारे घर में प्रवेश कर 55000 नकद एवं साढे तीन लाख रुपये गहने चुरा कर ले गए। इधर गृहस्वामी ने अपने एक बगलगीर पर ही चोरी की आशंका व्यक्त करते हुए मनेर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार दोस्त नगर निवासी जितेंद्र राय के घर में बीती रात अज्ञात चोर उनके छत के ऊपर चढ़कर बांस की सीढ़ी के सहारे घर के अंदर प्रवेश कर गये। घर के अंदर प्रवेश करने के बाद चोरो ने घर के सोए हुए लोगो के कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी। उसके बाद चोरो ने घर के अलमीरा, बक्शा तोड़कर सोने का झुमका, मांग टीका, 3 हनुमान जी एवं दुर्गा जी की 2 लॉकेट, दो ना,थ एवं चांदी की चार पायल के अलावा 55,000 नकद चुरा कर ले गए। सूचना पर मनेर 112 की टीम पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। वही घर वाले जितेंद्र कुमार ने बगल के ही पड़ोसी पर चोरी की आशंका व्यक्त करते हुए नामजद किया है। वही मामले को लेकर कई तरह की चचाएं है। इधर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

### बालू लोड दो ट्रैक्टरों के साथ तीन गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छितनावा के पास पुलिस ने सूचना पर छापेमारी करते हुए ईट भट्ठा की मिट्टी के नीचे छुपा कर गंगा बालू लोड कर जा रही तो ट्रैक्टरों को पकड़ा है। ट्रैक्टर के साथ ही तीन लोगों को मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई के लिए जुटी हुई है। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो ट्रैक्टर पर ईट भट्ठा की मिट्टी के नीचे छुपा कर अवैध तरीके से गंगा बालू बेचने के लिए ले जाया जा रहा है। जिसके बाद छापेमारी करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया है। मामले में ट्रैक्टर के ड्राइवर समय तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शाहपुर, मठियापुर के रहने वाले बबन राय, छितनावा के पिंकू कुमार व नीतीश कुमार शामिल है।

### अथमलगोला में नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के इंग्लिश गांव स्थित बाबा दुःखहरण नाथ महादेव मंदिर के 83 वें स्थापना दिवस के अवसर पर नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन भव्य तरीके से किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए व्यास सुधीर जी ने बताया कि श्री राम कथा आयोजन समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा का 26 मार्च को समापन होगा। जिसमें लोक संत मंगल मूर्ति श्री जयराम



जी महाराज के मुखारविंद से श्री राम रस का पान कराया जाएगा।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन संध्या 6 बजे से हरि इच्छा तक प्रवचन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी ग्रामीणों के सहयोग से रामरस प्रेमियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तम व्यवस्था की गई है। कथा के प्रथम दिवस ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।लोक संत ने बताया कि ये कथाएं मयार्दा, त्याग, प्रेम और कर्तव्य का संदेश देती हैं, जो समाज में संस्कार और आध्यात्मिक जागृति लाती हैं।इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, विद्वजन, एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु देर रात तक श्री राम कथा सागर में डुबकियां लगाते दिखे।

### चर्चित दीपक व राजेंद्र हत्याकांड में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना का सबसे चर्चित और मिस्टीरियस हत्याकांड जो अभी तक पुलिस के लिए गुत्थी अनसुलझी बनी है। इस कांड में एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपी का नाम कान्हा यादव उम्र 33 वर्ष पिता वीरेंद्र यादव, जियाउद्दीन चक जमालपुर निवासी है। दरअसल धनरूआ थाना कांड संख्या 490/25 के तहत पीड़ित शीला देवी पति राजेंद्र पासवान के बयान पर जियाउद्दीन चक जमालपुर के आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें पिता पुत्र दीपक और राजेंद्र पासवान को घर से अगवा कर ले जाने और उसकी हत्या कर देने का मामला था,और घटना बीते 10. 8 2025 को घटी थी ,उसके अगले सुबह दीपक कुमार का शव मिला था, लेकिन आज तक उसके पिता राजेंद्र पासवान का शव पुलिस ने बरामद नहीं कर पाई है जो पुलिस के लिए यह कैसे चुनौती पूर्ण रहा है और अभी तक यह हत्याकांड के गुत्थी पूरी तरह से नहीं सुलझ पाई हैं। बहरहाल इस घटना में आरोपित चार लोग पहले से गिरफ्तार हो चुके हैं अन्य के लिए छापेमारी की जा रही है।

### बेरहमी से पिटाई, कहा 30 हजार दो, पिस्टल खरीदनी है..

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाइक पर सवार तीन युवकों ने पहले पिस्तौल का भय दिखाकर उसे बाइक पर बिठाया और सोनकुकरा बगीचे में ले गया, जहां बेल्ट से बेरहमी से पिटाई करते हुए कहा कि 30 हजार दो पिस्टल खरीदनी है, नहीं तो एक ट्रक बालू गिरा दो, यह मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र का है। जहां पर सोनकुकरा निवासी रिजु कुमार पिता मृत्युंजय कुमार ने तीन लोगों पर नामजद और तिन अज्ञात पर केस दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है और पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल पीड़ित युवक रिजु कुमार के द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा है की सब्जी मंडी से अपना कार्य कर जब घर वापस लौट रहे थे तो रास्ते में बाइक पर सवार तीन लोग आए और पहले पिस्तौल का भय दिखाते हुए मुझे बाइक पर बिठा लिया उसके बाद सोनकुकरा बगीचा में ले जाकर बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की और कहा हैं ₹30 हजार दो पिस्टल खरीदनी है। जिसमें रोहित कुमार, लीक्कू कुमार, और हैदर अली है, यह तीनों सोनकुकरा के हैं। इन सबों के अलावा तिन अज्ञात युवक और थे।जो सबों ने बेल्ट से मारपीट की है बहरहाल आवेदन मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### श्री रुद्रमहायज्ञ के तहत निकली भव्य कलश जलयात्रा

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सरथुआ स्थित तोप-सरथुआ रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे मैदान में सप्तदिवसीय श्री रुद्रमहायज्ञ का आयोजन किया गया है।इस आयोजन के पहले फतुहा के त्रिवेणी संगम गंगा घाट से आकर्षक कलश जल यात्रा निकाली जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत किया। कलश यात्रा में स्थानीय बख्तियारपुर विधायक अरुण कुमार शाह भी शामिल



हुए।यह यात्रा करीब 15 किलोमीटर चलकर महायज्ञ स्थल परिसर पहुंची।यज्ञ में पंडित श्री संतोषानंद जी महाराज के नेतृत्व में यागाचार्य पंडित श्री चक्रपाणि जी महाराज द्वारा यज्ञ के कर्मकांड किये जायेंगे।अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्री श्यामदास जी महाराज (अयोध्या धाम) के द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन रोज संध्या 7 बजे से 10 बजे रात्रि तक किया जाएगा। आयोजन समिति के विमलेश कुमार,मोहाबी कुमार,रवि रंजन,कृष्णा प्रसाद,अनिल प्रेमी,शैलेन्द्र कुमार आर्य,शिशुपाल कुमार,संतोष रंजन,बमशंकर कुमार,पिंटू व अन्य ने बताया कि यज्ञ को लेकर समीपवर्ती गांवों में भी श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

# चैत्र नवरात्र : कलश स्थापना के साथ मां शक्ति की आराधना शुरू

**पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था, भक्ति और शक्ति की उपासना के साथ नवरात्रि के इन नौ दिनों में मां दुर्गा पृथ्वी पर अपने भक्तों के बीच आती हैं और उनकी सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थनाओं को स्वीकार करती हैं। मसौढी में मां शक्ति की नौ स्वरूपों की आराधना गुरुवार से शुरूआत हो चुकी है। सुबह से ही मसौढी के विभिन्न देवी स्थान मंदिर एवं दुर्गा मंदिरों में मां शक्ति के 9 रूपों की पूजा हो रही है। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में कलश स्थापना की गई, जहां पर पूरे विधि-विधान के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की गई, इस दौरान मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर समेत विभिन्न शक्ति मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है, श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य गोपाल पांडे ने बताया कि इस बार मां का आगमन डोली और प्रस्थान हाथी से हो रहा है, जो कई मायनो में शुभ संकेत नहीं है। लेकिन शुभ और अशुभ दोनो का महासंयोग है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। हर दिन देवी के एक विशेष रूप को समर्पित होता है और उसी के अनुसार भक्त पूजा-अर्चना करते हैं।इन दिनों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, मां दुर्गा की आरती करते हैं और घरों में कलश स्थापना कर देवी का आह्वान करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि सही मुहूर्त में घटस्थापना करने से घर में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। नवरात्रि के दौरान अष्टमी और नवमी तिथि का भी विशेष महत्व होता है, जब कन्या पूजन किया जाता है।बहरहाल चैत्र नवरात्र के पहले दिन यानी आज से हिंदी महीने की शुरुआत हो रही है, ऐसे में आज से हिंदी कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष भी है, जिसको लेकर कई जगहों पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, वहीं मंदिरों में भी भक्त पहुंच कर मां की आराधना में जुट गए हैं। घरों और मंदिरों में कलश स्थापना के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। आचार्य गोपाल पांडे ने बताया कि शास्त्रों में माता का पालकी पर आना बहुत शुभ नहीं माना जाता है,ज्योतिषीय दृष्टिकोण से इसे प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उथल-पुथल का सूचक माना गया है। पालकी पर आगमन से संभावित मौसम में अनिश्चितता बनी रहती है।

## आज होगा मसौढी, धनरूआ एवं पुनपुन में पैक्स का चुनाव, वोटिंग की तैयारी हुई तेज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में पैक्स चुनाव को लेकर बिगुल बज चुका है। मसौढी अनुमंडल के मसौढी, धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड में कुल 6 पैक्सों में चुनाव होना है। चुनाव के लिए नामांकन 8 अप्रैल से शुरू होगा। वहीं 20 अप्रैल को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। गुरुवार को ही पैक्स चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई है। निर्वाचन समिति ने चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। चुनाव को लेकर अब सारी तैयारी तेज हो गई है।खास बात यह है कि उसी दिन वोटों की गिनती भी पूरी कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे, यानी चुनाव और नतीजे एक ही दिन में साफ हो जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक 08-09 अप्रैल को नामांकन,10अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी, जबकि 11 अप्रैल नाम वापस लेने की अंतिम तिथि तय की गई है। 20 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि मैनेजमेंट कमिटी के पदों में आरक्षण का भी प्रावधान रखा गया है। अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के लिए दो-दो सीटें आरक्षित रहेंगी। इन आरक्षित सीटों में से 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए तय की गई।क्योंकि किसानों को कर्ज, खाद-बीज और अन्य जरूरी सुविधाएं इन्हीं समितियों के माध्यम से मिलती हैं। इसलिए स्थानीय स्तर पर इन चुनावों का खास महत्व है और गांवों में इन समितियों के जरिए कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी किसानों तक पहुंचता है।चुनाव को लेकर प्रशासनीक तैयारीयां तेज कर दी है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाए। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाएगी।

## मसौढ़ी में ईद को लेकर 39 जगहों पर पुलिस-दंडाधिकारी की तैनाती

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शांति व सद्भावपूर्ण माहौल में ईद त्योहार सम्पन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। अनुमंडल प्रशासन की ओर से पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 39 जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जहां 39 दंडाधिकारी सात वरीय दंडाधिकारी 195 लाठी पुलिस बल और 39 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।अनुमंडल प्रशासन के द्वारा जारी आदेश के अनुसार ईद के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए मसौढी अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्र में संवेदनशील स्थानो पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये गया है।खास तौर पर मसौढी में संघत पर पुरानी बाजार और काश्मीरगंज के स्थानो को अतिसंवेदनशील रखा गया है। इसके अलावा 139 संख्या में पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## नदवां में चला अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर, पहले दिन पांच स्थाई/अस्थायी मकानों को किया गया ध्वस्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुरुवार को धनरूआ थाना क्षेत्र के मौजा नदवां, थाना नंबर 161 अतिक्रमण वाद संख्या 02/2014-25 के तहत पहले दिन तकरीबन 5 स्थाई /अस्थाई तौर पर बने हुए अतिक्रमित मकान को तोड़ा गया है। इसके अलावा कुल 26 अतिक्रमण भूमि को चिन्हित करते हुए मकानों को तोडा जाना है। दरअसल बताया जा रहा है कि न्यायालय में चल रहे अतिक्रमण वाद की सुनवाई के बाद आदेश अनुसार नदवां में अतिक्रमण वाद चलाते हुए कुल 26 स्थाई /अस्थाई तौर पर बने हुए मकान, छज्जा, बाहरी दीवाल, आदि को तोडा जाना है। ऐसे में इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा धनरूआ प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावा सांख्यिकी पदाधिकारी मिथिलेश कुमार को



सहायक दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त की गई है। जहां अतिरिक्त दंडाधिकारी एक, पुलिस पदाधिकारी और 50 पुलिस बल और 20 महिला बल की प्रति नियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि नदवां गांव में पुस्तकालय के पास जिला प्रशासन के द्वारा के प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त करने की कारवाई की गई है।पहले दिन पांच अतिक्रमित मकानों को तोडा गया है। इसके साथ ही अंचल अमीन नागेंद्र ने बताया की कुल 26 स्थाई एवं अस्थाई तौर पर बने हुए कई मकानों को तोड़ा जाना है।जिसमे किसी का बाहरी दिवाल,छज्जा, और कुछ का पुरा मकान को तोडा जाना है यह मामला न्यायालय मे वर्प 2014 से चल रहा है।ऐसे अतिक्रमण कर आगे बढ कर मकान बनाने या रास्ते मे छज्जा निकालने और ओटा बनाने आदी अतिक्रमण शामिल है।

## तालाब खुदाई के दौरान निकले भगवान श्री कृष्ण, दर्शन पाने को उमड़ी भीड़

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के राजाबीघा गांव के समीप छठ घाट को लेकर हो रहे तालाब खुदाई के दौरान गुरुवार के दोपहर में अचानक खुदाई के दौरान एक प्रतिमा दिखाई दी, खुदाई करने वाले कुछ क्षण के लिए अवाक रह गए और फिर उसे बड़ी



सहजता के साथ निकाला गया, जहां काले रंग की तकरीबन 2 फीट की प्रतिमा में भगवान श्री कृष्णा नजर आए, उसके बाद फिर क्या था पूरे गांव मे इसी खबर आग की तरह फैल गई जहाँ दर्शन पाने के लिए भीड़ टूट पड़ी, काफी संख्या में जैसे ही या खबर पूरे गांव में फैली की खुदाई के दौरान भगवान श्री कृष्ण निकले हैं तो दूर-दूर से लोग देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड पड़ी। लोगों ने कहा की मंदिर की स्थापना होनी चाहिए, भगवान श्री कृष्णा खुदाई के दौरान जमीन से अंदर निकले हैं इससे धरती पूरी तरह से पवन और पवित्र हो चुकी है, अभी चैत्र नवरात्र और लोक आस्था का महापर्व छठ चल रहा है इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने सब को दर्शन दिया है ऐसे में यह पूरी धरती पवित्र हो चुकी हैं। खुदाई के दौरान भगवान श्री कृष्ण की काले रंग की प्रतिमा निकलने के बाद लोगों ने पूजा अर्चना भी करना शुरू कर दिया लोगों ने फूल माला से उन्हें पूजा कर आशीर्वाद भी लेने लगें। दरअसल बताया जा रहा है कि पटना गया फोरलेन से ठीक पूर्व दिशा में राजा बीघा गांव में जाने वाले रास्ते के बीच एक भूखंड पर पूरे गांव के लोगों के सहयोग से छठ घाट के रूप में तालाब निर्माण कराया जा रहा था उसी दरमियान खुदाई के दौरान भगवान श्री कृष्ण की काले रंग की प्रतिमा मिली है।

## गांधी मैदान में साढे सात बजे पढ़ी जाएगी सामूहिक ईद की नमाज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माहे रमजान के पाक महीने का अंतिम रोजा के बाद अगले सुबह ईद का पर्व मनाई जाएगी ऐसे में गांधी मैदान मसौढी में 7:30 बजे सुबह ईद की सामूहिक नमाज पढी जाएगी, उसके बाद मसौढी ईदगाह में 7:45 में सामूहिक नमाज अता की जाएगी, उसके बाद मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों में भी निर्धारित वक्त पर ईद की नमाज पढ़ी जानी है। जिसको लेकर टाइम टेबल भी निर्धारित कर दी गई है। इस संबंध में मोहम्मद नसीम उद्दीन मल्लिक,पूर्व मुखिया ने बताया कि इस वर्ष ईद- उल-फितर की नमाज इंशा अल्लाह 21 मार्च दिन शनिवार को सूर्योदय के बाद पढ़ी जाएगी।इस वर्ष मुस्लिम समुदायों का पवित्र माह रमजान के तीस रोजा पूर्ण होने की इमकान है।

## बिहार वेटरिनरी कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 71 यूनिट रक्त संग्रह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार वेटरिनरी कॉलेज, पटना के प्रांगण में बिहार एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले एवं प्रथमा ब्लड सेंटर, पटना के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज के 99 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीन डॉ. पल्लव शेखर, निदेशक आवासीय निर्देश-सह-अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. पंकज कुमार सिंह, मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. भानु प्रसाद चौधरी, प्रोफेसर ए एंड एम यूनिवर्सिटी टेक्सास-सह-एडजंक्ट प्रोफेसर बि.प.वि. विवि, पटना, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. मनोज कुमार सिंह एवं मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. रत्नेश कुमार चौधरी की उपस्थिति में हुआ। इस रक्तदान शिविर में लगभग 160 छात्रों ने स्वास्थ्य जांच करवाई, जिनमें से 71 छात्रों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मुख्य अतिथि डॉ.



भानु प्रसाद चौधरी ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो आपातकालीन स्थिति में किसी का जीवन बचा सकता है। शिविर के सफल आयोजन में प्रथमा ब्लड सेंटर की टीम-पंकज सिंह बघेल, डॉ. नीरज कुमार निराला एवं विकास रंजन-का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जबकि कार्यक्रम का संचालन छात्रावास वार्डन डॉ. सोनी कुमारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पल्लव शेखर ने स्वयं रक्तदान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

## रामनवमी व ईद को लेकर पालीगंज थाना में शांति समिति की बैठक

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पालीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधित



करते हुए थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि रामनवमी जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता दोनों पर्वों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। जुलूस के दौरान झंडों की ऊंचाई निर्धारित सीमा के भीतर रखने की अपील की गई, ताकि बिजली तारों एवं यातायात व्यवस्था में कोई बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने और किसी भी भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा नहीं करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी जुलूस में धारदार हथियार या किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डीजे साउंड के स्थान पर छोटे साउंड बॉक्स एवं हॉर्न के उपयोग की सलाह दी गई है। जानकारी के अनुसार, रामनवमी के अवसर पर चढ़ोस मोड़ स्थित शिव मंदिर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुलूस की शक्ल में शोभायात्रा निकालकर पूरे नगर बाजार के भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर शोभायात्रा समाप्त होती है। जिसमें राम, सीता, लक्ष्मण,हनुमान झाकियां भी निकलती है । जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जगह झ्र जगह शरबत एवं पानी की व्यवस्था की जाती है । बैठक में ए एस आई रोहितेश्वर कुमार, वार्ड पार्षद संजय प्रसाद, सुमेर सिंह, पूर्व सरपंच उर्मिला देवी, चंद्रसेन वर्मा, मुखिया मीना देवी, मधेश्वर यादव, दुर्गा प्रसाद, धीरज गुप्ता, करन गुप्ता, कमलेश शर्मा, माले नेता अनवर हुसैन, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, विकास कुमार, मो. अजमल हुसैन, मुकेश सोनी, मोहन चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### छह खाली सिलेंडर, दो सील सिलेंडर के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गैस सिलेंडर की कृत्रिम किल्लत दिखाकर कई स्थानों पर कुछ जमाखोर इसका फायदा उठाने की फिराक में लगे हैं। इसके मद्देनजर पुलिस महकमा के स्तर से सभी जगहों पर व्यापक अभियान चलाकर ऐसे जमाखोर खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हैं।ऐसे गुरुवार को पुनपुन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए छापेमारी की, जहां एक मोबाइल दुकान से 6 खाली सिलेंडर दो भरा हुआ सिलेंडर जप्त की गई हैथानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि डुमरी स्थित मोबाइल दुकान से सिलेंडर की बिक्री की जा रही थी, सत्यापन हेतु मोबाइल दुकान पर छापमारी की गई तो मोबाइल दुकान के स्टोर रूम से 06 खाली सिलेंडर एवं दो भरा हुआ एलपीजी 14.2 केजी सिलेंडर बरामद हुआ है। ऐसे में मोबाइल दुकानदार अविनाश कुमार पिता कृष्णा साहू ग्राम डुमरी को गिरफ्तार किया गया है। उसे कार्रवाई से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वाले और जमाखोरों के बीच हड़कंप मची हुई है।

## आठ दिवसीय रासलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ, वृंदावन से आए कलाकारों ने दिखाई कृष्ण गोपियों की झलकियां

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गुरुवार से वृन्दावन बरसाने से पधारे कलाकारों द्वारा अष्टदिवसीय रासलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मसौढी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक व अवध अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सुधीर कुमार एवं डॉक्टर राखी रानी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं



ठाकुर जी के आरती, पूजन-वंदन करके किये गए। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर रामजयपाल सिंह, सचिव अनील कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अनील कुमार मिट्ठू, संयोजक विश्वरंजन, उमेश कुमार आदि मंच पर उपस्थित रहे। पहले दिन कार्यक्रम में राधामाधव जी का गोपियों संग रास, मयूर नृत्य, कथक नृत्य, थालियों का नृत्य सहित अन्य कई प्रकार की झांकिया तथा चन्द्रावली सखी के साथ निकुंज लीला प्रस्तुत की गई। चन्द्रावली सखी परम रूपवती और कान्हा जी की प्रेयसी थी। वो रोज व्रज में दूध-दही, मक्खन बेचने जाती थी। उनके प्रेम को परखने के लिए कान्हा जी स्त्री का रूप धारण कर उनकी परीक्षा लेते हैं। और अंत में उस पर प्रसन्न होकर अपनी भक्ति तथा रासलीला में प्रवेश का अधिकार प्रदान करते हैं। बहुत ही सुन्दर लीला की प्रस्तुतीकरण किये गए। मनसुख भी अपने हास्य व्यंग्य से दर्शकों को खूब हंसाये। व्यास नन्दकिशोर जी के मधुर भजन-कीर्तन व राधे राधे श्याम मिला दे के गायन पर दर्शक खूब झूमते-गाते रहे।

# पालीगंज में सामुदायिक भवन पर अवैध कब्जा

**थाना से सौ गज दूर मंदिर परिसर बना नशेड़ियों का अड्डा**



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार के चंदोस मोड़ स्थित शिव मंदिर परिसर में बने सामुदायिक भवन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक निजी व्यक्ति ने भवन में ताला जड़कर उसे अपने कब्जे में ले लिया है। हैरानी की बात यह है कि थाना से महज सौ गज की दूरी पर स्थित यह परिसर अब नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, सड़क किनारे स्थित इस मंदिर परिसर में पर्याप्त जमीन होने के बावजूद विकास कार्य ठप पड़ा है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय राजनीति इसके पीछे बड़ी बाधा बनी हुई है। मंदिर के विकास और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए पालीगंज के पूर्व विधायक जयवर्द्धन यादव उर्फ बच्चा बाबू ने वर्ष 2019-20 में अपनी निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था, लेकिन वर्तमान में उस पर अवैध कब्जा कर ताला जड़ दिया गया है। बताया जाता है कि कब्जाधारी ने भवन के अंदर निजी सामान भी रख दिया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि कमरे में रखे सामानों की जांच कराई जाए, क्योंकि ऐसे स्थानों का उपयोग मादक पदार्थों को छिपाने के लिए भी किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि पहले सामुदायिक भवन में आमजन की आवाजाही बनी रहती थी, जिससे मंदिर परिसर सुरक्षित रहता था। लेकिन ताला लगने के बाद लोगों का आना-जाना कम हो गया, जिसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने यहां जमावड़ा बनाना शुरू कर दिया। स्थिति यह है कि थाना के पास होने के बावजूद परिसर में नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्व में पुलिस की सक्रियता बनी रहती थी। थानाध्यक्ष नियमित रूप से पुलिस बल भेजते थे और स्वयं भी निरीक्षण करते थे, जिससे असामाजिक तत्वों में भय बना रहता था। लेकिन अब प्रशासन की नजर इस ओर कम हो गई है। मंदिर में पूजा करने आने वाली महिलाएं भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं, परिसर में अवैध वाहन पार्किंग भी बढ़ गई है। इस संबंध में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि गलत तत्वों की बढ़ती गतिविधियों और समिति की निष्क्रियता के कारण उन्होंने मंदिर जाना कम कर दिया है। उन्होंने कहा, सेनापति मौजूद है, लेकिन सैनिक साथ नहीं हैं, ऐसे में स्थिति संभालना मुश्किल हो गया है।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि बिना समिति की अनुमति के सामुदायिक भवन में ताला लगाया जाना पूरी तरह गलत है। वहीं, मंदिर के सचिव चंद्रसेन कुमार वर्मा ने कहा कि सामुदायिक भवन आम जनता की सुविधा के लिए बनाया गया है, इस पर किसी निजी व्यक्ति का कब्जा नहीं होना चाहिए।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय नववर्ष सृष्टि के नव आरंभ धर्म, सत्य और संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक : यमुना सिकरिया

**मोतिहारी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर उद्योगपति भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया द्वारा अपने कॉलेज मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम आयोजित किया



गया। इस अवसर पर उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद , प्रदीप रूंगटा, अनिल प्रसाद सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। सभी लोगों ने मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित किया एवं मिठाई बांटी। इस अवसर पर उपमेयर डॉक्टर लाल बाबू प्रसाद ने सभी को भारतीय नव वर्ष की बधाई दी, और कहा सृष्टि की सारी रचना आज के ही दिन प्रारंभ होती है। यह नववर्ष सभी के लिए मंगलमय हो। यमुना सीकरीया ने कहा भारतीय नव वर्ष सृष्टि के नव आरंभ धर्म, सत्य और संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। हिंदू नव वर्ष हमारे काल गणना, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करने वाला दिन है सभी स्कूलों कॉलेज में यह कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए। सभी माता - पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही भारतीय गौरवशाली संस्कृति के बारे में बताना चाहिए। यह नया भारत है जो मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त भारत, समृद्ध भारत व विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

### भारी मात्रा में शराब जप्त, तीन गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार मैनाटांड पुलिस ने विशेष अभियान के तहत छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार की देर रात भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है। इधर पुलिस ने मौके से तीन कारोबारी को धर दबोचा है। प्रशिक्षु डीएसपी सन्नी दयाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से शराब की खेप बभनौली गांव के रास्ते मैनाटांड लाया जा रहा है। जो मौका मिलते ही ठिकाने पहुंचा दिया जाएगा। इसी दौरान तीन व्यक्ति माथे पर बोरा लेकर आते दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर शराब की खेप समेत उक्त तीनों लोगों को धर दबोचा। प्रशिक्षु डीएसपी सन्नी दयाल ने बताया कि सात बोरा में 630 बोतल शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान बसंतपूर गांव के बीरेंद यादव राजबली यादव एंव दिलीप कुमार बताया जाता है।

### चूल्हे से उठी चिंगारी से लगी आग, दो घर जले

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल क्षेत्र के भसुरारी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 12 लाइन कटघरवा में चाय बनाने के दौरान चूल्हे से उठी चिंगारी से आग लग गयी। इस घटना में दो फुसनुमा घर जल गए। इस घटना में लालबाबू राउत और शेख अफसर के घर मे रखे कपड़ा, वर्तन, अनाज समेत अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। आग की लपटों को देख आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पहुचीं अग्निशमन की गाड़ी और स्थानीय लोगो के कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण चाय बनाने के दौरान चूल्हे से उठी चिंगारी बताया गया है। वही पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। घटना की पुष्टि करते हुए मुखिया प्रतिनिधि संतोष पाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### हिंदू नववर्ष पर प्रभात फेरी, सांस्कृतिक उत्साह का माहौल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु-बालिका विद्या, राजड्योढ़ी के भैया-बहनों, आचार्यों, प्रधानाचार्य, कर्मचारियों एवं विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। यह फेरी राजड्योढ़ी से नया बाजार, द्वारदेवी चौक एवं चर्च रोड होते हुए सम्पन्न हुई।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र रूंगटा उपस्थित रहे। उन्होंने विक्रम संवत एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल व सुरक्षित संचालन में कालीबाग थाना के थानाध्यक्ष मार्कण्डेय साहू, सिपाही सुमन सिंह, लालबाबू यादव एवं अखिलेश कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।अंत में प्रधानाचार्य विनीता कुमारी ने सभी को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इसे नई आशा, समृद्धि व सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बताया।

### बिहार दिवस पर बेतिया में भोजपुरी लोक चित्रकला कार्यशाला 22 से

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा बिहार दिवस-2026 के अवसर पर जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय भोजपुरी लोक चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 22 से 24 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक गांधी सभागार, बड़ा रमना, बेतिया में आयोजित होगी।कार्यशाला में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां उन्हें भोजपुरी लोक चित्रकला की पारंपरिक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी मोबाइल नंबर 9931986612 पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि कुल 50 प्रतिभागियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल स्थानीय कला के संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी सशक्त माध्यम बनेगी।

### दो शराब कारोबारी गिरफ्तार, शराब बरामद स्कॉर्पियो जप्त

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर कोटवा पुलिस ने गुरुवार को दो विभिन्न गांवों में छापामारी कर 59.28 लीटर के करीब विदेशी शराब बरामद किया। वहीं दोनों कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बंगरा गांव में छापामारी कर एक स्कॉर्पियो न्से 750 मल के 56 बोतल ब्लेंडर प्राइड विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान भोपतपुर थाना क्षेत्र के



जसौली जमुनिया गांव निवासी कृष्ण ठाकुर के पुत्र आदित्य कुमार के रूप में की गई है। वही दूसरा छापामारी कोटवा बाजार स्थित दुर्गा चौक के समीप एक स्कूटी से तलाशी के क्रम में 8 पीएम ऑफिसर चॉइस ब्रांड की कुल 96 पैक विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही 27500 नगद भी जप्त किया गया । गिरफ्तार कारोबारी की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के दीपऊ गांव निवासी रविंद्र प्रसाद के पुत्र मनीष कुमार के रूप में किया गया । थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया दोनों शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### अधर में लटके 50 से अधिक जन्म मृत्यु के आवेदन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में आरटीपीएस के माध्यम से जमा किए गए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के करीब 50 से अधिक आवेदन पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित हैं। जबकि इन प्रमाण पत्र को एक सप्ताह में निर्गत करने का समय निर्धारित है। पंचायत सचिवों के स्तर परआवेदनों के सत्यापन कार्य नही होने के कारण निष्पादन में देरी हो रही है। जिससे लाभुको को प्रमाण पत्र के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय स्थित आरटीपीएस काउंटर पर पहुंचने वाले कुंडिलपुर की सबजहां खातून, पुरैनिया हरसरी के जितेंद्र प्रसाद बरनवाल,धुमनगर की अफसाना खातून, सुनीता देवी आदि ने बताया कि उनके आवेदनों का सत्यापन अब तक संबंधित पंचायत सचिव द्वारा नहीं किया गया है। जिसके चलते उन्हें कभी पंचायत तो कभी प्रखंड का चक्कर लगाना पड़ रहा है। लाभुकों का कहना है कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के समय पर न मिलने से लोगों को बच्चों के नामांकन समेत अन्य जरूरी कार्यों में परेशानी हो रही है। बता दे कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र को निर्गत करने की समय विभाग द्वारा अधिकतम एक सप्ताह निर्धारित है। लेकिन पंचायत स्तर पर सत्यापन नही होने के चलते लाभको को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# जयप्रकाश विवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान सम्मेलन शुरु

## शोध व नवाचार पर विशेषज्ञों ने किया मंथन





**छपरा (सारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन - रासायनिक विज्ञान की नई दिशाएं: ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य में अनुप्रयोग (एफसीएस-2026) का शुभारंभ विश्वविद्यालय स्थित सीनेट हॉल में गरिमामय वातावरण में हुआ। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के सहयोग से आयोजित इस संकर (ऑनलाइन-ऑफलाइन) सम्मेलन की शुरूआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने अपने संबोधन में रसायन विज्ञान को जीवन दर्शन से जोड़ते हुए कहा कि यह बंधन और समूहों का विज्ञान है। उन्होंने कहा कि हमें रसायनों से यह सीखना चाहिए कि जीवन में कब स्थिर अवस्था में रहना है और कब ऊर्जा से भरकर सक्रिय होना है। कुलपति ने बताया कि बिहार सरकार आगामी सत्र से विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्टता केंद्र और अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र की स्थापना करने जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शीघ्र ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर शोध और संसाधनों के आदान-प्रदान की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत में सम्मेलन के संयोजक एवं रसायन विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए देश-विदेश से आए अतिथियों, प्रतिभागियों और वक्ताओं का स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ. शाची मिश्रा ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह मंच ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोधों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. के.पी. श्रीवास्तव ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय में शोध के प्रति बढ़ते उत्साह का श्रेय कुलपति के मार्गदर्शन को दिया। शैक्षणिक सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. रबिंद्र सिंह ने शोध की गुणवत्ता और मौलिकता पर जोर देते हुए कहा कि अनुसंधान केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। राजकीय पॉलिटेक्निक मढ़ौरा के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने तकनीकी शिक्षा और शुद्ध विज्ञान के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रयोगशाला के प्रयोगों को तकनीकी कौशल से जोड़कर ही औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता प्रो. वी.के. तिवारी (काशी हिंदू विवि, वाराणसी) ने अपने संबोधन में भारतीय वैज्ञानिकों को चीन और जापान की तर्ज पर शोध कार्यों के व्यावसायिक उपयोग की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी, ताकि अनुसंधान का लाभ उद्योग और आम लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि विज्ञान को मातृभाषा में भी प्रभावी ढंग से समझा और साझा किया जा सकता है। उद्घाटन सत्र का समापन संयुक्त आयोजन सचिव डॉ. वर्चस्वल कश्यप के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. नारायण दास, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. अभिषेक दुबे सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद और शोधार्थी मौजूद रहे।

## नवसंवत्सर पर संघ का अनुशासित पथ संचलन, गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर

**रक्सौल(पूर्वीचंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रक्सौल द्वारा शहर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस दौरान दो सौ से अधिक स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से नगर के प्रमुख मार्गों पर संचलन करते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति



के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य समाज मंदिर परिसर में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के साथ हुआ। यहां आद्य सरसंघचालक को नमन एवं भगवा ध्वज के समक्ष वंदन के पश्चात स्वयंसेवक पंक्तिबद्ध होकर पथ संचलन के लिए रवाना हुए। संचलन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः आर्य समाज मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। पथ संचलन के दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। छतों और सड़कों से लोगों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर प्रांतीय सामाजिक सद्भाव संयोजक कृष्ण कुमार ने कहा कि संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा समाज को संगठित करने के उद्देश्य से की गई थी, जो आज एक मजबूत और व्यापक संगठन के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करते हुए देश को वैभव के शिखर तक पहुंचाना संघ का मूल लक्ष्य है।

## कार्य से अनुपस्थित रहने पर पंचायत सचिव के विरुद्ध मुखिया ने बीपीआरओ को दिया आवेदन

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के घोड़ासहन दक्षिणी पंचायत के मुखिया राजू जायसवाल ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन देकर पंचायत सचिव जयप्रकाश राम पर गंभीर आरोप लगाए हैं.मुखिया ने इसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना, जिला पंचायती राज पदाधिकारी तथा जिलाधिकारी को भी भेजी है.मुखिया ने बीपीआरओ को दिए आवेदन में बताया कि पंचायत में कार्यरत सचिव जयप्रकाश राम बिना सूचना अक्सर ड्यूटी से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं,साथ ही योजनाओं से संबंधित कार्य कराने के एवज में रिश्वत की मांग की जाती है. मुखिया ने आवेदन में यह भी कहा है कि अपने निजी डेरा में रह कर सभी सरकारी कार्यों को मनमाने ढंग से कराया जाता है.जब काम को लेकर पूछताछ की जाती है, तो सचिव द्वारा झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हैं.साथ ही बार-बार अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत केस दर्ज कराने की धमकी दी जाती है, जिससे पंचायत प्रतिनिधि और आम लोग दबाव में है.

## चिरैया के 23 संकुल संसाधन केंद्रों पर हो रहा है वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद बिहार पटना के निर्देश पर गुरुवार से प्रखंड के 23 संकुल संसाधन केंद्रों (सीआरसी) पर मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। इन केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने 460 शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता के रूप में प्रतिनियुक्त किया है। वहीं बीईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि मूल्यांकन कार्य को लेकर विद्यालयों में कक्षाएं बाधित नही होगी। मूल्यांकन के साथ विद्यालय में पठन -पाठन का कार्य जारी रहेगा। जिसमें मूल्यांकन कार्य से वंचित शिक्षक पठन पाठन का कार्य करेंगे। वही पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रधानाध्यापक सह सीआरसी के मूल्यांकन निदेशक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि इस केंद्र पर 23 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। वहीं मूल्यांकन केंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी मध्य के संकुल संचालक संजीव कुमार ने बताया कि मूल्यांकन कार्य 19 मार्च से 24 मार्च तक किया जाना है। वहीं इस बीच 21 जनवरी को ईद का एवं 22 जनवरी को रविवार एवं बिहार दिवस का अवकाश भी है। सीआरसी उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी के संचालक सह प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन ने बताया कि सभी परीक्षक को प्रति दिन कम से कम 60 व्यवहत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। सभी परीक्षक को मूल्यांकन कार्य हेतु लाल स्याही वाले कलम का जबकि प्रधान परीक्षक को हरे रंग के स्याही वाले कलम का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। मूल्यांकन केंद्र महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी केंद्र पर प्रधान परीक्षक के रूप में शिक्षक अजित बैठा, शिक्षक धनंजय कुमार दुबे, रामसागर प्रसाद, कुमोद पंडित, विजय कुमार यादव, विजय कुमार एवं खड़तरी मध्य विद्यालय केंद्र पर विजय कुमार, सृष्टि प्रिया, हिमांशु कुमार, प्रशांत कुमार, सुनीता कुमारी, बबिता कुमारी, इस्लाम अंसारी, शशिभूषण पासवान सहित सभी मूल्यांकनकर्ता मौजूद थे।

## बेतिया में बनेगा सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण सहित आसपास के जिलों के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज के लिए उन्हें बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। बिहार सरकार के अधीन बेतिया में एक अत्याधुनिक सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला मुख्यालय बेतिया में इस परियोजना को लेकर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अस्पताल निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया था। जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने इस दिशा में तेजी से पहल शुरू कर दी है।अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए करीब पांच एकड़ भूमि की आवश्यकता है। सरकार द्वारा यह शर्त रखी गई थी कि अस्पताल के लिए जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास ही चिह्नित की जाए, ताकि आवागमन में सुविधा हो सके। इसी के मद्देनजर बेतिया-अरेराज मुख्य सड़क के किनारे बेतिया राज की पांच एकड़ जमीन का चयन किया गया है।उन्होंने बताया कि चयनित भूमि का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और नियमानुसार अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। अस्पताल बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को हृदय रोग, कैंसर, न्यूरोलॉजी समेत कई गंभीर बीमारियों के इलाज की आधुनिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी।इस पहल से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि मरीजों को समय और धन दोनों की बचत भी होगी। स्थानीय लोगों में इस परियोजना को लेकर उत्साह का माहौल है।

## 31 मार्च तक कराएं जीवन प्रमाणन, तभी जारी रहेगी पेंशन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए जीवन प्रमाणन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। विभागीय निदेर्शानुसार जीवन प्रमाणीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद केवल उन्हीं लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान किया जाएगा, जिन्होंने समय पर अपना जीवन प्रमाणन पूरा कर लिया होगा। प्रशासन द्वारा यह सुविधा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी ई-लाभार्थी लॉगिन के जरिए जीवन प्रमाणन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन सख्त, बैकलॉग घटा

### उपभोक्ताओं को मिल रही राहत, अब तक 26 औचक निरीक्षण किये गये

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सख्त है। अपर समाहर्ता- सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिंहा ने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी के तहत जिलास्तर, अनुमंडल स्तर एवं प्रखंड स्तर पर लगातार गैस गोदामों पर छापेमारी की जा रही है। गोदामों में उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया जा रहा है तथा वितरण व्यवस्था की सघन निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।उन्होंने बताया कि 18 मार्च को एसडीएम, बेतिया सदर एवं एसडीपीओ, बेतिया के साथ संयुक्त रूप से प्रज्ञा गैस एजेंसी, नूतन गैस एजेंसी एवं बेतिया भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एजेंसी संचालकों को एलपीजी आपूर्ति को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक 26 औचक निरीक्षण किए जा चुके हैं। आपूर्ति की स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 18 मार्च को 10,654 एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग हुई, जबकि 13,918 सिलेंडरों का वितरण कराया गया। यह संकेत देता है कि अब वितरण की गति बुकिंग से अधिक है, जिससे लंबित बुकिंग (बैकलॉग) लगातार कम हो रही है और व्यवस्था सामान्य होने की ओर बढ़ रही है।शिकायत निवारण की स्थिति पर उन्होंने बताया कि 19 मार्च तक कंट्रोल रूम में कुल 337 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 303 का समाधान कर दिया गया है, जबकि शेष शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया जारी है।उन्होंने कहा कि प्रशासन की सख्ती का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। उपभोक्ताओं को अब राहत महसूस हो रही है और वे आश्वस्त हैं कि उन्हें गैस सिलेंडर की डिलीवरी समय पर और घर तक आसानी से प्राप्त होगी।

## इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर साल के भांति इस साल भी बुधवार की शाम साठी बाजार में सार्वजनिक दावते इफ्तार का आयोजन किया गया । इस दौरान हिंदू और मुस्लिम समाज के जन प्रतिनिधियों के साथ रोजदार एवं आम लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारा का मिसाल पेश की। इस सार्वजनिक इफ्तार पार्टी में जिला पार्षद कलीम गफ्फार, डॉ वस्सीउल्ला, डॉ अहद, मोहम्मद रेहान, हाफिज बैठा, मोहम्मद आलम खा, दावा व्यवसायी मिनहाज आलम, जिला वार्ड संघ के अध्यक्ष दीपक रावत, भाजपा नेता मैनूदिनआलम, पूर्व मुखिया सत्येंद्र राव, पप्पू सोनी, धिरज साह, जीउत साह, गुड्डू पटेल, प्रमोद सोनी, मनीष कुमार, प्रिंस कुमार, अंकित ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे । इस संदर्भ में जिला पार्षद कलीम गफ्फार ने बतलाया कि हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल कायम करते हुए इस इफ्तार पार्टी का आयोजन प्रति वर्ष के भाती इस वर्ष भी किया गया है। इफ्तार के बाद सभी रोजदारों ने मुल्क में शांति और अमन चौन के लिए दुआ मांगी । जिला पार्षद ने कहा कि इस इफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तरजीह की मिसाल झलक रही है। आगे भी दोनों समुदाय के सहयोग से इफ्तार पार्टी का आयोजन चलता रहेगा। मौके पर थाना परिवार के चै समीर कुशवाहा, जामदार रघुनंदन मेहता, वायरलेस ऑपरेटर आदित्य कुमार पांडे, चौकीदार सुरेश राम, होरिल यादव, आदि उपस्थित रहे । वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने इस काम के लिए क्षेत्र वासियों को बधाई दी तथा ईद शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

## थाना निरीक्षण में सख्त दिखे डीआईजी, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चम्पारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने गुरुवार को मझौलिया थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। थाना परिसर पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने थाना की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अभिलेखों, लंबित कांडों तथा उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य थाना की कार्यक्षमता बढ़ाना और लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाना है। उन्होंने पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया।डीआईजी ने हत्या, लूट, डकैती सहित अन्य गंभीर मामलों की समीक्षा करते हुए जांच में तेजी लाने और अपराध नियंत्रण के लिए नियमित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने आम नागरिकों को थाना से बेहतर सुविधा देने पर भी जोर दिया।इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, मालखाना, हाजत, अभिलेख संधारण तथा कार्यालय व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। मौके पर थानाध्यक्ष अमर कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

### पति समेत ससुराल वालों पर केस दर्ज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लौरिया थाना क्षेत्र के बरवा शेख गांव में दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता संध्या कुमारी ने महिला थाना में पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज शिकायत में संध्या कुमारी ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2016 में रंजीत कुमार सिंह से हुई थी।

# भारत विकास परिषद, रक्सौल शाखा की नयी कार्यकारिणी का गठन

## रजनीश प्रियदर्शी सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत, सेवानिवृत्त डीएसपी समाजसेवी नरेश कुमार को सचिव की कमान





**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बैंक रोड स्थित एक आवासीय परिसर में बृहस्पतिवार को भारत विकास परिषद, शाखा-रक्सौल की सत्र 2026झ27 की नयी कार्यकारिणी के गठन हेतु एक विशेष बैठक परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर उत्तर बिहार प्रांत की ओर से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक के तौर पर प्रांतीय अध्यक्षा डॉ. पुतुल सिन्हा एवं प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती धीरा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। रक्सौल शाखा की ओर से अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं दोशाला भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी सदस्यों के आपसी विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रजनीश प्रियदर्शी को अध्यक्ष, सेवानिवृत्त डीएसपी नरेश कुमार को सचिव तथा सुनील कुमार को वित्त सचिव का दायित्व सौंपा गया। सभी सदस्यों ने सभी नामों का ध्वनिमत से अनुमोदन किया । नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, सचिव नरेश कुमार एवं वित्त सचिव सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र समर्पण का एक पवित्र अवसर है। उन्होंने परिषद के पंचसूत्र - संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण को संगठन की शक्ति बताते हुए सभी सदस्यों से समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन एवं सभी पदाधिकारियों के सहयोग से परिषद शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी तथा जरूरतमंदों तक अपेक्षित सहायता पहुँचाने का कार्य करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार कर विभिन्न गतिविधियों के प्रमुखों की घोषणा एवं दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय अध्यक्षा डॉ. पुतुल सिन्हा ने सभी दायित्वधारियों को बधाई देते हुए इस बात को रेखांकित करते हुए परिषद को एक गैर-राजनीतिक, प्रबुद्धजनों का संगठन बताते हुए रक्सौल शाखा को जनहित एवं सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर बल दिया। अंत में राष्ट्रगान एवं नवमनोनीत सचिव नरेश कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भरत प्रसाद गुप्त , निवर्तमान अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल, सीताराम गोयल, सुभाष अग्रवाल, उमेश सिकारिया, नीतेश कुमार सिंह, अजय कुमार, बिमल कुमार सर्राफ, विजय कुमार साह, सुरेश धानोठिया, मनोज कुमार, विनोद रौनियार, अरविंद जायसवाल, धर्मनाथ प्रसाद, विनोद कुमार, अजय हिसारिया एवं संतोष कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। इसकी जानकारी परिषद के नवमनोनीत अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

CMYK

# त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा थाना परिसर में गुरुवार को थानाध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में रामनवमी, छठ एवं ईद को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम, अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार एवं अवर निरीक्षक ऋतु कुमारी प्रमुख रूप से शामिल थे। इसके अलावा जनप्रतिनिधि समाज सेवी एवं लाइसेंसधारी तथा प्रखंड क्षेत्र के पूजा कमेटी के लोग मौजूद रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र के बारे में बारी बारी से जानकारी प्राप्त की, तथा अपील करते हुए उन्होंने कहा कि रामनवमी महापर्व एवं ईद पर्व पर दोनों समुदाय के लोग आपस में मिलजुलकर पर्व मनाना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ रामनवमी पर्व के दौरान डीजे एवं हथियार प्रदर्शन करने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। शरारती तत्व के लोगों पर पुलिस प्रशासन का पैनी नजर रहेगी। 28 मार्च को ओबरा में रामनवमी पर्व को लेकर जुलुस पर भी चर्चा किया। सरकार के निर्देश को पालन करने की बात कही गई तथा निर्धारित समय पर नमाज अदा करने की बात कही। इधर, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि दोनों समुदाय के लोग पर्व में एक दूसरे के भावना का ख्याल रखें और सहयोग करें। आवश्यकतानुसार पुलिस प्रशासन आपके साथ है , चिन्हित स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति किया जाना है। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग लगातार जारी रहेगी पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति दोनों पर्व को लेकर की जाएगी। इस मौके पर पंचायत समिति रंजीत भगत, सरपंच विजेंद्र कुमार, रविकांत कुमार सिंह, मोहम्मद जावेद सिद्की, सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा, सुशील कुमार, पैक्स अध्यक्ष रंजन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार, पुष्कर अग्रवाल, चंदन कुमार सिंह, विजय यादव, मोहम्मद सुल्तान संजय जसवाल, बेल उप मुख्य प्रतिनिधि मोहम्मद जावेद सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## मध्य विद्यालय ऊब में हिंदी व अंग्रेजी के शिक्षक नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय ऊब में शिक्षक का काफी अभाव है। शिक्षकों के न रहने से परेशानी होती है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ रही है परंतु शिक्षक कम हो रहे हैं। महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं हैं जिस कारण शिक्षण कार्य प्रभावित है। विद्यालय में वर्ग एक से आठ तक की पढ़ाई होती है। वर्ग सात की प्रीति कुमारी सहित बताते हैं यहां महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक नहीं है जिस कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या 200 है। प्रतिदिन करीब 180 की संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय आते हैं। हिंदी-अंग्रेजी के शिक्षक छात्रों के साथ कमी कचौट रही है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या प्रधानाध्यापक समेत नौ है। वर्ग छह से आठ में मात्र तीन शिक्षक हैं। यहां दो शौचालय है। शौचालय की स्थिति ठीक नहीं है। प्रधानाध्यापक की माने तो चाहरदीवारी नहीं रहने से परिसर में पशुओं का चारागाह बन गया है।

# विहंगम योग संत समाज ने निकाली स्वर्वेद यात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। चैत्रशुक्ल पक्ष विक्रम संवत् 2083, सदाफलदेव 138 भारतीय नववर्ष के अवसर पर ब्रह्मविद्या विहंगम योग संत समाज रफीगंज के तत्वाधान में स्वर्वेद शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा रानी बजराज हाई स्कूल के प्रांगण से निकलकर बस स्टैंड, मुख्य बाजार रेलवे स्टेशन टिकट काउंटर होते हुए महाराजगंज से थाना रोड काली स्थान बाबुगंज से हाजीपुर गोला पर समापन किया गया। इस यात्रा में संत समाज के सैकड़ों गुरु भाई बहनों ने विहंगम योग संत समाज का अमूल्य सद्ग्रंथ स्वर्वेद को अपने माथे पर लेकर तथा अंकित श्वेत ध्वजा हाथ में लहराते हुए। सदगुरुदेव भगवान का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति स्थापित करने हेतु सद्गुरु प्रभु एवं ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विहंगम योग संत समाज के उपदेष्टा उमेश कुमार, पूर्व जिला कल्याण सेवा प्रभारी सह पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा,पूर्व उपदेष्टा कुलदीप नारायण, प्रभारी सुबोध कुमार, पूर्व प्रभारी मिथिलेश कुमार पाल, राजगृह विश्वकर्मा, राम प्रवेश सिंह, देबुलाल विश्वकर्मा, विजय चौधरी,राकेश कुमार, वकील विश्वकर्मा, विनय कुमार गुप्ता,तड़ीत कुमार समदर्शी, अभिषेक कुमार विश्वकर्मा, ज्ञानशीष कुमार, शिव प्रसाद दांगी, राम प्रवेश सिंह फदरपुरा, अजीत कुमार सिन्हा, सत्येन्द्र कुमार पाल, सुभाष कुमार यादव, पप्पू कुमार, रामपति यादव,गोविन्द विश्वकर्मा, महेश यादव, उपेंद्र यादव, राजेंद्र महतो, विनय सिंह, विश्वनाथ कुमार सोनी, राधे श्याम विश्वकर्मा, कन्हैया प्रसाद, मनोज कुमार यादव, राम विलास यादव, लक्ष्मी देवी, शकुन्तला देवी, पूर्व पार्षद नगीना देवी, निर्मला देवी, अंजु देवी, अनुराधा देवी, प्रतिमा देवी, कांति देवी, बेबी देवी, अंतिमा देवी, संगीता देवी, निलम देवी के साथ साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र से प्रकृति में दिखेगा आमूल बदलाव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। गुरुवार से विक्रम संवत की शुरुआत हो गया है। सनातनी धर्मावलंबियों ने एक दुसरे का अभिवादन व्यक्त कर शुभकामनाएं दी। वहीं चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा की तिथि से चारों तरफ नवरात्रा में भगवती दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की अराधना शुरू हो चुकी है। सभी मंदिरों एवं शिवालयों से शंख, घंटा एवं घडियाल की आवाजें सुनाई देने लगी है। विश्व हिन्दू परिषद के जिला सह मंत्री डॉ. नवीन कुमार पाठक ने बताया कि आज से प्रकृति में आमूल - चूल बदलाव देखनें को मिलेगा, तभी तो महाराजा विक्रमादित्य ने सनातनी कैलेंडर की शुरूआत आज से ही की थी। वहीं विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार के जिला प्रमुख राम पुकार सिंह एवं हरिओम ने कहा कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि की शुरूआत आज ही के दिन से किया था। आज से ही हिन्दू कैलेन्डर की शुरूआत शुरू हुई थी। एक जनवरी तो अंग्रेजों का नया साल होता है और यह क्रिश्चिनिलीटी कैलेन्डर है। इस पावन अवसर पर सलैया थाना क्षेत्र के हरि बिगहा में हर घर पर भगवा ध्वज लहराए गए। दर्जनों की संख्या में सनातनियों ने हाथों में बैनर, भगवा ध्वज लेकर पुरे नगर बसती में प्रभात फेरी निकाली गई। हिन्दू नव वर्ष मंगलमय हो कि एक दुसरे को बधाईयां दी। कार्यक्रम में लाला साव, अशोक साव, शीत कुमार, सुरज कुमार, शशि सुमन, अभिमन्यु कुमार, केदार साव, सुशील यादव, सुप्रिया कुमारी, आकाश कुमार सहित कई सनातनियों ने सहभागिता निभाएं। वहीं मदनपुर के पूर्वी सीमा पर स्थित नारायण पुरम में भी विश्व हिन्दू परिषद के आजीवन हित चिंतक जितेन्द्र सिंह परमार के नेतृत्व में सैंकड़ों की संख्या में सनातनियों ने प्रभात फेरी कर शंखनाद करते हुए हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया।

## खादी मिशन के राष्ट्रीय संयोजक बाल विजय भाई टैमेकर का निधन, शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। महाराष्ट्र पवनार आश्रम संत में विनोबा भावे के पूर्व निजी सचिव व खादी मिशन के राष्ट्रीय संयोजक वयोवृद्ध गांधीवादी बाल विजय भाई टैमेकर का बुधवार को साढ़े 12 बजे दिन में आकास्मिक निधन हो गया। बता दें कि वे करीब सौ वर्ष के थे। उनका पूरा जीवन खादी और सर्वोदय के लिए समर्पित था। वे एक सच्चे गांधीवादी और खादी सेवक थे। इनके निधन से खादी और सर्वोदय के क्षेत्र में पूरे देश में एक अपूरणीय क्षति हुई है। स्व. टैमेकर के निधन की खबर की सूचना पर बिहार के सर्वोदय और खादी जनों ने गहरी संवेदना प्रकट किया है। उनके निधन पर लोकसमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा सतीश, सर्वोदय मंडल के चंद्रभूषण खादी के प्रभाकर कुमार, अरविंद कुमार, जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार, सुनील कुमार, राम विनोद चौबे, ललन मिश्रा, पंकज कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र सुमन और जीवनारायण प्रसाद सहित ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड अग्निशामालय के तत्वावधान में गुरुवार को दोपहर कासमा रोड़ स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के सहयोग से आग से बचाव को लेकर एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रभात फेरी निकालकर पूरे क्षेत्र में लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने “आग से बचाव ही सुरक्षा है” जैसे नारों के साथ लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया, जिससे माहौल पूरी तरह जागरूकता से भर गया।

इस कार्यक्रम में वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह, पदाधिकारी कुन्दन कुमार, प्रखंड अग्निशामालय पदाधिकारी मुन्ना कुमार सहित कई अग्निशमन कर्मी उपस्थित रहे। साथ ही अग्निक चालक नीरज पासवान, रामनाथ कुमार, अग्निक बंटी कुमार, अभय कुमार निराला, हरेराम कुमार एवं सुषमा कुमारी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार के नेतृत्व में शिक्षकगण भी अभियान में शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रभा कुमारी ने बताया कि आग से संबंधित घटनाएं अक्सर लापरवाही के कारण होती हैं, इसलिए समय रहते सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों को गैस सिलेंडर, बिजली उपकरण और ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आग लगने की स्थिति में प्राथमिक उपाय, सुरक्षित निकास और फायर ब्रिगेड को सूचना देने की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान से न केवल बच्चों बल्कि स्थानीय लोगों में भी सुरक्षा के प्रति नई सोच विकसित हुई और सभी ने इसे सराहनीय पहल बताया।

# रामनवमी की तैयारी को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज बडी दूर्गा स्थान परिसर मे रामनवमी की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता शंकर शौंडिक, संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधी दिलीप उर्फ कारू प्रसाद ने किया। बैठक मे जूलूस एवं झाकियां शांतिपूर्ण ढंग से निकालने पर चर्चा की गयी। शहर के सभी गलियों में महावीरी झंडा लगाये जायेगे। सभी सदस्यो को दायित्व दिया गया। बताया कि बडी दूर्गा स्थान मे विभिन्न जगहो का जूलूस एकत्रित होकर, गाजे- बाजे के साथ अस्पताल रोड, थाना परिसर, मेन बाजार, स्टेशन रोड, बस स्टैंड होते हुये वापस बडी दूर्गा स्थान आकर समाप्त होगी। इस अवसर पर प्रदीप उर्फ बाबू शौंडिक, पवन शौडिक, संतोष साव, राजू गूप्ता, शिवनन्दन प्रसाद, रंजीत मिश्र, चंदन सोनी, मनोज सिंह, सूरज कुमार, मयंक,अशोक प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद, भीम साव, संतोष कुमार , विष्णु कुमार, सूरज गुप्ता, विकास, शुभम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने प्रधानाध्यापकों संग बैठक कर शिक्षा व्यवस्था सुधार पर दिया जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के पथरौल स्थित उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को गोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड के सभी सरकारी हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। बैठक का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर विधायक का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान प्रधानाध्यापकों ने अपने-अपने विद्यालयों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। किसी विद्यालय में कक्षाओं की कमी, तो कहीं खेल मैदान का अभाव, वहीं कई स्कूलों में पेयजल, शौचालय और भवन की जर्जर स्थिति जैसी समस्याएं सामने आईं। विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने सभी प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आपसी समन्वय और सक्रियता आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों की समस्याओं को लिखित रूप में उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि उन्हें आगामी 7 अप्रैल को आयोजित ‘दिशा’ की जिला स्तरीय बैठक में प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा के विकास के लिए वे हर संभव सहयोग देंगे। बैठक में विधायक ने विद्यालयों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, भवन और कक्षाओं की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली तथा बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, प्रधानाध्यापक अम्बुज प्रसाद, अनिल कुमार, आलोक कुमार, शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा, शंभू शरण सत्यार्थी, राजद नेता अजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष मनीष यादव, सूरज कुमार, बिपिन कुमार सहित कई अन्य शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रंजीत कुमार बने किसान सलाहकार संघ के प्रखंड अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्रखंड कृषि कार्यालय में गुरुवार को बैठक कर किसान सलाहकार संघ का चुनाव किया गया। संघ के जिला उपाध्यक्ष आकाश कुमार की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। रंजीत कुमार को निर्विरोध किसान सलाहकार संघ के प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। वहीं दीपक कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, मनीष कुमार को उपाध्यक्ष तथा रमेश शर्मा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी मिली। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार ने प्रखंड कृषि कार्यालय के सभी कर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि वे किसान सलाहकारों की समस्याओं को मुखरता से उठाएंगे और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर किसान सलाहकार संघ के जिला उपाध्यक्ष आकाश कुमार,कृषि समन्वयक परशुराम पासवान, सुजित कुमार राम, संजीव कुमार, किसान सलाहकार रामाकांत कुमार, रंजीत कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार, दिल्फराज अशर्फी, संजीव कुमार सिंह एवं कृषि कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# डोर टू डोर कचरा उठाव बंद होने से परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। डोर टू डोर कचरा उठाव कार्य मदनपुर में बंद हो गया है। नगर पंचायत के द्वारा साफ सफाई कार्य कराया जाएगा। यदि स्वच्छता ग्राहियों द्वारा कचरा उठाव कार्य करेंगे तो उनका मानदेय का भुगतान नहीं हो सकेगा। लोहिया स्वच्छता मिशन के तहत पंचायत राज के अंतर्गत पंचायत के माध्यम से वार्ड स्तर पर स्वच्छता ग्राहियों द्वारा घर-घर से सुबह-सुबह कचरा का उठाव किया जाता था जिससे घरों से निकलने वाले कचरों का निपटान हो जाता था जिससे साफ सफाई का वातावरण बना रहता था। ज्योंहि स्वच्छता ग्राही कचरा का उठाव करना बंद कर दिए जिस कारण कचरा घरों में रहने से एक समस्या उत्पन्न हो गया है। स्थानीय प्रदीप ठाकुर, विनोद कुमार ठाकुर, दिलीप कुमार गुप्ता, नारायण प्रसाद, अभिमन्यु प्रसाद सिंह का कहना है कि एक तरफ सरकार लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ग्राहियों का बहाल कर डोर टू डोर कचरा उठाव कर निपटाने की दायित्व दिया गया। मानदेय राशि स्वच्छता ग्राहियों को मिलने से कार्य भी इमानदार से करते थे। जनवरी, फरवरी और मार्च माह के कुछ दिनों तक किया लेकिन मानदेय नहीं मिलने से कचरा उठाव करना छोड़ दिए। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि कचरा उठाव तत्काल बंद है। हाल ही में मदनपुर नगर पंचायत घोषित है। अब नगर पंचायत के माध्यम से कचरा उठाव होगा। बकाया मानदेय राशि का भुगतान करने के लिए प्रयास किया जाएगा।

# राम भक्तों ने पचार पहाड़ के शिखर पर लगाया महावीरी ध्वज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के पचार पहाड़ पर गुरुवार को राम भक्तो द्वारा चैत्र नवरात्रि के एकम को लेकर पचार पहाड़ के शिखर पर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में महावीरी ध्वजा लगाया गया तथा पुजन किया गया। राम भक्त राजू गुप्ता ने बताया कि कई वर्षों से पचार पहाड़ पर महावीरी ध्वज हमलोग लगाते आ रहे हैं। काफी अधिक संख्या में राम भक्त एवं पचार गांव के ग्रामीण पचार पहाड़ के शिखर पर पहुंचकर महावीरी ध्वज लगाया एवं पुजन किया गया। राम भक्त डीके एवं मनोज मधुकर ने बताया कि इस वर्ष हम लोग रामनवमी दो बार मना रहे हैं। पहली रामनवमी हम लोगों ने 22 जनवरी अयोध्या में श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मनाया था। आज से हम लोगों ने रामनवमी पर्व की शुरुआत के अवसर पर पूजन पाठ शुरू कर दिया है। इस मौके पर राजु गुप्ता,मनोज कुमार मधुकर, डीके कुमार,गौरव गुप्ता, सूरज कुमार, विकास कुमार, ओमप्रकाश पाल, संतोष कुमार सुनील कुमार, संतोष कुमार, चंदेश्वर भगत, भीम कुमार सहित राम भक्त शामिल हुए।

## दूसरी बार खुदवां पैक्स अध्यक्ष बने बिजेंद्र

**ओबरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। ओबरा प्रखंड परिसर स्थित सभागार में खुदवां पैक्स मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार की रात्रि संपन्न हुआ। गणना के बाद निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद युनुस सलीम ने अध्यक्ष पद के लिए बिजेंद्र कुमार शर्मा को विजय घोषित किया। उन्होंने बताया कि बिजेंद्र कुमार शर्मा को 532 मत मिले। इसके साठ ही वे 171 मतों से निर्वाचित हुए। जबकि इनके प्रतिद्वंदी प्रियंका कुमारी को 361 मत प्राप्त हुआ। वहीं अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रिंस कुमार सिर्फ आठ मत प्राप्त हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि कुल 1569 मतदाता थे जिनमें 971 मत पड़ा। बताया कि देवेंद्र यादव, महेंद्र साव, रामपरी देवी, मनसा देवी एवं रेणु देवी को पांच समिति के रूप मे निर्विरोध रूप से जीत हुई। निर्वाचित दूसरी बार अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार शर्मा ने सबों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत हमारी नही बल्कि खुदवां पैक्स की है। किसानों के सहयोग से दूसरी बार अध्यक्ष बना। किसानों की हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मतदान के दौरान थानाध्यक्ष नीतीश कुमार मतदान केंद्र पर भ्रमणशील रहे। बधाई देने वालों में मुखिया प्रतिनिधि मुना कुमार, चुनू शर्मा, पुरूषोतम कुमार, वेंकटेश शर्मा, मनीष शर्मा, धर्मेंद्र शाही, राकेश रंजन, रवि शर्मा, कौशल शर्मा समेत अन्य शामिल हैं।

# औरंगाबाद-नबीनगर पथ में ब्रेकरों से लोग परेशान

**एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को इस मार्ग पर काफी परेशानियों का करना पड़ता है सामना**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के माली से नबीनगर जाने वाला मुख्य पथ पर अवैस ब्रेकर होने से इन दिनों ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि करीब 30 किमी लंबी सड़क पर जगह-जगह बने अवैध व अनियंत्रित ब्रेकर व उभरे गड्ढों से आवागमन करने में परेशानी हो रही है। हालत यह है कि वाहन चालकों को 100 मीटर पर ब्रेक लगाना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी होने के साथ दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ जाता है। माली गांव निवासी विवेक कुमार, सचिन कुमार बताते हैं कि 30 किमी की दूरी में करीब 80 से अधिक ब्रेकर है जिसमें से अधिकांश न तो मानक के अनुरूप हैं और न ही उन पर किसी तरह का संकेतक या चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। रात्रि के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जब अंधेरे में ब्रेकर दिखाई नहीं देते और तेज रफ्तार वाहन अचानक से उछल जाते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों व मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क पर जगह-जगह उभरे गड्ढों यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। वहीं बारिश के मौसम के बाद कई स्थानों पर सड़क की परत उखड़ गई है परंतु अबतक मरम्मत नहीं कराया गया है। गड्ढों और ब्रेकर के दोहरे संकट के कारण बस, ऑटों और निजी वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है जिससे औरंगाबाद से नबीनगर पहुंचने में जहां पहले कम समय लगता था और अब यात्रियों को देर लग रही है। यात्रियों का कहना है कि सड़क की हालत काफी खराब है। यहां तक एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को इस मार्ग पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में में विलंब होना गंभीर चिंता का विषय बन गया है। सबसे चिताजनक पहलू यह है कि विभागीय अधिकारियों का इस समस्या की ओर ध्यान नहीं है। यहां न तो अवैध ब्रेकर हटाने की पहल की जा रही है और न ही सड़क की समुचित मरम्मत हो पा रही है।

# पंचायती राज मंत्री यज्ञ में हुए शामिल, धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कोईलवां गांव स्थित सती माता की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्री सीताराम महायज्ञ सह श्रीराम कथा समारोह में गुरुवार को पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश शामिल हुए। उनके आगमन से पूरे आयोजन में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण और अधिक प्रखर हो उठा।

कार्यक्रम में यज्ञ के संरक्षक एवं पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार, आचार्य पंडित लालामोहन शास्त्री सहित मुखिया अजीत कुमार चुनु, विनोद सिन्हा, श्रीकांत वर्मा, अजय कुशवाहा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यज्ञ समिति की ओर से मंत्री दीपक प्रकाश एवं अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि समाज में धर्म के प्रति आस्था को भी सुदृढ़ बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक सोच का संचार होता है और यह हमें धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने सनातन धर्म में यज्ञ के विशेष महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति का संचार होता है। मंत्री ने भगवान श्रीराम के जीवन का उदाहरण देते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे राम कथा को ध्यानपूर्वक सुनें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करें, जिससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति संभव हो सके। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा।

# मां शीतला धाम में कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि शुरू

## वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ की गई कलश स्थापना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी प्रखण्ड में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जलेलपुर टोला स्थित सुप्रसिद्ध मां शीतला धाम में भक्ति और उत्साह का माहौल है। आज वैदिक मंत्रोचार और पूर्ण विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की गई, जिसके साथ ही चार दिवसीय 'मां शीतला महोत्सव' का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। धाम के पुजारी महेश दास जी महाराज ने बताया कि यहां पिछले 29 वर्षों से शीतला अष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा की परंपरा चली आ रही है। इस वर्ष भी 19 मार्च को कलश स्थापना के साथ माता की विशेष पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। उन्होंने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा मा शीतला सभी के कष्टों का निवारण कर जीवन में सुख-समृधी लाएंगी। महोत्सव की भव्यता को देखते हुए व्यापक तैयारियां की गई हैं। धाम के व्यवस्थापक कन्हैया सिंह ने बताया कि चार दिवसीय मेले के दौरान भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। स्थानीय और आमंत्रित कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कलश स्थापना के इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से हंसराज निसान, बबलू सिंह (सभापति), राम सुधीर सिंह, पशुपति सिंह, कैलाश दास, नरेश राय उर्फ नागाजी और राम पुनीत कुमार, कमली भगत, गुलशन कुमार राकेश कुमार,विकेश कुमार, चंदन कुमार, रमेश कुमार, रोशन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भक्तगण उपस्थित थे। धाम परिसर अब माता के जयकारों से गुंजायमान है और अगले चार दिनों तक यहाँ आस्था का सैलाब उमडने की उम्मीद है।

# कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा के माहौल के बीच वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ गुरुवार को कलश स्थापना के साथ हो गया। क्षेत्र के मंदिरों से लेकर घर-घर तक मां दुर्गा की आराधना शुरू होते ही पूरा इलाका भक्तिमय वातावरण में डूब गया। दुर्गा सप्तशती के पाठ और जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा है। एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी के खेल मैदान स्थित दुर्गा मंदिर एवं समसा में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। समसा के पंडित राम नन्दन पाठक ने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होने वाली इस नवरात्रि को वासंतिक नवरात्र कहा जाता है। मां भगवती की उपासना के ये नौ दिन अत्यंत पवित्र माने जाते हैं। मान्यता है कि इस दौरान मां दुर्गा पृथ्वी पर विचरण कर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है– प्रथम दिन मां शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंद्रघंटा, चतुर्थ कूष्मांडा, पंचम स्कंदमाता, षष्ठम कात्यायनी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी और नवम सिद्धिदात्री। हर स्वरूप की अपनी विशेष महिमा और महत्व है। नावकोठी के पंडित रतीश चन्द्र पाठक ने बताया कि प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व है। नावकोठी दुर्गा मंदिर के यजमान अनमोल कुमार उर्फ कारेलाल, पंकज कुमार, सिकंदर कुमार मैं दुर्गा माता की प्रथम दिन का पूजा पाठ किया। पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। इनके पूजन से जीवन में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की प्राप्ति होती है।कलश स्थापना के साथ ही नावकोठी और समसा में मेले का भी आयोजन शुरू हो गया है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# सरकारी विद्यालय में संपन्न हुई वार्षिक परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड के प्राइमरी स्कूल तथा मिडिल स्कूल में सम्पन्न वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका की जांच नौ संकुल में गुरूवार से शुरू हो गई। यह कार्य चार कार्यदिवस में सम्पन्न करने का निर्देश दिया गया। 30 मार्च को शिक्षक, अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर प्रगति पत्रक वितरण किया जाएगा। सभी नौ संकुल संसाधन केन्द्र पर कुल 61,378 उत्तर पुस्तिका की जांच के लिए 279 शिक्षकों की तैनाती की गई है। प्रभारी बीईओ राहुल रंजन ने बताया कि महेशवाड़ा पंचायत के संकुल संसाधन केन्द्र पर कक्षा 3-5 तक 2268 उत्तर पुस्तिका तथा कक्षा 6-8 तक 5382 उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन हेतु 35 शिक्षकों की, पहसारा पश्चिमी संकुल संसाधन केन्द्र पर कक्षा 3-5 के 1408 उत्तर पुस्तिका, कक्षा 6-8 के 1164 उत्तर पुस्तिका की जांच हेतु 23 शिक्षकों की, डफरपुर पंचायत संकुल संसाधन केन्द्र पर कक्षा 3-5 के 2984 उत्तर पुस्तिका, कक्षा 6-8 के 4584 उत्तर पुस्तिका की जांच हेतु 31 शिक्षकों, रजाकपुर संकुल संसाधन केन्द्र पर कक्षा 3-5 की 3280 उत्तर पुस्तिका, कक्षा 6-8 की 5298 उत्तर पुस्तिका की जांच हेतु 32 शिक्षकों, नावकोठी संकुल संसाधन केन्द्र पर कक्षा 3-5 की 1844 उत्तर पुस्तिका, कक्षा 6-8 की 4668 उत्तर पुस्तिका की जांच हेतु 26 शिक्षकों, पहसारा पूर्वी संकुल संसाधन केन्द्र पर कक्षा 3-5 की 2392 उत्तर पुस्तिका, कक्षा 6-8 की 5382 उत्तर पुस्तिका की जांच हेतु 32 शिक्षकों, हसनपुर बागर सीआरसी पर कक्षा 3-5 की 2692 उत्तर पुस्तिका, कक्षा 6-8 की 39 शिक्षकों, सीआरसी सैदपुर पर कक्षा 3-5 की 2384 उत्तर पुस्तिका, कक्षा 6-8 की 3876 उत्तर पुस्तिका की जांच हेतु 32 शिक्षकों, सीआरसी समसा पर कक्षा 3-5 की 2812 उत्तर पुस्तिका कक्षा 6-8 की 5568 उत्तर पुस्तिका की जांच हेतु 29 शिक्षकों की तैनाती की गई है।

## नवरात्र पर कलश शोभा यात्रा निकली

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वैष्णवी पूजा समिति चेरिया की ओर से वासंतिक नवरात्र पूजा को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। रंग बिरंगी परिधानों में 135 कुंवारी कन्याओं ने सिर पर जल भरा कलश लेकर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा चेरिया गांव के विभिन्न टोले का भ्रमण कर मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। वासंतिक नवरात्र को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। मौके पर आयोजक भूतपूर्व मुखिया मणिकांत भूषण, मेला समिति के अध्यक्ष डॉ अमर किशोर, अमरेंद्र कुमार ,मनीष कुमार, अविनाश रंजन, अनिल राय, कन्हैया राय, दीपक कुमार, अचल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, डा. अमित कुमार, दोरिक पासवान, हीरालाल पंडित, सुबोध महतो, दिनेश चौधरी, भागीरथ राय आदि मौजूद थे।

# इरिमी जमालपुर के प्रोफेसर देश दुनिया को पढ़ाएंगे डिजास्टर मैनेजमेंट का पाठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- राष्ट्रीयस्तर पर इरिमी जमालपुर को मिली है बड़ी पहचान
- इंडियन रेलवे इंस्टिट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट बेंगलुरु का विलय किया गया इरिमी जमालपुर में
- इरिमी में नया कोर्स नेतृत्व करने से जमालपुर बाजार की बढ़ेगी रौनक



**जमालपुर (मुंगेर)।** डिजास्टर मैनेजमेंट के क्षेत्र में सेंट्रल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट बेंगलुरु भारतीय रेल में इसका नेतृत्व कर रहे थे पर रेलवे बोर्ड इस महत्वपूर्ण संस्थान का विलय इरिमी जमालपुर में कर दिया है। भारत सरकार के इस फैसले से अब इरिमी जमालपुर का कद पहले से और बड़ा हो गया है। कहने का यह मतलब हुआ कि डिजास्टर मैनेजमेंट के बारे में देश दुनिया को इरिमी जमालपुर के प्रोफ़ेसर पाठ पढ़ाएंगे। एकाएक इरिमी जमालपुर के नाम इस ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ने से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका दायरा तो बड़ा हुआ ही साथ ही जमालपुर बाजार में भी इस उपलब्धि से यहां के बाजार भी गुलजार होंगे। इरिमी जमालपुर के नाम बड़े-बड़े ख्याति एवं उपलब्धि जुड़ने का एक ही वजह सामने आ रहा है वह यहां के कुशल नेतृत्व कर्ता महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा है जो जब से महानिदेशक के पद पर योगदान दिया है तब से इरिमी के नाम एक के बाद एक उपलब्धि जुड़ रहा है। इसके पहले आईआईटी पटना के साथ मिलकर इरिमी जमालपुर के प्रोफ़ेसर वंदे भारत ट्रेन के स्पीड को बरकरार करने को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया था। इसके अलावे फॉरेन कंट्री में अपनी दबदबा को बनाए रखने को लेकर तंजानिया के साथ व्यावसायिक रिश्ते को मजबूत करने को लेकर उन्नत आपदा प्रबंधन का गुर सीखने का एक अनूठा पहल भी महानिदेशक के नेतृत्व वाली टीम के डीन प्रेम प्रकाश अगवानी में किया गया था। जिसका परिणाम यह निकला की तंजानिया के 15 सदस्य डेलीगेट का प्रशिक्षण समाप्त होने के तुरंत बाद ही इरिमी जमालपुर के नाम एक बड़ा अध्याय जुट गया। वह अध्याय डिजास्टर मैनेजमेंट कोर्स के रूप में शामिल हुआ है। मतलब यह साफ अब हो गया है कि भारतीय रेल मैं डिजास्टर मैनेजमेंट कोर्स के लिए बेंगलुरु के बदले अब इरिमी जमालपुर जाना जाएगा।

## दो नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के इनैया में शराब के नशे में हंगामा करते दो नशेड़ियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी नावकोठी वार्ड संख्या 1 के रंधीर महतो का पुत्र अमित कुमार तथा बोगन महतो का पुत्र नीतीश कुमार है। दोनों नशेड़ी को गिरफ्तार कर ब्रेथ एनालाइजर से जांच करवाई गई। जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने के कारण मद्य निषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज करते हुए उसे कोर्ट भेज दिया गया।

## चार पैक्स केंद्रों पर मतदान की अधिसूचना जारी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के चार पैक्सों में होने वाले मतदान की अधिसूचना जारी होते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि पहसारा पश्चिमी, पहसारा पूर्वी, विष्णुपुर तथा समसा पैक्स के अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु मतदान होगा। इसके लिए प्रपत्र ई 1 में सूचना का प्रकाशन 23 मार्च को किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 8 अप्रैल तथा 9 अप्रैल को अपने नामजदगी का पर्चा दाखिल करेंगे। अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र की संवीक्षा 10 अप्रैल तथा 11 अप्रैल को होगी। 13 अप्रैल को नाम वापसी तथा इसके उपरांत मतदान मैदान में शेष अभ्यर्थियों को प्रतीक चिह्न आवंटित किया जाएगा। मतदान 20 अप्रैल को होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना किया जाएगा।

# कबीर पंत सम्मलेन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के चंदौर पंचायत के वार्ड नंबर ग्यारह के चंदौर गाँव में सद्गुरु संत कबीर ज्ञान सत्संग, चंदौर के बारहवी वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर बेगूसराय जिला कबीर पंथ संत सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राम सागर दास ने किया तथा मंच संचालन अनिल दास ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जमुई के हरनाहा, माहिसोड़ी के महंथ शैलेन्द्र साहेब ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा सम्बोधित करते हुए कहा कि सद्गुरु ही बताता है कि माता, पिता और गुरु भगवान होते हैं। मुख्य अतिथि विश्व कबीर रविदास विचार मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजकुमार आज़ाद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रवचन कर्ता के कथनी और करनी में समानता होता है उसके जिहवा पर सरस्वती का वास हो जाता है। उसके बोलने मात्र से असंभव संभव तथा असाध्य साध्य हो जाता है।मुख्य वक्ता काशी-रशीदपुर के पीठाधीश महंथ भगवान दास ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शैक्षणिक और अध्यात्मिक दोनों गुरु बनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ चंदेश्वरि दास ने सम्बोधित करते हुए कहा कि चूहा बिल बनाता है लेकिन उस बिल में सांप वास करता है, ठीक उसी तरह ज्ञानी, विज्ञानी अहंकार में समय बर्बाद कर देता है लेकिन असली मौज सत्संगी लेता है। साठा महंथ राम लखन दास, कोरबद्धा, समस्तीपुर के संत कवि सीताराम साहेब, संत सहदेव साहेब, संत रामेश्वर साहेब आदि संतो महंथो ने अपने प्रवचन और भजन से अध्यात्मिक माहौल उत्पन्न कर दिया। आयोजक मण्डल ने सभी अतिथियों को चादर ओढाकर तथा पुष्पों की माला पहनाकर सम्मानित किया।

# समृद्धि यात्रा को लेकर अलर्ट दिखी आरपीएफ व जीआरपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** मुंगेर और लखीसराय में सूबे के मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर जमालपुर एवं किऊल रेलखंड पर आरपीएफ के साथ रेल पुलिस काफी मुस्तैद दिखी। स्टेशन के साथ रेलवे प्लेटफार्म पर गश्ती करते हुए आरपीएफ जीआरपी के पदाधिकारी ने कहा कि मुंगेर एवं लखीसराय जिले में मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा को लेकर वरीय पदाधिकारी के द्वारा मिले निर्देश के तहत रेल खंड पर गश्ती की जा रही है और संदिग्ध गतिविधि पर नजर भी रखी जा रही है। रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने बताया कि जमालपुर के अलावे कजरा स्टेशन पर संयुक्त रूप से जीआरपी एवं आरपीएफ की टीम अलर्ट होकर रेल परिसर में सर्च अभियान किया।

## मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा का नाम अंतिम यात्रा होनी चाहिए : नरेंद्र

**जमालपुर (मुंगेर)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर में लोगों को संबोधित करते हुए करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। वहीं इस स्मृति यात्रा को लेकर जमालपुर विधानसभा के पूर्व महागठबंधन इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र ताती ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी यह यात्रा मुंगेर में अंतिम यात्रा होनी चाहिए लेकिन यह समृद्धि यात्रा लिखकर आ रहे हैं जो कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरे बिहार का दौरा कर रहे हैं तो सभी भी बिहार के सभी जिलों में उनकी यह समृद्धि यात्रा मुख्यमंत्री का अंतिम यात्रा होनी चाहिए। एक तो शीर्षक गलत है दूसरा इन्होंने निर्णय भी गलत लिया। किसी तरह वोट चोरी कर कुर्सी पर बैठ तो गए अब बीच मझधार में बिहार को छोड़कर दिल्ली भाग रहे हैं। ऐसे मुख्यमंत्री को रणछोड़ मुख्यमंत्री कहा जा सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के गोद में बैठकर मुख्यमंत्री बिहार को रसातल में भेजने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री के इस फैसले को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# पीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं की बैठक पीएचसी नावकोठी में गुरूवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने जननी बाल सुरक्षा अभियान के तहत संस्थागत प्रसव में वृद्धि के लिए गर्भवतियों को पीएचसी लाने का निर्देश दिया। एचबीएनसी, एचबीवायसी कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत महिलाओं के बंध्याकरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बंध्याकरण के क्रम में आने वाली मुश्किलों को सुनकर इसका समाधान किया गया। संपूर्ण टीकाकरण हेतु सर्वे तथा ड्यू लिस्ट की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। इस मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, फ़ेसिलेटर संगीता कुमारी, अंजू कुमारी, लक्ष्मी देवी, आशा रेणु, ललिता, डेजी, वसंती, मुनचुन, सुनीता, बबीता, नीतू, शकुंतला, रिंकू आदि ने हिस्सा लिया।

## नियमित टीकाकरण को लेकर कार्यशाला

**भगवानपुर।** प्रखंड में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में पीसीआई इंडिया के द्वारा अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य टीकाकरण की उपलब्धि 95 प्रतिशत प्राप्त किया जाना है एवं जीरो डोज बच्चे (एक वर्ष तक के वैसे बच्चे जिन्हें पेंटावैलेंट की डोज नही लगाया गया) एवं इन्कार परिवार के बच्चों की संख्या को शून्य करना साथ ही समुदाय में टीकाकरण के लिए जागरूक करने हेतु विभिन्न विभागों के द्वारा योगदान देने हेतु चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिन्हित पंचायत के मुखीया सहित अन्य उपस्थित थे।

# शॉर्ट सर्किट से कपड़ों के शोरूम में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के मात्री सदन गली समीप एक कपड़ा के शोरूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से अफरा तफरी का माहौल देखा गया। इधर आग लगने से कपड़ा व्यवसाय का लगभग 20 लाख का नुकसान बताया गया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग के बारे में कपड़ा व्यवसाय उत्तम सिंह ने बताया कि गुरुवार की पहले सुबह आसपास के लोगों के द्वारा जानकारी मिली कि आपका कपड़ा शोरूम में आग लग गई है। जब तक हम शोरूम पहुंचते तब तक आग की लपेट तेज हो गई थी। आग लगने की जानकारी जमालपुर थाना के अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना के बाद अग्निशमन की दो गाड़ी आज को बुझाने के लिए मौके पर पहुंची पर जब तक आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू होती तब तक दुकान का कीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। कपड़ा व्यवसाय ने अभी कहा कि होली के बाद शोरूम में कीमती कपड़ा एवं फर्नीचर लाया गया था जो जलकर राख हो गया। इधर शॉर्ट सर्किट से लगी आग के मामले को लेकर कपड़ा व्यवसाय कार्रवाई को लेकर थाना में लिखित आवेदन देने की बात कही है।

# ईद को लेकर सभी संवेदनशील स्थानों पर रहेगी पुलिस की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** ईद-उल-फितर (ईद) पर्व 2026 को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष द्वारा जारी संयुक्त आदेश के आलोक में जिले के सभी संवेदनशील स्थलों, ईदगाहों एवं मस्जिदों पर दण्डाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। चांद के दीदार के आधार पर संभावित तिथियों 20 मार्च एवं 21 मार्च 2026 को आयोजित नमाज के अवसर पर गाँधी स्टेडियम सहित सभी प्रमुख नमाज स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। विवादित एवं संवेदनशील स्थलों, जैसे कब्रिस्तान एवं मंदिर-मस्जिद के आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों पर आईटी सेल द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है तथा ऐसे मामलों में त्वरित प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्व के दौरान आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम एवं स्थानीय निकायों को सभी ईदगाहों एवं मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा जर्जर एवं लटके हुए तारों को शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दल, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा टीम को अलर्ट मोड में रखा गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी हेतु समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06243-222835 है। नियंत्रण कक्ष का वरीय प्रभार उप विकास आयुक्त के पास रहेगा, जबकि समग्र विधि-व्यवस्था के अनुश्रवण का दायित्व अपर समाहर्ता एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को सौंपा गया है। जिला दण्डाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिलेवासियों से अपील की है कि वे आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा जिला नियंत्रण कक्ष को दें।

# सांस्कृतिक विकास केंद्र द्वारा नाट्य कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मटिहानी।** प्रखण्ड के विजय राघव आदर्श मध्य विद्यालय बदलपुरा में सांस्कृतिक विकास केंद्र के द्वारा 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। उद्घाटनकर्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ललन प्रसाद सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी, सुनील कुमार, आशुतोष कुमार, नाट्य कार्यशाला प्रभारी सचिन कुमार शामिल थे। सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ललन प्रसाद सिंह ने सांस्कृतिक विकास केंद्र परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा बाल नाट्य कार्यशाला के बच्चे आधुनिक रंगमंच के भविष्य है। यह नींव जितना मजबूत होगा, रंगमंच उतना ही समृद्ध होगा। सांस्कृतिक विकास केंद्र बाल नाट्य कार्यशाला के माध्यम से बच्चों की कला प्रतिभा तरासने का काम करती है। मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी ने कहा नाट्य कला अपनी अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागी रंगमंच के विभिन्न आयामों से अवगत होते हैं। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष सिंह ने कहा नाटक एक सामूहिक कला है जो समाज को नई दिशा देती है। नाट्य कार्यशाला में प्रतिभागी को नृत्य, संगीत एवं अभिनय का प्रशिक्षण प्रदान कर उनको रंगमंच की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला प्रभारी सचिन कुमार ने कहा कि लोगों को लगता है कि किताब के बाहर कोई दुनिया नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं है, हमारे लिए सिर्फ किताबी ज्ञान ही काफी नहीं होता। सभ्य समाज के लिए सामाजिक ज्ञान भी होना बहुत जरूरी है। नाट्य कार्यशाला का आयोजन सांस्कृतिक विकास केंद्र लवहरचक रामदीरी एवं विजय राघव आदर्श मध्य विद्यालय बदलपुरा मटिहानी के संयुक्त तत्वाधान मे गुरुवार से 3 अप्रैल तक चलेगा। संस्था के सचिव रोशन कुमार गौतम संस्था के कलाकार सचिन कुमार, कुंदन कुमार, प्रकाश कुमार, अजय कुमार सिंह, विकास कुमार, मनीष कुमार, प्रियांशु प्रियम, और अन्य लोग उपस्थित मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 'अन्नप्राशन दिवस' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार संचालित 'संपूर्णता अभियान' को गति देते हुए गुरुवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'अन्नप्राशन दिवस' का गरिमामय आयोजन किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं को पहली बार ठोस आहार खिलाकर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई। इसी क्रम में मंझौल-2 के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 154 पर आयोजित सामूहिक अन्नप्राशन समारोह जन-जागरूकता की एक मिसाल बना। इस अवसर पर केंद्र संख्या 101, 102, 103, 104, 105, 111, 112, 153 एवं 155 की सेविकाओं और लाभार्थियों ने एक साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन की सक्रिय सहभागिता रही, जो जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना सहायक अश्वनी कौशिक ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छह माह की आयु के बाद केवल स्तनपान बच्चे की बढ़ती पोषण आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त नहीं होता। समय पर पूरक आहार की शुरुआत ही बच्चों को कुपोषण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पिरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि आरती शर्मा एवं नेहा सिंह ने व्यवहार परिवर्तन पर बल देते हुए स्वच्छता और संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि घर में उपलब्ध दाल, दलिया एवं मौसमी फलों का समुचित उपयोग बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव रखता है। समारोह को उत्साहपूर्ण बनाने के लिए उन माताओं द्वारा केक काटा गया, जिनके बच्चों ने छह माह की आयु पूर्ण कर ली है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पिरामल फाउंडेशन के दीपक मिश्रा, प्रखंड समन्वयक पिंकल पासवान, महिला पर्यवेक्षिका खुशबू कुमारी एवं गुंजा कुमारी सहित सेविकाओं–नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, पुनीता कुमारी, शाखा सुमन, अंजू, विभा, आशा, रंजन, रेखा एवं सुषमा कुमारी–का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही आशा कार्यकर्ता रूबी शर्मा, प्रेमलता कुमारी, रेणु भारती एवं राजकुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर माताओं को स्वच्छता एवं संतुलित पोषण अपनाने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित माताओं ने संकल्प लिया कि वे छह माह पूर्ण होते ही बच्चों को पूरक आहार देना प्रारंभ करेंगी तथा दो वर्ष तक स्तनपान जारी रखेंगी। स्थानीय लोगों ने इस संयुक्त पहल को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# पूर्व रेलवे ने धूमधाम से मनाया 70वां रेलवे सप्ताह

## हावड़ा मंडल को मिला समग्र दक्षता शील्ड पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** पूर्व रेलवे ने आज 70 वां रेलवे सप्ताह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (ज़ोनल स्तर) आयोजन में किया गया। सियालदह के बीच ही राय ऑडिटोरियम में रेल सेवा में असाधारण समर्पण और उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने 100 विशिष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सीमा देऊस्कर, अपर महाप्रबंधक/पूर्व रेलवे शीलेंद्र प्रताप सिंह, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों और पूर्व रेलवे के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। अपने संबोधन में मिलिंद देऊस्कर ने कहा कि यह दिन उपलब्धियों का उत्सव है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि सुरक्षा पूर्व रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी कार्य उसी दिशा में केंद्रित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप पूर्व रेलवे ने वर्ष 2025 के लिए रेलवे मंत्रालय स्तर पर सेफ्टी शील्ड प्राप्त किया है। इसके साथ ही पूर्व रेलवे को रेल मंत्री द्वारा वाणिज्यिक शील्ड भी प्रदान किया गया है। उन्होंने विभिन्न मंडलों, कारखानों और विभागों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए बधाई दी, जिसके कारण वे पूर्व रेलवे के विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 के अवसर पर विभिन्न शील्ड और कप प्राप्त करने के योग्य हुए। अपने स्वागत भाषण में शीलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह समारोह भारत में पहली ट्रेन सेवा (बोरीबंदर से ठाणे) की स्मृति में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल ने देश के औद्योगिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज भी नए भारत के विकास में योगदान दे रही है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पूर्व रेलवे की टीम के सामूहिक प्रयासों की भी सराहना की।

**हावड़ा और मालदा ने पुरस्कार जीते**

दोपहर के मुख्य आकर्षण में, हावड़ा मंडल ने महाप्रबंधक की समग्र दक्षता और समग्र उत्कृष्टता शील्ड जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। मालदा मंडल ने महाप्रबंधक की समग्र दक्षता में उपविजेता शील्ड प्राप्त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरस्कारों में परिचालन और प्रशासनिक उत्कृष्टता के व्यापक क्षेत्र को शामिल किया गया। प्रमुख विभागीय विजेताओं में शामिल हैं :

**वाणिज्य एवं सुरक्षा :** हावड़ा मंडल ने वाणिज्य, रेल सहायता और सुरक्षा शील्ड में बाजी मारी।

**इंजीनियरिंग :** जहां सियालदह ने पुल रखरखाव शील्ड जीती, वहीं हावड़ा ने समग्र इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड और मालदा ने ट्रैक रखरखाव के लिए पुरस्कार जीता।

**चिकित्सा :** हावड़ा मंडल को व्यापक स्वास्थ्य सेवा शील्ड से सम्मानित किया गया, जबकि सियालदह मंडल (बीआरएसएच) को सर्वश्रेष्ठ अस्पताल कप से नवाजा गया।

**संचालन एवं सुरक्षा :** मालदा मंडल ने परिचालन दक्षता शील्ड जीती, जबकि हावड़ा ने समयबद्धता शील्ड अपने नाम की। सियालदह मंडल को सुरक्षा शील्ड से सम्मानित किया गया।

**यांत्रिक :** सियालदह मंडल ने रोलिंग स्टॉक शील्ड और कार शेड कप में अपना दबदबा बनाया, जबकि आसनसोल ने कोचिंग डिपो कप जीता।

**संस्कृति और सम्मान की शाम**

अपने संबोधन में महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने कर्मचारियों की सुरक्षा और यात्री सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि 100 कर्मचारियों को दिए गए व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार पूर्व रेलवे की सफलता की नींव हैं। औपचारिक कार्यवाही के साथ-साथ एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें रेलवे परिवार की विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक दीपक निगम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने 70वीं वर्षगांठ को शानदार सफलता दिलाने के लिए कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उप महाप्रबंधक (जी) एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराम मांझी ने कुशलतापूर्वक और सुव्यवस्थित तरीके से समग्र पुरस्कार समारोह का संचालन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई भी दी।

# ईद व रामनवमी को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चांदन (बांका)।** आगामी ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द और आपसी भाईचारे बनाए रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक बांका उपेंद्रनाथ वर्मा के निर्देश पर आज गुरुवार को आनंदपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदाय के लोग, जनप्रतिनिधि, पूजा समिति के सदस्य व गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान दोनों समुदाय के पर्वों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि ईद और रामनवमी पर्व को आपसी प्रेम व सद्भाव से मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी जुलूस व पूर्व निर्धारित मार्ग एवं तय समय सीमा के अंदर निकाले जाएंगे। साथ ही थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी तथा पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। आम लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया कि मंझलाटीला, असोढ़ा, कुरुमटांड, सरकंडा, हेमताकुरा एवं सलैया (कनौदी) मुस्लिम मुहल्ले से आगामी 21 मार्च को निर्धारित समय पर जुलूस निकाला जाएगा और समापन किया जाएगा। वहीं भैरोगंज बाजार में बजरंग दल के युवाओं द्वारा आगामी 24 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष्य पर बाइक रैली निकाले जाने की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने सभी जुलूसों को आयोजन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना से लाइसेंस लेना अनिवार्य बताया। बैठक में चांदवारी पंचायत के पूर्व मुखिया सहेंद्र दास, मुखिया प्रतिनिधि नरेश यादव, शिक्षाविद तूफान शाह, शम्भू यादव, मंटु शर्मा, टीपन पासवान, सरपंच आशीष रॉबिन वुड, मेघनाथ बेसरा, सुमन सिंह, तारनी यादव, सुजीत रमनी, पूर्व मुखिया भैरो मरिक, मंसूर अंसारी सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर तैयारी शुरू

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाजार में रामनवमी पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। पर्व के मद्देनजर चांदन बाजार एवं आसपास के गांवों में बजरंग बली के झंडे लगाने का कार्य जोर-शोर शुरू कर दिया गया है। यह कार्य बजरंग दल के बलोपासना प्रमुख गौरव कुमार व सनातन जागृति मंच ओमप्रकाश मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ता व सनातन जागृति मंच के कार्यकर्ता ने लगातार दो दिनों से बाजार के विभिन्न स्थानों पर भगवा झंडा लगा रहे हैं। इस दौरान कार्यकर्ता में काफी उत्साह देखा गया। झंडे लगाने जाने से बाजार का माहौल भक्तिमय हो गया है।

# मंदार पर्वत के पापहरणी सरोवर से कलश शोभा यात्रा एवं झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराहाट बांका।** दस दिनों तक चलने वाला चैती दुर्गा पूजा आज से प्रारंभ हो गया। इसी क्रम में आज चैती दुर्गा पूजा समिति ढाकामोड़ के बैनर तले आज गुरुवार को मंदार पर्वत के पापहरणी सरोवर से भव्य कलश शोभा यात्रा एवं आकर्षक झांकी निकाली गई। जो की श्रद्धालूओ के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान श्रद्धालूगण अपने माथे पर कलश लेकर लगभग 8 किलोमीटर की दूरी को तय कर भक्ति गीतों के माध्यम से नाचते झूमते हुए नजर आए। कलश शोभा यात्रा के उपरांत घुड़सवार तरह तरह कर्तव्य दिखाए।



इस मौके पर गोड्डा के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रहे कल्पना देवी, उनके पुत्र सह युवा राजद नेता रजनीश यादव, बेलहर विधायक मनोज यादव, जिला परिषद सदस्य सिंपल देवी, मुखिया दिलीप यादव, जामुन यादव श्रद्धा भाव से लगे हुए है।

# असमाजिक तत्वों ने बगान में लगाई आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चांदन (बांका)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अकाकुरा गांव में मनरेगा योजना के तहत लगाए गए सैकड़ों वनदार व फलदार पेड़ जलकर राख हो गया। घटना को लेकर बताया जाता है किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा बगान में आग लगाये जाने से जाने से करीब 300 छोटे-बड़े पेड़ झुलसकर नष्ट हो गया। घटना को लेकर कुमाराज किस्कू (पिता- हंसदेव किस्कू) ने बताया कि बागान में करीब 400 वनदार व फलदार वृक्ष लगाए गए थे।आज गुरुवार दोपहर को अचानक बगान में आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि जब तक बगान मालिक व ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचते और आग पर काबू पाने की प्रयास करते तबतक आग पुरे बगान में आग फैल गई और देखते ही देखते आग पूरे बगान में फैल जाने से सेकंडों पेड़ झुलस गए। हालांकि घटना की सुचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर सैकंडों पेड़ को किसी तरह से जलने से बचा लिया। घटना को लेकर पिड़ित ने चांदन सीओ को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में अंचलाधिकारी रविकांत कुमार ने बताया मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गैस एजेंसी का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारसोई प्रखंड के स्वाति गैस एजेंसी में बारसोई अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार, आपूर्ति निरीक्षक बारसोई सृजन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से स्वाति गैस एजेंसी में औचक निरीक्षण किया। संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजू कुमार ने गैस एजेंसी संचालक को स्पष्ट निर्देश दिया कि एलपीजी गैस सिलेंडर का जो भी उपभोक्ता बुकिंग कराए हैं। उन्हें तीन से चार दिन के निर्धारित समय सीमा में घर पर ही फ्री होम डिलीवरी की जाए। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए एसडीएम ने कहा कि गैस एजेंसी परिसर में भीड़ न लगाए।

# जिलास्तरीय प्रतियोगिता में कन्या मध्य विद्यालय चांदन के छात्रों ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांदन (बांका)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कन्या मध्य विद्यालय चांदन के छात्रों ने लहराया परचम। गणित ओलंपियाड, चित्रकला, क्विज जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिहार शिक्षा परियोजना बांका के द्वारा किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में 1-5, 6-8, 9-12 वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कन्या मध्य विद्यालय चांदन से वर्ग 6-8 में क्विज प्रतियोगिता में रौनक राज ने प्रथम स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में वर्ग 6-8 में अनमोल कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित ओलंपियाड वर्ग 6-8 में सोयम कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ग 1-5 में गणित ओलंपियाड में सलोनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चे आगामी 22 मार्च 2026 को पटना में होने वाले राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ज्ञात हो कि बीते वर्ष 2025 में इसी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सफलता का परचम लहराकर जिला, प्रखंड व विद्यालय को गौरवान्वित किया था। विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चों को ढ़ेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी गयी।

## आशा एवं फैसिलिटेटरों की हड़ताल आज

**चांदन।** चान्दन प्रखंड में आशा एवं आशा फैसिलिटेटर कर्मियों ने लंबित मानदेय भुगतान नहीं होने को लेकर एक दिवसीय हड़ताल करने की निर्णय लिया गया है। विदित हो कि विगत 8 महीनों से मानदेय की भुकतान नहीं होने को लेकर आक्रोशित कर्मियों ने बिहार राज्य आशा संघ एवं आशा फैसिलिटेटर संघ (संबद्ध बिहार राज्य जन चिकित्सा कर्मचारी संघ) के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्दन में प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष कुमार को ज्ञापन सौंपा। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं और उनसे जन्म से लेकर मृत्यु तक हर प्रकार का कार्य लिया जाता है, लेकिन बदले में उचित मानदेय नहीं दिया जाता है। साथ ही पिछले 8 महीनों से मानदेय की भुगतान लंबित रहने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है और वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गई हैं। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आगामी 20 मार्च आनी शुक्रवार को एक दिवसीय कार्य का बाहिष्कार कर हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मानदेय की भुगतान जल्द नहीं होने पर सभी कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गायत्री देवी, प्रखंड मंत्री अंजू देवी, प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रभावती देवी सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# बाल संरक्षण के लिए विचार गोष्ठी-सह-संवेदीकरण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** समाज कल्याण विभाग के बाल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर समन्वय हेतु गुरुवार को यहां प्रमंडलीय स्तरीय विचार गोष्ठी-सह-संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय आई ट्रीपल सी के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमंडलीय आयुक्त अवनीश कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, बांका के पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा एव नगर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से हमें बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा बाल अधिकारों पर एक व्यापक फ्रेमवर्क निर्धारित किया गया, जिसके आधार पर विश्व के विभिन्न देशों में बाल अधिकारों से संबंधित अनेक कानून बनाए गए हैं। हमारे देश में भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बाल अधिकारों के चार प्रमुख स्तंभ हैं-सर्वाइवल, प्रोटेक्शन, डेवलपमेंट एवं पार्टिसिपेशन। इन चारों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हमें कार्य करना है। उन्होंने कहा कि दंडात्मक न्याय प्रणाली से आगे बढ़कर सुधारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, ताकि प्रत्येक बच्चे-को सुरक्षा प्रदान करते हुए मुख्यधारा से जोड़ा जा सके तथा उनके समुचित विकास के लिए कार्य किया जा सके। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। हम सभी आज जिस स्थिति में हैं, उसमें हमारे बेहतर पालन-पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यदि बचपन में हमें उचित वातावरण नहीं मिला होता, तो हम यहां तक नहीं पहुंच पाते। इसलिए आवश्यक है कि हम बच्चों के प्रति संवेदनशील एवं सजग रहें, ताकि उन्हें भी समुचित विकास के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने सभी से समावेशी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। बांका के पुलिस अधीक्षक डॉ उपेन्द्र नाथ वर्मा ने कहा कि राज्य की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी कारणवश वंचित रह गए बच्चों को उचित अवसर न मिले। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी बच्चे की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए तथा राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक सभी अवसर उन्हें उपलब्ध कराने चाहिए। नगर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं बांका के उप विकास आयुक्त उपेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को यूनिसेफ के स्टेट कोऑर्डिनेटर अजय झा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## क्षेत्र भ्रमण कर विधायक ने लिया समस्याओं का जायजा

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी ने गुरुवार को एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से चिरलंबित समस्याओं की जानकारी ली। वहीं समस्या के समाधान को लेकर विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर समाधान को लेकर पदाधिकारियों से भी बात की। विधायक श्री गोस्वामी ने महेशपुर पंचायत के लेटा धार, पहाड़पुर घाट पसंटा पुल रायपुर पंचायत के गोरफर घाट, कसमा धार का निरीक्षण कर समस्याओं से रुबरु हुए। वहीं नवादा, बिजैली, जबरा, सोंती, घोघरा आदि गांवों में आमजनों से मिलकर उनके पक्ष में मतदान करने का आभार जताया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-04-26, दिनांक 18.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं. : ईएल-04-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** दो (02) वर्षों के लिए आसनसोल मंडल में एसी कोचों (एलएचबी और आईसीएफ) में आरएमपीयू (रूफ माउंटेड पैकेज यूनिट) (प्रस्तुतकारक-लॉयड्स/सिडवाल/इंटेक/अमित /दौलतराम/एसएसके/लील इलेक्ट.) का वार्षिक सुधारात्मक रखरखाव अनुबंध (एसीएमसी)। **निविदा मूल्य :** रु.71,12,113.16, **बयाना राशि :** रु. 1,42,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 10.04.2026 को 11.00 बजे। **कार्य के लिए समापन अवधि :** 24 माह। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-398/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## पृष्ठ 1 का शेष

### इंजीनियरिंग के तीन...

चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे छात्रों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने दो छात्रों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक घायल छात्र ने बाद में पटना में दम तोड़ दिया। चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ है। दो छात्रों की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि एक की मौत इलाज के दौरान हुई। दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हृदय विदारक हादसे की खबर मिलते ही कॉलेज परिसर और मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

### कजरा में बनेगा ...

तथा डिफेंस सेक्टर में निवेश के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। वहीं लखीसराय के कजरा में आयोजित जनसभा में भी डिप्टी सीएम ने क्षेत्रीय विकास पर जोर देते हुए कहा कि एक्सप्रेसवे निर्माण के बाद कनेक्टिविटी में सुधार होगा और आने वाले वर्षों में पलायन की समस्या को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# भागलपुर में अंतरजिला ट्रेन लुटेरा गिरोह का पर्दाफाश

## एक करोड़ के आभूषण के साथ दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में आज सरकारी रेल पुलिस (जीआरपी) एवं रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त रुप से अंतर जिला ट्रेन लुटेरे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब एक करोड़ रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किया है। जमालपुर के रेल पुलिस अधीक्षक विधा सागर ने गुरुवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि भागलपुर से हावड़ा रूट की ट्रेनों में लगातार हो रही चोरी और लूट की शिकायतों के मद्देनजर गठित एक विशेष टीम ने जांच के दौरान एक संदिग्ध संजय यादव को पकड़ा और कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके निशानदेही पर भागलपुर स्थित सरकारी रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में एक किराए के मकान पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान विशेष टीम ने घर के अंदर बने एक गुप्त तहखाने से बड़ी मात्रा में जेवरात बरामद किया। जिसमें झोले में बड़ी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण छिपाए गए थे। बरामदगी में 13 सोने के कंगन, 5 चैन, 6 लॉकेट चेन, दो मोती माला, सोने की चूड़ी, मांग टीका, चांदी के पायल और जितिया सहित कई कीमती आभूषण शामिल हैं। श्री सागर ने बताया कि मौके पर से पकड़े गए पलटू मंडल के पास से विदेशी मुद्रा भी मिली, जिसमें अमेरिकन डालर, मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया के डॉलर शामिल हैं। ये सभी आभूषण विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न ट्रेनों में की गई लूट और चोरी की वारदातों से जुड़े हैं। पकड़ा गये दोनों आरोपित संजय यादव (मुंगेर जिला) और पलटू मंडल (खगड़िया) विगत 3 साल से रेल यात्रियों को अपना शिकार बना रहा था। उक्त टीम में भागलपुर के जीआरपी थानाध्यक्ष नसीम अहमद एवं रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर ए के सिंह मुख्य रुप से शामिल थे।

रेल पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों और सरगनाओं के नाम सामने आ चुके हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। साथ ही यह आश्वास्त किया जाता है कि बरामद जेवरात कानूनी प्रक्रिया के तहत पीड़ित रेल यात्रियों को लौटाने का प्रयास किया जाएगा। दूसरी ओर रेलवे को अपराध मुक्त बनाना पुलिस की प्राथमिकता है और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी-टी-154 से 155-25-26 (खुली), दिनांक 19.03.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-154-25-26, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में दुर्गापुर यार्ड रिमॉडलिंग के संबंध में, मौजूदा आर्च आरओबी संख्या 396ए (गैमॉन ब्रिज, दुर्गापुर के पास) को हटाने/तोड़ने के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,41,90,000/-, **बयाना राशि :** रु. 4,83,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 03 माह । **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-155-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/ आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एटी वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति और एटी वेल्ड के निष्पादन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,44,83,997.90, **बयाना राशि :** रु. 2,89,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.04.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-400/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. एलआरसी-3_सीटी_आरए-17-आरएसपी, दिनांक 17.03.2026,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "कार्य की अनुसूची के अनुसार आरए कोचों के लिए इंटीरियर का संपूर्ण नवीनीकरण"। **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 11,31,20,799.71, **बयाना राशि:** रु. 7,15,600/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.04.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण शुद्धिपत्र-1 के साथ उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in** निविदा सूचना के प्रकाशन के बाद प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र के संबंध में जानने के लिए, निविदाकारों को आईआरईपीएस पोर्टल देखते रहने की सलाह दी जाती है।
MISC-423/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# औरंगाबाद में सीएम नीतीश की समृद्धि यात्रा आज

## सादी वर्दी में सभा स्थल पर पुलिस बल रहेगी तैनात, संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समृद्धि यात्रा के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज शुक्रवार को औरंगाबाद आयेंगे। वे बारून प्रखंड क्षेत्र के मुंशी बिगहा में सभा को संबोधित करेंगे। समृद्धि यात्रा के दृष्टिगत मुंशी बिगहा सभा स्थल पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विस्तृत निर्देश दिए गए। सभी प्रति नियुक्त पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता, समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ करने को



कहा गया। निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड, कारकेड, विश्राम स्थल सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे तथा अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी प्रवेश बिंदुओं पर सघन जांच एवं तलाशी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित सामग्री के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में एंटी सबोटेज जांच, लगातार निगरानी तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। सादी वर्दी में पुलिस बल को भी तैनात कर भीड़ के बीच संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही संभावित विरोध या अव्यवस्था की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक तैयारी रखने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, प्रवेश-निकास मार्ग एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखने एवं किसी भी भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री पर त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतन कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं प्रति नियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक ही रात चार घरों में चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के फेसर थाना क्षेत्र में देर रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया और चार घरों को निशाना बनाकर क़रीब छह लाख रूपये से अधिक की जेवर व नकदी सहित कई अन्य जरूरी दस्तावेज चोर उठा ले गए। सुबह गृह स्वामियों को चोरी की वारदात की जानकारी उठने के बाद हुई। सूचना पर पुलिस फोरेंसिक टीम संग साक्ष्य जुटाकर चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है। घटना फ़ेसर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव की है। गुरुवार की सुबह चोरी की घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी के अनुसार, इस घटना में उस गांव निवासी उमेश यादव के घर से क़रीब 1 लाख रूपये के ज़ेवर व अन्य जरूरी दस्तावेज, डोमन ठाकुर के घर से क़रीब तीन लाख रूपये के ज़ेवर व नकदी तथा अन्य जरूरी दस्तावेज, पच्चन ठाकुर के घर से क़रीब दो लाख रूपये के ज़ेवर एवं भोला साव के घर से पांच हजार रूपये नकदी चोर ले भागे। इसके अलावा एक अन्य घर में भी चोरी का प्रयास किया लेकिन असफल रहे तो चोरों ने उस घर के दरवाज़े को बाहर से बंद कर दिया। इधर, जब सुबह गृह स्वामियों ने घर का बिखरा सामान देखा तो वे सन्न रह गए। आसपास खोजबीन की तो कुछ का बक्सा खेतों में मिला जिसमें जरूरी सामग्रियां गायब मिला। पीड़ितों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर चोरी का सुराग लगाने का प्रयास किया, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी। एक साथ चार लोगों के घरों में हुई चोरी की वारदात से लोग सहमे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, चोरों की तीन से अधिक संख्या रही होगी। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इस वारदात को अंजाम देने वाले लोकल के अलावा बाहर के बदमाश भी हो सकते है। पीड़ित पच्चन ठाकुर के बेटे रुपेश ने बताया कि देर रात चोर जब हमारे घर चोरी कर भग रहे थे तो किसी चीज़ से टकरा गए और हमारी नींद खुल गई। इस दौरान चोरों को पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन तीन की संख्या में रहे चोरों के हाथों में धारदार हथियार थे। चोरों ने कहा मुझे पकड़ा तो अंज़ाम बुरा होगा और वे सभी मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि चार घरों में देर रात चोरी की सूचना मिली है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

# सिन्हा कालेज में हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के न्यू सेमिनार हॉल में बुधवार को हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आइक्यूएसी और डायमंड हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें वर्तमान परिवेश के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी जटिल समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुई, जिसे प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए इस प्रकार



के आयोजनों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान लालकेश्वर यादव ने प्रस्तुति के माध्यम से स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली के कारण बढ़ रही बीमारियों और उनके समाधान के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, स्वास्थ्य समस्याओं से उबर चुके कुछ लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक किया।कार्यक्रम का संयोजन बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया, जिन्होंने आयोजन की रूपरेखा को सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने किया। तकनीकी सहयोग प्रवीण कुमार दुबे द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

# गौसंरक्षण से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के महाराजगंज रोड स्थित कुंडा हाउस में गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के गौभक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम विकास सिंह, प्रसिद्ध गौभक्त संतोष कुमार सिंह, भारतीय सेवा दल के विभांशु मिश्र रौशन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वास्तु विहार सोसायटी से मनोज एवं राम प्रकाश की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में गौसंरक्षण से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी 27 अप्रैल को प्रत्येक अनुमंडल में कम से कम 11 हजार हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया गया।

# चैत्र नवरात्रि को लेकर माहौल भक्तिमय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रामनवमी के अवसर पर शहर के ब्लॉक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में श्री रामनवमी पूजा समिति द्वारा नवाह पारायण महायज्ञ का भव्य एवं श्रद्धामय शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत पारंपरिक जल भरी यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जल भरी यात्रा अखाड़ा परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचे, जहां से पवित्र जल भरकर पुनः शिव मंदिर प्रांगण लौटे। मंदिर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के



बीच कलश स्थापना की गई और यज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और भक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिली। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह नवाह पारायण महायज्ञ आगामी रामनवमी तक निरंतर चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन संध्या 7 बजे अयोध्या से पधारे प्रख्यात कथावाचक डॉ. मनोहर मिश्र द्वारा राम कथा एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। प्रवचन में भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति होगी। आयोजन को लेकर पूरे इलाके में खासा उत्साह है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, संस्कृति और आस्था को मजबूत करते हैं। इस महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, संयोजक शशांक शेखर 'आंसू', उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जुगनू, सोनू, राकेश, प्रदीप, पप्पू, तुसी, रंजन, विशाल, जितेंद्र, सचिन, मुकेश, विवेक, प्रिंस सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य आयोजन में भाग लेने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# चयनित छात्रों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मिलेगा अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आज आम्रपाली कला केंद्र में जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में गणित विषय के प्रति रुचि विकसित करना, उनकी तार्किक क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर उपस्थित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान अमृतेश आर्यन एवं सहायक साधन सेवी उमेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गणित ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने छात्रों को निरंतर अध्ययन एवं



अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों की तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल एवं गणितीय दक्षता का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) ने बताया कि शिक्षा विभाग, बिहार एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बिहार दिवस के अंतर्गत इस जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को दो वर्गों बालक एवं बालिका में आयोजित किया गया। दोनों वर्गों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में औरंगाबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर भाग लेंगे जबकि द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 22 मार्च को देव में जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को एक सशक्त मंच प्रदान किया जा रहा है जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें तथा उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

# हत्यारोपित के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने युट्यूबर रंजीत पासवान के हत्या आरोपी विनय सिंह के घर पर गुरुवार को विधिवत इश्तेहार चिपकाया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि 19 मार्च 2025 को संडा - मटपा रोड में कंठी बिगहा मोड़ के समीप रंजीत पासवान की हत्या हुई थी। मामले में मृतक की मां विमला कुंवर ने जमुआं गांव निवासी विनय कुमार सिंह, सिंटू कुमार सिंह एवं चीकू कुमार सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया था। घटना के बाद से विनय सिंह फरार थे। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है। बावजूद यदि अभियुक्त आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कुर्क जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

# बिजली चोरी में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए बिजली विभाग का छापेमारी अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को शहर के विभिन्न मोहल्लों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान चार लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया, जिन पर प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडी अस्पताल के पीछे निवासी पंचम कुमार सिंह पर 1,01,705 का जुर्माना लगाया गया है। वहीं महाराणा प्रताप नगर के गौतम सिंह पर 5,66,574, चितौड़ नगर की मोती देवी पर 64,113 तथा कुशवाहा नगर की सुनैना देवी पर 8,223 का जुर्माना निर्धारित किया गया है। बिजली विभाग के अभियंता द्वारा सभी आरोपियों के खिलाफ नगर थाना में आवेदन समर्पित किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है जिसके तहत लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। बिना कनेक्शन या मीटर बायपास कर बिजली का इस्तेमाल करना दंडनीय अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विभिन्न मामलों में 11 लोग गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 11 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो एक्ट में 11, दहेज हत्या में 4, हत्या के प्रयास में 1, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 35 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 25.20 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1189 वाहनों की जांच की गई जिसमें 106000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 19 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। किसी भी कीमत पर कानून के विरुद्ध कोई एक्टिविटी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून पुलिस द्वारा एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया है। मामले में दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान भोजपुर जिला निवासी राज कुमार सिंह एवं पटना जिला के पीरबहोर थाना क्षेत्र के गांधी मैदान निवासी सोनू कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया मादक पदार्थों के खिलाफ चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप एक कार से 251.250 लीटर विदेशी शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं देव पुलिस द्वारा आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दंपत्ति की पहचान थाना क्षेत्र के बेढ़नी गांव निवासी गोपाल एवं उसकी पत्नी सविता देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार को आपसी विवाद में मारपीट के दौरान तीन लोग जख्मी हो गए थे। इस संबध में पीड़ित राजनाथ भगत के अनुसार गांव के ही अशोक भगत, गोपाल भगत, बॉबी कुमार, सुनीता देवी, निशु कुमारी एवं गोल्डी कुमारी के द्वारा लाठी डंडे से हमारे ऊपर वार किया। इस घटना में तीन लोग जख्मी हो गए। शोर मचाने पर ग्रामीणों के बीच बचाव में विवाद को सुलझाया गया। थानाध्यक्ष कुमार विकास ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट के एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269




# विश्व गौरैया दिवस

विश्व गौरैया दिवस हमें उस छोटे किन्तु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी गौरैया की याद दिलाता है, जो कभी हमारे घरों, आँगनों और खेतों में सहज रूप से दिखाई देती थी। गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं है, बल्कि हमारे पर्यावरणीय संतुलन की एक अनिवार्य कड़ी है। दुर्भाग्यवश शहरीकरण, प्रदूषण, आधुनिक जीवनशैली और प्राकृतिक आवास के नष्ट होने के कारण इसकी संख्या में निरंतर कमी आई है। इनके संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक है। इस पक्षी की याद में प्रति वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है।

गौरैया हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत उपयोगी पक्षी है। यह कीट नियंत्रण में सहायक होती है, फसलों की रक्षा करती है और हमारे परिवेश को जीवंत बनाती है। इसकी चहचहाहट हमारे जीवन में आनंद और शांति का संचार करती है। यदि गौरैया जैसी प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव हमारे पर्यावरण पर पड़ेगा। विश्व गौरैया दिवस हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम अपने जीवन में पर्यावरणीय चेतना को पुन: जागृत करें। गौरैया का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम अपने घरों और बगीचों में पक्षियों के लिए पानी और दाना उपलब्ध कराएं, यदि हम वृक्षारोपण को बढ़ावा दें और प्राकृतिक आवास की रक्षा करें, यदि हम अपने परिवेश को स्वच्छ और सुरक्षित बनाएं, तो गौरैया की संख्या में वृद्धि संभव है।

गौरैया हमारे लोकगीतों, कहानियों और परंपराओं में भी स्थान रखती है। इसकी उपस्थिति हमारे सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न अंग है। जब हम गौरैया को बचाने का संकल्प लेते हैं, तो हम केवल एक पक्षी को नहीं बचाते, बल्कि अपनी संस्कृति, अपनी स्मृतियों और अपने पर्यावरण को भी सुरक्षित करते हैं। अत: इसका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक जिम्मेदारी भी है।

**जोहार !**



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR-375667 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड